"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी.2-22-छत्तीसगढ़ गजट / 38 सि. से. भिलाई. दिनांक 30-05-2001."

पंजीयन क्रमांक
"छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2013-2015."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

(असाधारण)
प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 181] नवा रायपुर, सोमवार, दिनांक 13 अप्रैल 2026 — चैत्र 23, शक 1948

श्रम विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर

नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 10 अप्रैल 2026

सूचना

No.-RULE-503/4/2026-LABOUR.— यतः, औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 (2020 का 35) की धारा 99 के अधीन यथा अपेक्षित आपत्तियां और सुझाव आमंत्रित करने हेतु औद्योगिक संबंध (छत्तीसगढ़) नियम, 2022 के प्रारूप को छत्तीसगढ़ के राजपत्र, असाधारण अधिसूचना क्रमांक एफ 10–05/ 2021/16, दिनांक 25 मई 2021 के माध्यम से प्रकाशित किया गया था।

और यतः, भारत सरकार द्वारा अधिसूचना संख्या एस.ओ. 5320 (पाँच), दिनांक 21 नवम्बर 2025 जो भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग–II, धारा 3, उप–धारा (दो) में प्रकाशित हुई है, के द्वारा औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 (2020 का 35) के सभी प्रावधानों को प्रभाव में लाया गया है।

अतएव अब, राज्य शासन, औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 (2020 का 35) की धारा 99 की उप–धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग मे लाते हुए तथा राज्य शासन द्वारा निर्मित–

(एक) छत्तीसगढ़ औद्योगिक विवाद नियम, 1957
(दो) छत्तीसगढ़ व्यावसायिक संघ विनियम, 1961
(तीन) छत्तीसगढ़ औद्योगिक नियोजन (स्थायी आदेश) नियम, 1963

के अधिक्रमण में तथा औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 की धारा 104 द्वारा निरसित होने वाले औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14), व्यावसायिक संघ अधिनियम, 1926 (1926 का 16) तथा छत्तीसगढ़ औद्योगिक नियोजन (स्थायी आदेश) अधिनियम, 1961 (1961 का 26) यथास्थिति, ऐसे अधिक्रमण से पूर्व किए जाने वाले कार्यों को अथवा किए जाने को छोड़कर, निम्न प्रारूप नियमों को एतद् द्वारा, जो उक्त धारा 99 की उप–धारा (1) द्वारा अपेक्षित अनुसार इससे प्रभावित होने की संभावना वाले सभी व्यक्तियों को सूचनार्थ अधिसूचित करती है एतदद्वारा सूचना दी जाती है कि उक्त प्रारूप अधिसूचना पर, छत्तीसगढ़ राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से तीस दिनों की अवधि की समाप्ति के पश्चात् विचार किया जाएगा।

आपत्तियां और सुझाव, यदि कोई हो, अवर सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, श्रम विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर को प्रेषित किया जा सकता है। आपत्तियों और सुझावों को एक प्रारूप में भेजा जाना चाहिए, जिसमें कॉलम (एक) में व्यक्ति/संगठन का नाम और पता निर्दिष्ट करना होगा, कॉलम (दो) में उस नियम या उप–नियम को निर्दिष्ट करना होगा, जिसे संशोधित किया जाना है और कॉलम (तीन) में संशोधित नियम या उप–नियम को प्रतिस्थापित करने का प्रस्ताव और कॉलम (चार) में उसके कारण निर्दिष्ट करने होंगे।

उपर्युक्त अवधि की समाप्ति से पहले उक्त प्रारूप अधिसूचना के संबंध में किसी भी व्यक्ति या संगठन से प्राप्त होने वाली आपत्तियों और सुझावों पर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा विचार किया जाएगा।

प्रारूप नियम

अध्याय–एक

प्रारंभिक

1. **संक्षिप्त नाम, विस्तार तथा प्रारंभ.**– (1) ये नियम **औद्योगिक संबंध (छत्तीसगढ़) नियम, 2026** कहलायेंगे।

(2) इनका विस्तार, ऐसी स्थापनाओं और उनसे संबंधित मामलों के संबंध में संपूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य में होगा, जिसके लिए राज्य सरकार, समुचित सरकार होगी।

(3) ये नियम राजपत्र में इनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

2. **परिभाषाएं.**– (1) इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, –

(क) **"संहिता"** से अभिप्रेत है औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 (2020 का सं. 35);

(ख) **"इलेक्ट्रॉनिक रूप से"** से अभिप्रेत है संहिता के प्रयोजनार्थ कोई सूचना, जिसे ई–मेल द्वारा प्रस्तुत किया गया हो अथवा जिसे अभिहित पोर्टल पर अपलोड किया गया हो अथवा किसी भी रूप में डिजिटल भुगतान किया गया हो;

(ग) "प्ररूप" से अभिप्रेत है इन नियमों की अनुसूची में संलग्न प्ररूप;

(घ) **"धारा"** से अभिप्रेत है संहिता की धारा।

(2) इन नियमों में प्रयुक्त ऐसे शब्द और अभिव्यक्तियां, जो परिभाषित नहीं है, किन्तु संहिता में परिभाषित है, उनके वही अर्थ होंगे, जो संहिता में उनके लिये समनुदेशित किये गए हैं।

3. **संहिता की धारा 2 के खण्ड (यझ) के तहत् समझौता ज्ञापन.**– (1) सुलह की कार्यवाही के दौरान किया गया समझौता या नियोक्ता और कर्मचारी के बीच अन्यथा हुआ समझौता **प्ररूप–एक** में होगा।

(2) समझौते पर हस्ताक्षर किए जाएंगे.–

(क) नियोक्ता द्वारा या उसके प्राधिकृत अभिकर्ता द्वारा या जहाँ नियोक्ता कोई निगमित कंपनी या अन्य निगमित निकाय है, वहाँ ऐसी कंपनी या ऐसे अन्य निगमित निकाय के अभिकर्ता, प्रबंधक या अन्य प्रधान अधिकारी द्वारा; और

(ख) कामगारों की ओर से, व्यावसायिक संघ के निम्नलिखित किसी पदाधिकारियों द्वारा, अर्थात् :–

(एक) अध्यक्ष; या

(दो) उपाध्यक्ष; या

(तीन) सचिव (महासचिव सहित); या

(चार) संयुक्त सचिव; या

(पांच) व्यावसायिक संघ का कोई अन्य पदाधिकारी जिसे संघ के अध्यक्ष और सचिव द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत किया गया हो, या

(छः) इस प्रयोजन के लिए, आयोजित कामगारों की बैठक में इस संबंध में विधिवत् प्राधिकृत कामगारों के पांच प्रतिनिधि।

(3) किसी कामगार और नियोक्ता के बीच औद्योगिक विवाद की स्थिति में, समझौते पर नियोक्ता और संबंधित कामगार द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे।

(4) जहाँ सुलह की कार्यवाही के दौरान समझौता हो जाता है, वहाँसुलह अधिकारी, विवाद के पक्षकारों द्वारा हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन की एक प्रति के साथ श्रमायुक्त को इसकी रिपोर्ट भेजेगा।

(5) जहाँ नियोक्ता और उसके कामगार के बीच, सुलह की कार्यवाही की प्रक्रिया के अलावा किसी अन्य तरीके से समझौता हो जाता है, तो समझौते के पक्षकार संयुक्त रूप से उसकी एक प्रति इलेक्ट्रॉनिक रूप से या स्पीड पोस्ट या पंजीकृत डाक द्वारा श्रम आयुक्त और संबंधित सुलह अधिकारी को भेजेंगे।

(6) सुलह अधिकारी अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में औद्योगिक विवादों के संबंध में संहिता के अंतर्गत किए गए सभी समझौतों को इलेक्ट्रॉनिक रूप से या अन्यथा बनाए गए रजिस्टर में दर्ज करेगा।

(7) उप–नियम (6) में निर्दिष्ट रजिस्टर में क्रम संख्या, उद्योग का नाम, समझौते के पक्षकार, समझौते की तारीख, टिप्पणियां और यह जानकारी कि क्या समझौता, सुलह अधिकारी के हस्तक्षेप के बाद या आपसी बातचीत से हुआ था, सहित ब्यौरे शामिल होंगे:

परंतु समझौते पर सुलह अधिकारी के हस्ताक्षर आवश्यक नहीं होंगे, जहाँ समझौते का करार, सुलह के बाहर किया गया हो;

परंतु यह और कि इस नियम की कोई बात किसी कामगार या कामगारों या व्यावसायिक संघ और किसी नियोक्ता के बीच पारस्परिक रूप से सहमत शर्तों पर समझौते को प्रतिषिद्ध नहीं करेगी और ऐसा समझौता **प्ररूप–एक** के अलावा किसी अन्य प्रारूप में हो सकता है।

अध्याय–दो
द्वि–पक्षीय मंच

4. संहिता की धारा 3 के तहत् कार्य समिति, इसका गठन और उससे संबंधित मामले.–

(1) **कार्यसमिति का गठन** : प्रत्येक नियोक्ता, जिसके संबंध में धारा 3 की उप–धारा (1) के अधीन आदेश किया गया है, नियोक्ता और कामगारों के बीच सौहार्द्र और अच्छे संबंधों को सुरक्षित और संरक्षित करने के लिये उपाय करने और इस उद्देश्य से, इस नियम में विनिर्दिष्ट तरीके से, सामान्य हित या सरोकार के मामलों पर टिप्पणी करने के लिए, तत्काल एक

कार्य समिति (यहां इसके पश्चात् इस नियम में समिति के रूप में संदर्भित) का गठन करेगा।

(2) **सदस्यों की संख्या** : (एक) समिति के सदस्यों की संख्या इस प्रकार निर्धारित की जाएगी कि औद्योगिक स्थापना में और उसके अनुभागों, दुकानों या विभागों में लगे कामगारों की विभिन्न श्रेणियों, समूहों और वर्गों को प्रतिनिधित्व मिल सके।

(दो) समिति के सदस्यों की कुल संख्या बीस से अधिक नहीं होगी।

(तीन) समिति में कामगारों के प्रतिनिधियों की संख्या, उसमें नियोक्ता के प्रतिनिधियों की संख्या से कम नहीं होगी:

परंतु जिस औद्योगिक स्थापना में महिला कामगार नियोजित हैं, वहाँ कार्य समिति में महिला कामगारों का पर्याप्त प्रतिनिधित्व होगा और ऐसा प्रतिनिधित्व औद्योगिक स्थापना में नियोजित कुल कामगारों के अनुपात से कम नहीं होगा।

(3) **नियोक्ता का प्रतिनिधित्व** : इस नियम के उपबंधों के अध्यधीन, समिति में नियोक्ता के प्रतिनिधि, नियोक्ता द्वारा नामित किये जायेंगे और जहाँ तक संभव हो, वे औद्योगिक स्थापना के कामकाज से सीधे संपर्क में रहने वाले या उससे संबद्ध अधिकारी होंगे।

(4) **व्यावसायिक संघ के साथ परामर्श** : जहाँ औद्योगिक स्थापना के कामगार, किसी पंजीकृत व्यावसायिक संघ या व्यावसायिक संघों के सदस्य हैं, वहां नियोक्ता ऐसे पंजीकृत व्यावसायिक संघ या व्यावसायिक संघों से लिखित रूप में उसे सूचित करने के लिए कहेगा कि–

(क) ऐसे कामगारों की संख्या, जो पंजीकृत व्यावसायिक संघ या व्यावसायिक संघों के सदस्य हैं; और

(ख) यदि नियोक्ता के पास यह विश्वास करने का कारण है कि पंजीकृत व्यावसायिक संघ या व्यावसायिक संघों द्वारा उसे दी गई सूचना झूठी है, तो वह, ऐसे पंजीकृत व्यावसायिक संघ या व्यावसायिक संघों को सूचित करने के पश्चात् मामले को संबंधित जिले के सहायक श्रमायुक्त/श्रम पदाधिकारी को भेज सकता है, जो पक्षों को सुनने के बाद मामले का निर्णय करेगा और उसका निर्णय अंतिम होगा।

(5) **कर्मकार प्रतिनिधियों का समूह** : उप–नियम (4) के अधीन मांगी गई सूचना के प्राप्त होने पर नियोक्ता निम्नलिखित तरीके से समिति के लिए कर्मकार प्रतिनिधि के चयन की व्यवस्था करेगा, अर्थात् :–

(क) धारा 14 की उप–धारा (2) या उप–धारा (3) के अधीन वार्ताकारी संघ के मामले में ऐसा वार्ताकारी संघ समिति के लिए कर्मकार प्रतिनिधियों को नामित करेगा;

(ख) धारा 14 की उप–धारा (4) के अधीन वार्ताकारी परिषद के मामले में नामांकन इस प्रकार किया जाएगा कि वार्ताकारी परिषद में प्रतिनिधित्व करने वाले प्रत्येक पंजीकृत व्यावसायिक संघ का समिति

में प्रतिनिधित्व उस औद्योगिक स्थापना के उन कर्मकारों की संख्या के अनुपात में होगा जो ऐसे व्यावसायिक संघ के सदस्य हैं;

(ग) जहाँ खंड (क) और (ख) में निर्दिष्ट मान्यता प्राप्त कोई वार्ताकारी संघ या वार्ताकारी परिषद नहीं है, वहाँऔद्योगिक स्थापना के कामगार आपस में से समिति के कामगार प्रतिनिधियों का निर्वाचन करेंगे:

परंतु नियोक्ता, सूचना प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग, ऑनलाईन प्लेटफॉर्म या ऐसे अन्य प्लेटफॉर्म पर निर्वाचन प्रक्रिया का आयोजन करने के लिए एक इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफॉर्म परिनियोजित कर सकता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इस खण्ड के अंतर्गत समिति के कामगारों के प्रतिनिधियों का निर्वाचन कैसे किया जाएगा;

परंतु यह और कि जहाँ कोई पंजीकृत व्यावसायिक संघ उप–नियम (4) के अधीन मांगी गई सूचना, मांगे जाने की तारीख से एक माह के भीतर प्रस्तुत करने में असफल रहता है, तो ऐसे व्यावसायिक संघ को इस नियम के प्रयोजन के लिए ऐसे माना जाएगा, मानो वह अस्तित्व में ही न हो;

परंतु यह भी कि जहाँ नियोक्ता द्वारा उप–नियम (4) के अधीन कोई निर्देश दिया गया है, वहाँउससे संबंधित कर्मकार के प्रतिनिधि को चुनने की प्रक्रिया, संबंधित जिले के सहायक श्रमायुक्त/श्रम पदाधिकारी के निर्णय प्राप्त होने पर की जाएगी।

(6) **निर्वाचन क्षेत्र** : यदि नियोक्ता उचित समझे, तो यह निर्देश दे सकता है कि कामगार, समूहों, अनुभागों, दुकानों या विभागों के माध्यम से मतदान करेंगे।

(7) **निर्वाचन के लिए उम्मीदवारों की अर्हता** : कोई भी कामगार, जिसकी आयु उन्नीस वर्ष से कम न हो और जिसने औद्योगिक स्थापना में कम से कम एक वर्ष की सेवा की हो, यदि इस नियम में यथा उपबंधित, नामित किया गया हो, तो वह समिति के कामगार प्रतिनिधि के रूप में निर्वाचन के लिए उम्मीदवार हो सकता है:

परंतु ऐसी सेवा अर्हता किसी औद्योगिक स्थापना के प्रथम निर्वाचन पर लागू नहीं होगी, जो एक वर्ष से कम समय से अस्तित्व में है।

स्पष्टीकरण – इस उप–नियम के प्रयोजनों के लिए कोई कामगार, जिसने एक ही नियोक्ता के दो या अधिक औद्योगिक स्थापनाओं में कम से कम एक वर्ष तक निरन्तर सेवा की है, यह समझा जाएगा कि उसने इसमें विनिर्दिष्ट सेवा अर्हता पूरी कर ली है।

(8) **मतदाताओं के लिए अर्हता** : सभी कामगार, जिनकी आयु अठारह वर्ष से कम नहीं है और जिन्होंने औद्योगिक स्थापना में कम से कम छः महीने की निरंतर सेवा की है, समिति के कामगार प्रतिनिधि के निर्वाचन में मतदान करने के हकदार होंगे।

स्पष्टीकरण – इस उप–नियम के प्रयोजनों के लिए कोई कामगार, जिसने एक ही नियोक्ता के दो या अधिक औद्योगिक स्थापनाओं में कम से कम छः माह की निरंतर सेवा की है, यह समझा जाएगा कि उसने इसमें विनिर्दिष्ट सेवा अर्हता पूरी कर ली है।

(9) **निर्वाचन के लिए कार्यक्रम का निर्धारण** : (एक) नियोक्ता समिति के कामगार प्रतिनिधियों के रूप में निर्वाचन के लिए उम्मीदवारों से नामांकन प्राप्त करने की अंतिम तारीख निर्धारित करते समय अन्य अपेक्षित विवरणों के साथ नामांकन प्रस्तुत करने के लिए कम से कम तीन कार्य दिवसों की न्यूनतम समय अवधि प्रदान करेगा।

(दो) खंड (एक) में निर्दिष्ट निर्वाचन कराने के लिए नियोक्ता द्वारा निर्धारित तारीख नामांकन प्राप्त करने की अंतिम तारीख के तीन दिन से पहले और पंद्रह दिन के बाद नहीं होगी।

(तीन) उप–नियम (1) के अंतर्गत निर्धारित की गई निर्वाचन की तारीख, संबंधित कामगारों को कम में कम सात दिन पहले अधिसूचित की जाएगी और ऐसी सूचना, जिसमें निर्वाचित होने वाली सीटों की संख्या निर्दिष्ट की जाएगी, औद्योगिक स्थापना के नोटिस बोर्ड या इलेक्ट्रॉनिक नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाएगी और कामगारों के बीच पर्याप्त प्रचार किया जाएगा।

(10) **निर्वाचन के लिए उम्मीदवारों का नामांकन** : (एक) समिति में कामगार प्रतिनिधि के रूप में निर्वाचन के लिए प्रत्येक नामांकन, नियोक्ता द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले नामांकन पत्र पर किया जाएगा तथा नियोक्ता द्वारा उसकी प्रतियां आवश्यकता पड़ने पर कामगारों को उपलब्ध कराई जाएंगी।

(दो) उप–नियम (10) में निर्दिष्ट प्रत्येक नामांकन पत्र उस उम्मीदवार द्वारा हस्ताक्षरित किया जाएगा, जिससे वह संबंधित है और उस समूह, अनुभाग, दुकान या विभाग से संबंधित कम से कम दो अन्य मतदाताओं द्वारा सत्यापित किया जाएगा, जिसका प्रतिनिधित्व निर्वाचन चाहने वाला अभ्यर्थी करता है और उसे नियोक्ता को दिया जाएगा।

(11) **नामांकन पत्रों की जाँच** : (एक) नामांकन पत्र प्रस्तुत करने के लिए निर्धारित अंतिम दिन के अगले दिन, नियोक्ता द्वारा उम्मीदवारों और सत्यापन करने वाले व्यक्तियों की उपस्थिति में नामांकन पत्रों की जाँच की जाएगी और जो नामांकन वैध नहीं होंगे, उन्हें अस्वीकार कर दिया जाएगा।

(दो) किसी नामांकन पत्र को उप–नियम (11) के अधीन वैध नहीं माना जाएगा, यदि –

(क) नामित उम्मीदवार उप–नियम (7) के अधीन उम्मीदवार होने के लिए अपात्र है; या

(ख) उप–नियम (10) की अपेक्षाओं का अनुपालन नहीं किया गया है:

परंतु जहाँ कोई उम्मीदवार या सत्यापनकर्ता व्यक्ति, जाँच के समय उपस्थित होने में असमर्थ हो, तो वह इस प्रयोजन के लिए विधिवत् प्राधिकृत नामिती को भेज सकता है।

(12) **उम्मीदवार का नाम वापस लेना**: कोई भी उम्मीदवार, जिसका निर्वाचन के लिए नामांकन स्वीकार कर लिया गया है, नामांकन पत्रों की जाँच पूरी होने के 48 घंटे के भीतर अपना नाम वापस ले सकता है।

(13) **निर्वाचन में मतदान** : (एक) यदि समिति के कामगार प्रतिनिधि के रूप में निर्वाचन के लिए वैध रूप से नामांकित उम्मीदवारों की संख्या सीटों की संख्या के बराबर है, तो ऐसे उम्मीदवारों को तुरंत विधिवत निर्वाचित घोषित किया जाएगा।

(दो) जहाँ किसी औद्योगिक स्थापना में समिति के कामगार प्रतिनिधि के रूप में निर्वाचन के लिए वैध रूप से नामांकित उम्मीदवारों की संख्या, उसे आबंटित सीटों की संख्या से अधिक है, वहाँ मतदान निर्वाचन के लिए नियत दिन पर होगा।

(14) **समिति के पदाधिकारी** : (एक) समिति के पदाधिकारियों में एक अध्यक्ष, एक उपाध्यक्ष, एक सचिव और एक संयुक्त सचिव होगा।

(दो) नियोक्ता द्वारा समिति का अध्यक्ष समिति के नियोक्ता के प्रतिनिधियों में से नामित किया जाएगा और वह, जहाँ तक संभव हो, औद्योगिक प्रतिष्ठान का प्रमुख होगा।

(तीन) उपाध्यक्ष का निर्वाचन कामगारों का प्रतिनिधित्व करने वाली समिति के सदस्यों द्वारा अपने बीच से ही किया जाएगा :

परंतु उपाध्यक्ष के निर्वाचन में मत बराबर होने की स्थिति में मामले का निर्णय लॉटरी द्वारा किया जाएगा।

(चार) समिति के सचिव और संयुक्त सचिव का निर्वाचन प्रत्येक वर्ष किया जाएगा।

(पाँच) समिति सचिव और संयुक्त सचिव का निर्वाचन करेगी, बशर्ते कि यदि सचिव का निर्वाचन नियोक्ताओं के प्रतिनिधियों में से किया जाता है, तो संयुक्त सचिव का निर्वाचन कामगारों के प्रतिनिधियों में से किया जाएगा और इसके विपरीत भी:

परंतु, सचिव या संयुक्त सचिव का पद, यथास्थिति, नियोक्ता या कामगारों के किसी प्रतिनिधि द्वारा लगातार तीन वर्षों तक धारण नहीं किया जाएगा;

परंतु यह और कि नियोक्ता के प्रतिनिधि, सचिव या संयुक्त सचिव, यथास्थिति, के निर्वाचन में भाग नहीं लेंगे और केवल कामगारों के प्रतिनिधि ही सचिव या संयुक्त सचिव के पद के लिए निर्वाचन में मतदान करने के हकदार होंगे:

परंतु यह भी कि इस उप–नियम के अधीन निर्वाचन में मतों की बराबरी की स्थिति में, मामले का निर्णय लॉटरी द्वारा किया जाएगा।

(15) **पदावधि** : (एक) आकस्मिक रिक्ति को भरने के लिए चुने गए सदस्य को छोड़कर समिति के शेष सदस्यों का कार्यकाल तीन वर्ष होगा।

(दो) आकस्मिक रिक्ति को भरने के लिए चुना गया प्रत्येक सदस्य अपने पूर्ववर्ती कार्यकाल की शेष अवधि के लिए पद धारण करेगा।

(तीन) यदि कोई सदस्य समिति से अनुमति प्राप्त किए बिना समिति की लगातार तीन बैठकों में उपस्थित नहीं होता है तो उसकी सदस्यता निरस्त कर दी जाएगी।

(16) **रिक्तियां** : यदि कामगार का प्रतिनिधि, उप–नियम (15) के खंड (तीन) के अधीन सदस्य नहीं रह जाता है या औद्योगिक प्रतिष्ठान में नियोजित नहीं रहता है या उसके त्यागपत्र, मृत्यु या अन्यथा की स्थिति में, समिति की शेष अवधि के लिए इस नियम के उपबंधों के अनुसार उसके उत्तराधिकारी का चयन उसी समूह से किया जाएगा, जिससे पद खाली करने वाला सदस्य संबंधित था।

(17) **सहयोजित करने की शक्ति** : समिति को, परामर्शी क्षमता में चर्चा के अधीन किसी मामले का विशेष या विशिष्ट ज्ञान रखने वाले औद्योगिक प्रतिष्ठान में नियोजित व्यक्तियों को सहयोजित करने का अधिकार होगा और ऐसा सहयोजित सदस्य वोट देने का हकदार नहीं होगा और केवल उस अवधि के लिए बैठकों में उपस्थित रहेगा, जिसके दौरान विशेष प्रश्न समिति के समक्ष हो।

(18) **बैठकें** : (एक) समिति आवश्यकतानुसार जितनी बार चाहे, उतनी बार बैठक कर सकेगी, किन्तु तीन माह में एक बार से कम नहीं होगी।

(दो) समिति अपनी पहली बैठक में अपनी स्वयं की प्रक्रिया विनियमित करेगी।

(19) **बैठकों आदि के लिए सुविधाएं** : (एक) नियोक्ता समिति की बैठकें आयोजित करने के लिए आवास उपलब्ध कराएगा तथा समिति और उसके सदस्यों को समिति का कार्य संचालित करने के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध कराएगा।

(दो) समिति की बैठक, सामान्यतः किसी भी कार्य दिवस पर संबंधित औद्योगिक प्रतिष्ठान के कार्य समय के दौरान होगी तथा बैठक में उपस्थित होने पर कामगारों के प्रतिनिधियों को ड्यूटी पर माना जाएगा।

(तीन) समिति का सचिव, अध्यक्ष की पूर्व सहमति से, औद्योगिक प्रतिष्ठान के नोटिस बोर्ड पर समिति के कार्यों के संबंध में सूचना लगायेगा।

(20) **वार्षिक विवरणी** : नियोक्ता, व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य स्थिति दशाएं, 2020 (2020 का 37) के अधीन इस संबंध में बनाए गए नियमों में प्रदान की गई एकीकृत वार्षिक विवरणी में समिति के गठन और कामकाज का विवरण प्रस्तुत करेगा।

(21) **कार्य समिति का विघटन** : श्रमायुक्त या उसकी ओर से प्राधिकृत अधिकारी ऐसी जाँच करने के पश्चात् जैसा वह उचित समझे, किसी भी समिति को किसी भी समय लिखित रूप में कारण दर्ज करके एक आदेश द्वारा, यह समाधान हो जाने पर भंग कर सकेगा कि समिति का गठन इस नियम के उपबंधों के अनुसार नहीं किया गया है या कामगारों के प्रतिनिधियों की संख्या के कम से कम दो–तिहाई सदस्य बिना किसी उचित औचित्य के

समिति की लगातार तीन बैठकों में उपस्थित होने में विफल रहे हैं या समिति ने किसी अन्य कारण से कार्य करना बंद कर दिया है:

परंतु, जहाँ समिति इस उप–नियम के अधीन विघटित कर दी जाती है, वहाँनियोक्ता और यदि ऐसा अपेक्षित हो, श्रमायुक्त या उसकी ओर से प्राधिकृत अधिकारी द्वारा इस नियम के अनुसार समिति का पुनर्गठन करने के लिए कदम उठा सकेगी।

5. **शिकायत निवारण समिति के लिए नियोक्ताओं और कामगारों में से सदस्यों का चयन** –(1) बीस या अधिक कामगारों को नियोजित करने वाले औद्योगिक प्रतिष्ठान में शिकायत निवारण समिति (यहां इसके पश्चात् इस नियम में शिकायत समिति के रूप में संदर्भित) नियोक्ता और कामगारों का प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्यों की समान संख्या से मिलकर बनेगी, जो दस से अधिक नहीं होगी।

(2) शिकायत समिति में नियोक्ता के प्रतिनिधि नियोक्ता द्वारा नामित किए जाएंगे और जहाँ तक संभव हो, वे औद्योगिक प्रतिष्ठान के कामकाज से सीधे संपर्क में रहने वाले या उससे संबद्ध अधिकारी, अधिमानतः औद्योगिक प्रतिष्ठान के प्रमुख विभागों के प्रमुख होंगे।

(3) शिकायत समिति में कामगार प्रतिनिधि का चयन निम्नलिखित तरीके से किया जाएगा, अर्थात् :–

(क) जहाँ धारा 14 की उप–धारा (2) या उप–धारा (3) के अधीन कोई वार्ताकारी संघ है, वहां, यथास्थिति, ऐसा वार्ताकारी संघ या वार्ताकारी परिषद्, शिकायत समिति में कामगार के प्रतिनिधियों को नामित करेगा;

(ख) धारा 14 की उप–धारा (4) के अधीन वार्ताकारी परिषद के मामले में, नामांकन इस प्रकार किया जाएगा कि वार्ताकारी परिषद में प्रतिनिधित्व करने वाले प्रत्येक पंजीकृत व्यावसायिक संघ का प्रतिनिधित्व, शिकायत समिति में औद्योगिक प्रतिष्ठान के उन कामगारों की संख्या के अनुपात में होगा जो ऐसे व्यावसायिक संघ के सदस्य हैं,

(ग) जहाँ खंड (क) और (ख) में निर्दिष्ट कोई मान्यता प्राप्त वार्ताकारी संघ या वार्ताकारी परिषद नहीं है, वहाँऔद्योगिक प्रतिष्ठान के कामगार आपस में से शिकायत समिति के कामगार प्रतिनिधियों का चयन करेंगे:

परंतु, नियोक्ता इस खंड के अंतर्गत कामगार प्रतिनिधियों को चुनने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी एप्लीकेशन, ऑनलाइन प्लेटफार्म या ऐसे अन्य इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफार्म नियोजित कर सकता है;

परंतु यह और कि शिकायत समिति में महिला कामगारों का पर्याप्त प्रतिनिधित्व होगा और ऐसा प्रतिनिधित्व औद्योगिक प्रतिष्ठान में नियोजित कुल कामगारों के अनुपात से कम नहीं होगा।

(4) शिकायत समिति के सदस्यों का कार्यकाल तीन वर्ष का होगा।

(5) जहाँ कोई मान्यता प्राप्त वार्ताकारी संघ या वार्ताकारी परिषद नहीं है और यदि शिकायत समिति में कामगार के प्रतिनिधि के चयन के संबंध में कोई विवाद उत्पन्न होता है, तो मामला संबंधित जिले के सहायक श्रमायुक्त/श्रम पदाधिकारी को भेजा जा सकता है, जो पक्षों को सुनने के पश्चात मामले का निर्णय करेगा, जिसका निर्णय अंतिम होगा।

6. **संहिता की धारा 4 की उपधारा (5) के अंतर्गत किसी विवाद के संबंध में पीड़ित कर्मचारी द्वारा शिकायत निवारण समिति के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया जाना—**

(1) कोई भी पीड़ित कर्मचारी अपनी शिकायत और विवाद का उल्लेख करते हुए शिकायत निवारण समिति के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर सकता है, जिसमें उसका नाम, पदनाम, कर्मचारी कोड या टोकन नंबर, विभाग जहाँ वह तैनात है, उसकी सेवा की अवधि (वर्षों में), कर्मचारी की श्रेणी, पत्राचार के लिए पता, संपर्क नंबर, शिकायतों का ब्यौरा और उसके लिए मांगी गई राहत का विवरण दिया गया हो।

(2) उप–नियम (1) में संदर्भित आवेदन, इलेक्ट्रॉनिक तरीके से या किसी और तरीके से भेजा जा सकता है।

(3) उप–नियम (1) में संदर्भित आवेदन, ऐसे विवाद का कारण बनने की तारीख से एक वर्ष के अंदर प्रस्तुत किया जाएगा।

7. **संहिता की धारा 4 की उपधारा (8) के अंतर्गत शिकायत निवारण समिति के निर्णय के विरुद्ध सुलह अधिकारी को शिकायत के समाधान हेतु आवेदन प्रस्तुत करने का रीति** – कोई भी कर्मचारी जो शिकायत निवारण समिति के निर्णय से व्यथित है या जिसकी शिकायत का समाधान उक्त समिति द्वारा आवेदन प्राप्त होने के तीस दिनों के भीतर नहीं किया जाता है, वह श्रम विभाग के विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन या पंजीकृत डाक या स्पीड पोस्ट द्वारा या व्यक्तिगत रूप से, शिकायत निवारण समिति के निर्णय की तारीख से साठ दिनों की अवधि के भीतर या उस तारीख से जिसको धारा 4 की उप–धारा (6) में निर्दिष्ट अवधि समाप्त होती है, यथास्थिति, उस व्यावसायिक संघ के माध्यम से सुलह अधिकारी को आवेदन प्रस्तुत कर सकता है, जिसका वह सदस्य है:

परंतु, पंजीकृत डाक या स्पीड पोस्ट या व्यक्तिगत रूप से ऐसे आवेदन की मैन्युअल प्राप्ति के मामले में, सुलह अधिकारी इसे डिजिटाइज़ करेगा और व्यवासायिक संघ और कर्मचारी को सूचना देते हुए आवेदन के विवरण को ऑनलाइन प्रणाली में दर्ज करेगा।

अध्याय–तीन

व्यावसायिक संघ

8. **संहिता की धारा 8 एवं 9 के अंतर्गत व्यावसायिक संघ का पंजीयन एवं उनका निरस्तीकरण.**–(1) **पंजीयन हेतु आवेदन का प्ररूप.**– व्यावसायिक संघ के पंजीयन हेतु प्रत्येक आवेदन, **प्ररूप–दो** में इलेक्ट्रॉनिक रूप से जमा किए गये शुल्क

या शुल्क की पावती एवं ऐसे अन्य दस्तावेजों की पावती जो उक्त संहिता की धारा 9 के अंतर्गत अपेक्षित है, के साथ इलेक्ट्रॉनिक या अन्य रूप से, प्रस्तुत किया जाएगा।

(2) आवेदक द्वारा उप–नियम (1) के अंतर्गत पंजीयन और पंजीयन के निरस्तीकरण के लिए जमा किए गए आवेदन के साथ एक शपथ पत्र **प्ररूप–तीन** में संलग्न किया जाएगा।

(3) **आवेदन के लिए अधिकारिता (प्राधिकार) को सिद्ध करने हेतु प्रमाण.**– व्यावसायिक संघ के पंजीयन हेतु आवेदन पर पंजीयक, आवेदक से ऐसे प्रमाण की मांग कर सकेगा, जो उसे यह दर्शित करने के लिए आवश्यक है कि आवेदक को व्यावसायिक संघ की ओर से आवेदन करने की सम्यक् अधिकारिता है और यह कि **प्ररूप–चार** में दिए गये अन्य विवरण सही हैं।

(4) **पंजीयन हेतु शुल्क.**– व्यावसायिक संघ के पंजीयन हेतु देय शुल्क पांच सौ रूपये अथवा राज्य शासन द्वारा समय–समय पर अधिसूचना द्वारा निर्धारित अनुसार होगा और इलेक्ट्रॉनिक रूप से भुगतान किया जायेगा या राज्य शासन के समुचित लेखा शीष में जमा किया जायेगा।

(5) **पंजी का प्ररूप.**– पंजीयक द्वारा व्यावसायिक संघों का पंजी, इलेक्ट्रॉनिक या अन्य रूप से **प्ररूप–चार** में संधारित किया जाएगा।

(6) **प्रमाण पत्र का प्ररूप.**– आवेदन के साथ दी गई जानकारी एवं विवरण के पंजीयक द्वारा या तो स्वयं अथवा उसके द्वारा अधिकृत किसी अन्य अधिकारी द्वारा सम्यक् सत्यापन के पश्चात्, सही पाये जाने पर, **प्ररूप–पांच** में पंजीयन प्रमाण पत्र इलेक्ट्रॉनिक या अन्य रूप से जारी किया जाएगा। आवेदन प्राप्त होने के तीस दिवस के भीतर पंजीयक द्वारा प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। यदि तीस दिवस के भीतर पंजीयक द्वारा ऐसे आवेदन पर कोई निर्णय नहीं लिया जाता है और उसे इलेक्ट्रॉनिक रूप से या पंजीकृत डाक से या त्वरित डाक (स्पीड पोस्ट) से संसूचित नहीं किया जाता है, तो पंजीयन को जारी कर दिया गया माना जाएगा।

(7) **पंजीयन के प्रमाणपत्र की निकासी और निरस्तीकरण हेतु आवेदन का प्ररूप.**– व्यावसायिक संघ द्वारा पंजीयन के प्रमाण पत्र की निकासी या निरस्तीकरण हेतु प्रत्येक आवेदन, पंजीयक को **प्ररूप–छः** में इलेक्ट्रॉनिक रूप से या पंजीकृत डाक से या त्वरित डाक (स्पीड पोस्ट) से, रू. एक सौ के शुल्क की पावती के साथ अथवा शासन द्वारा समय–समय पर अधिसूचना द्वारा निर्धारित अनुसार, भेजा जा सकेगा एवं राज्य शासन के समुचित लेखा शीष में इलेक्ट्रॉनिक या अन्य रूप से भुगतान किया जाएगा। पंजीयक आवेदकों से ऐसा साक्ष्य मांग सकता है, जो यह प्रदर्शित करने के लिये आवश्यक हो कि आवेदक, ऐसा आवेदन प्रस्तुत करने के लिये व्यावसायिक संघ की ओर से सम्यक् रूप से अधिकृत है।

(8) **आवेदन का सत्यापन और मान्यता.**– पंजीयक, किसी व्यावसायिक संघ के पंजीयन, निकासी अथवा पंजीयन के निरस्तीकरण के लिये आवेदन प्राप्त होने पर, ऐसे आवेदन को मान्यता देने के पूर्व, यह सत्यापित करेगा कि यह आवेदन, व्यावसायिक संघ की सामान्य सभा में अनुमोदित किया गया है अथवा यदि यह इस तरह अनुमोदित नहीं किया गया है कि यह व्यावसायिक

संघ के सदस्यों के बहुमत द्वारा अनुमोदित हो। इस प्रयोजन के लिए पंजीयक, इसके सत्यापन हेतु यथोचित विवरण की मांग कर सकता है।

9. **संहिता की धारा 7 की उप–धारा (च) एवं धारा 15 की उप–धारा (4) के अंतर्गत व्यावसायिक संघों को सदस्यों द्वारा अंशदान का भुगतान.–**

(1) पंजीकृत व्यावसायिक संघ अपने सदस्य, पदाधिकारी एवं अन्य से, पंजीयक द्वारा अनुमोदित नियमों में उपबंधित अनुसार मासिक, त्रैमासिक, छः माही, और वार्षिक रूप से, ऐसी राशि को, जो कि उप–नियम (2) में विहित की गई है, अंशदान के रूप में ले सकते हैं।

(2) व्यावसायिक संघ के सदस्यों द्वारा न्यूनतम अंशदान का भुगतान, जो कि निम्नलिखित से कम नहीं होगा :–

(क) असंगठित क्षेत्र के कर्मकारों के लिए एक सौ रूपये प्रति वर्ष; और

(ख) किसी अन्य के मामले में, कामगारों के लिए दो सौ रूपये प्रति वर्ष या राज्य शासन द्वारा समय–समय पर अधिसूचना द्वारा निर्धारित राशि।

10. **संहिता की धारा 10 के अंतर्गत पंजीयन न करने या पंजीयन के निरस्तीकरण के विरूद्ध अपील.–** किसी व्यथित व्यक्ति द्वारा पंजीयक के आदेश के विरूद्ध अपील, ऐसे अपील का कारण उल्लेखित कर आवेदन प्रस्तुत करते हुए, पंजीयक के आदेश की प्रमाणित प्रति के साथ, ऐसे आदेश की प्राप्ति के साठ दिवस के भीतर, औद्योगिक अधिकरण के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा।

11. **संहिता की धारा 11 के अंतर्गत पंजीयक द्वारा व्यावसायिक संघों को और व्यावसायिक संघ द्वारा पंजीयक को पंजीयन के विवरण में किसी परिवर्तन की संसूचना.–** (1) पंजीकृत व्यावसायिक संघों को समस्त संसूचनाएं और सूचनाएं, पंजीयक द्वारा अनुमोदित डाक पते एवं पंजीयक द्वारा संधारित पंजी में यथादर्शित ईमेल पते पर, इलेक्ट्रॉनिक रूप से या अन्यथा, भेजी जायेंगी।

(2) पंजीकृत व्यावसायिक संघ द्वारा व्यावसायिक संघ के विवरण में या इनके नियमों में या पदाधिकारियों में किसी परिवर्तन अथवा उसके सदस्यों की संख्या दस प्रतिशत या एक सौ से कम होने, जो भी कम हो, के संबंध में सभी संसूचना या सूचना, पंजीयक को इलेक्ट्रॉनिक रूप से अथवा पंजीकृत डाक अथवा त्वरित डाक (स्पीड पोस्ट) द्वारा उसके कार्यालयीन डाक पते या ई–मेल पते पर, ऐसे परिवर्तन या घटना की तारीख से तीस दिवस के भीतर भेजी जाएगी। पंजीकृत व्यावसायिक संघ के पदाधिकारियों में किसी परिवर्तन की सूचना, **प्ररूप–सात** में तथा व्यावसायिक संघ मुख्यालय के डाक पते की परिवर्तन की सूचना, **प्ररूप–आठ** में पंजीयक को भेजी जायेगी।

(3) उप–नियम (2) के अंतर्गत यथा उल्लिखित किसी संसूचना की प्रति के, इलेक्ट्रानिक रूप से अथवा अन्य रूप से प्राप्त होने पर, पंजीयक, जब तक कि उसे यह विश्वास करने का कारण न हो कि ऐसी संसूचना, व्यावसायिक संघ के नियमों में दी गई रीति से नहीं की गई है या ऐसी संसूचना या परिवर्तन या बदलाव, संहिता के प्रावधानों के अनुसार नहीं है, तो वह ऐसी

संसूचना या परिवर्तन या बदलाव को, इस प्रयोजन हेतु संधारित पंजी में दर्ज करेगा और वह इस तथ्य से उप–नियम (1) में विहित रीति में व्यावसायिक संघ के सचिव को संसूचित करेगा कि ऐसा कर दिया गया है।

(4) ऐसी संसूचना या नियमों के उपांतरण या परिवर्तन हेतु शुल्क दो सौ पचास रूपए या राज्य शासन द्वारा समय–समय पर अधिसूचना द्वारा निर्धारित अनुसार देय होगा, राज्य शासन के समुचित लेखा शीर्ष में इलेक्ट्रानिक या अन्य रूप से एक समय में किए गए प्रत्येक परिवर्तन के समुच्चय हेतु भुगतान किया जायेगा।

12. **संहिता की धारा 24 की उप–धारा (2) और (3) के अंतर्गत व्यावसायिक संघ के समामेलन और नाम परिवर्तन की रीति और उसे पंजीयक को भेजा जाना.–**

व्यावसायिक संघ के समामेलन की सूचना का प्ररूप:–

(1) आवेदक, व्यावसायिक संघ द्वारा प्रत्येक समामेलन की सूचना, पंजीयक को इलेक्ट्रॉनिक रूप से या पंजीकृत डाक या त्वरित डाक (स्पीड पोस्ट) से, दो प्रतियों में **प्ररूप–नौ** में भेजा जाएगा।

(2) जब पंजीयक द्वारा समामेलन को दर्ज कर लिया जाता है, तो वह ऐसे समामेलन को उसके हस्ताक्षर के अधीन प्रमाणित करेगा और प्रमाण पत्र को इलेक्ट्रॉनिक रूप से या पंजीकृत डाक या त्वरित डाक (स्पीड पोस्ट) द्वारा सभी संबंधित व्यावसायिक संघों को जारी करेगा और ऐसे समामेलन को समस्त समुचित अभिलेखों में प्रविष्ट करेगा।

(3) व्यावसायिक संघ के नाम में परिवर्तन की कोई सूचना, पंजीयक को इलेक्ट्रॉनिक रूप से या पंजीकृत डाक या त्वरित डाक (स्पीड पोस्ट) द्वारा, **प्ररूप–दस** में, दी जाएगी।

(4) जब पंजीयक द्वारा नाम परिवर्तन को दर्ज कर लिया जाता है, तो वह व्यावसायिक संघ के ऐसे नाम परिवर्तन को उसके हस्ताक्षर द्वारा अभिप्रमाणित करेगा और आवेदक व्यावसायिक संघ को पंजीयन जारी करेगा तथा नाम परिवर्तन को समुचित समस्त अभिलेखों में प्रविष्ट करेगा।

13. **संहिता की धारा 7 की उप–धारा (पाँच) एवं (ठ) के अंतर्गत व्यावसायिक संघो के नियमों को संशोधित एवं परिवर्तित किये जाने और व्यावसायिक संघ को विघटित किये जाने की रीति.–** (1) जब किसी पंजीकृत व्यावसायिक संघ को विघटित किया जाता है तो विघटन अथवा नियम में कोई संशोधन और परिवर्तन की सूचना, **प्ररूप–ग्यारह** में, इलेक्ट्रॉनिक रूप से या त्वरित डाक (स्पीड पोस्ट) से या पंजीकृत डाक से पंजीयक को प्रेषित की जायेगी।

(2) उप–नियम (1) के अंतर्गत किसी व्यावसायिक संघ के नियमों में किये गये किसी संशोधन या परिवर्तन की सूचना की प्रति, संहिता की धारा 7 की उप–धारा (पाँच) अंतर्गत प्राप्त होने पर, पंजीयक, जब तक कि उसे यह विश्वास होने का कारण न हो कि इन नियमों में संशोधन या परिवर्तन व्यावसायिक संघ के नियमों में प्रावधानित रीतियों के अनुरूप नहीं किया गया है या कि नियमों में संशोधन या परिवर्तन, संहिता के प्रावधानों के अनुसार नहीं किया गया है तो नियमों में संशोधन या परिवर्तन को, इस

(ङ) व्यवसाय – विवादों से उद्भूत होने वाली हानि के लिए सदस्यों को प्रतिकर का दिया जाना;

(च) सदस्यों की मृत्यु, वृद्धावस्था, रुग्णता, दुर्घटनाओं या बेरोजगारी के कारण ऐसे सदस्यों या उनके आश्रितों को दिए जाने वाले भत्ते;

(छ) सदस्यों के जीवन बीमा की पालिसियों अथवा रुग्णता, दुर्घटना या बेरोज़गारी के विरुद्ध सदस्यों का बीमा करने वाली पालिसियों का दिया जाना या उनके अधीन दायित्व का ग्रहण;

(ज) शैक्षणिक, सामाजिक या धार्मिक प्रसुविधाओं का (जिसके अन्तर्गत मृत सदस्यों की अन्त्येष्टि या धार्मिक कर्मों के व्ययों का संदाय आता है) सदस्यों के लिए या सदस्यों के आश्रितों के लिए प्रावधान;

(झ) मुख्यतः नियोजकों या कर्मकारों पर प्रभाव डालने वाले प्रश्नों पर चर्चा करने के प्रयोजन के लिए प्रकाशित सामयिकी का अनुरक्षण;

(ञ) उन उद्देश्यों में से, जिन पर व्यावसायिक संघ की साधारण निधियां व्यय की जा सकती हैं, किसी को अग्रसर करने में, अभिदायों का किसी ऐसे हेतुक के लिए संदाय, जिसका आशय साधारणतया कर्मकारों को लाभ पहुंचाना है:

परन्तु ऐसे अभिदायों के संबंध में, किसी भी वित्तीय वर्ष में व्यय, उस वर्ष के दौरान, किसी भी समय, उस सकल आय के एक–चौथाई से अधिक नहीं होगा, जो उस व्यावसायिक संघ की साधारण निधियों में और उस वर्ष के प्रारंभ पर उन निधियों में जमा अतिशेष में उस वर्ष के दौरान उस समय तक प्रोद्भूत हुई हो; तथा

(पाँच) अधिसूचना में अन्तर्विष्ट किन्हीं शर्तों के अध्यधीन रहते हुए, राज्य शासन द्वारा राजपत्र में अधिसूचित ऐसा कोई अन्य उद्देश्य।

(2) संहिता की धारा 15 की उप–धारा (2) के अंतर्गत पृथक निधि की संरचना:–

(एक) पंजीकृत व्यावसायिक संघ, ऐसे अभिदायों से एक पृथक् निधि का गठन कर सकता है, जो उस निधि के लिए पृथक्तः उद्गृहीत किए गए हों या दिए गए हों, जिसमें से संदाय, संहिता में विनिर्दिष्ट उद्देश्यों में से किसी को अग्रसर करने में उसके सदस्यों के नागरिक और राजनीतिक हितों की अभिवृद्धि के लिए किए जा सकते हैं।

(दो) उप–नियम (1) में निर्दिष्ट उद्देश्य निम्नानुसार हैं–

(क) संविधान के अधीन गठित किसी विधायी निकाय के या किसी स्थानीय प्राधिकरण के सदस्य के रूप में निर्वाचन के लिए अपनी अभ्यर्थिता निर्वाचन के संबंध में निर्वाचन के पूर्व, दौरान या पश्चात् किसी अभ्यर्थी या भावी अभ्यर्थी द्वारा, प्रत्यक्षतः या अप्रत्यक्षतः, उपगत व्ययों का संदाय; अथवा

(ख) ऐसे किसी अभ्यर्थी या भावी अभ्यर्थी के समर्थन में किसी सभा का आयोजन या किसी साहित्य या दस्तावेजों का वितरण; अथवा

(ग) किसी ऐसे व्यक्ति का भरण–पोषण, जो संविधान के अधीन गठित किसी विधायी निकाय का या किसी स्थानीय प्राधिकरण का सदस्य है; अथवा

(घ) संविधान के अधीन गठित किसी विधायी निकाय के लिए या किसी स्थानीय प्राधिकरण के लिए निर्वाचकों का पंजीकरण या अभ्यर्थी का चयन; अथवा

(ङ) किसी भी प्रकार की राजनीतिक सभाओं का आयोजन या किसी भी प्रकार के राजनीतिक साहित्य या राजनीतिक दस्तावेजों का वितरण।

(तीन) कोई भी सदस्य उप–नियम (1) के अधीन गठित निधि में अभिदाय करने के लिए विवश नहीं किया जाएगा और कोई सदस्य, जो उक्त निधि में अभिदाय नहीं करता है, व्यावसायिक संघ के किन्हीं लाभों में से किसी से भी अपवर्जित नहीं किया जाएगा और न ही उक्त निधि में उसके द्वारा अभिदाय न किए जाने के कारण उसे (उक्त निधि के नियंत्रण या प्रबंध के संबंध में के सिवाय) व्यावसायिक संघ के अन्य सदस्यों की तुलना में किसी भी मामले में, प्रत्यक्षतः या अप्रत्यक्षतः, किसी निर्योग्यता या किसी अलाभ के अधीन रखा जाएगा, और उक्त निधि में अभिदाय करना, व्यावसायिक संघ में प्रवेश के लिए शर्त के रूप में नहीं होगा।

16. **संहिता की धारा 26 की उप–धारा (1) के अंतर्गत व्यावसायिक संघ का वार्षिक विवरण (साधारण विवरण).–** (1) संहिता की धारा 26 के अधीन साधारण विवरण, पंजीयक को प्रत्येक वर्ष 31 मार्च तक इलेक्ट्रॉनिक रूप से या पंजीकृत डाक या त्वरित डाक (स्पीड पोस्ट) से, **प्ररूप–बारह** में, प्रस्तुत किया जाएगा।

(2) साधारण विवरण का अंकेक्षण, इन नियमों के नियम 9 में निहित किए गए रीति से किया जाएगा।

(3) पंजीयक द्वारा लिखित मांग किए जाने पर, इन नियमों के अंतर्गत किए गए किसी अंकेक्षण प्रतिवेदन को, व्यावसायिक संघ के द्वारा ऐसे समय सीमा के भीतर पंजीयक के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा, जैसा कि पंजीयक द्वारा निर्देशित किया जाए।

(4) पंजीयक, साधारण विवरण के बारे में और अंकेक्षण प्रतिवेदन के बारे में अन्य कोई विवरण, जैसा कि वह ऐसे साधारण विवरण और अंकेक्षण प्रतिवेदन के तथ्यों का अभिनिश्चित करने के लिए ठीक समझे, लिखित में व्यावसायिक संघ से मांग सकेगा।

17. **संहिता की धारा 7 की उप–धारा (ञ) के अंतर्गत वार्षिक अंकेक्षण की रीति.–**

(1) किसी पंजीकृत व्यावसायिक संघ के लेखों का वार्षिक अंकेक्षण, भारतीय कंपनी अधिनियम, 2013 (2013 का सं. 18) की धारा 139 में विहित योग्यता रखने वाले अंकेक्षक से करवाना होगा :

परंतु, जहाँ पर किसी पंजीकृत व्यावसायिक संघ की सदस्यता, 31 दिसम्बर को समाप्त होने वाले वर्ष के दौरान, किसी भी समय, 500 से अधिक न हो, लेखों का वार्षिक अंकेक्षण, उस संघ के किन्हीं दो सामान्य सदस्यों के द्वारा किया जा सकेगा, जो कि उस लेखा वर्ष, जिसका अंकेक्षण किया जाना हो, में कार्यकारिणी के सदस्य न रहे हों।

(2) **अंकेक्षक की अपात्रता** – नियम 17(1) में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, ऐसा कोई व्यक्ति, जिसको उस वर्ष के दौरान, जिसके लिये लेखों का अंकेक्षण किया जाना है, किसी भी समय, पंजीकृत व्यावसायिक संघ के निधि या प्रतिभूति के किसी भी भाग को सौंपा गया हो, उस संघ के लेखों का अंकेक्षण करने के लिए पात्र नहीं होगा।

(3) **अंकेक्षण**.– इन नियमों के अनुसरण में नियुक्त अंकेक्षक या अंकेक्षकों को संबंधित पंजीकृत व्यावसायिक संघ के सभी लेखा पुस्तकों को परीक्षण के लिये उपलब्ध कराया जाएगा और वे सामान्य विवरणी का सत्यापन उससे संबंधित लेखों और वाउचरों से करेंगे और तत्पश्चात्, **प्ररूप–तेरह** में संलग्न अंकेक्षक के घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर करेंगे या उस प्ररूप में उसके हस्ताक्षर या उनके हस्ताक्षरों के साथ पृथकः यह सूचित करते हुये कि विवरणी सही नहीं है, वाउचर नहीं है या अधिनियम के प्रावधानानुसार नहीं है, उप दर्शित करेंगे। इस विवरण में दिये गये विशिष्टियां इस प्रकार इंगित करेंगे –

(क) प्रत्येक भुगतान, जो प्रतीत हो कि वह पंजीकृत व्यावसायिक संघ के नियमों के अनुसार या संहिता के प्रावधानों के विरूद्ध अनाधिकृत है;

(ख) किसी कमी या नुकसान की राशि, जो किसी व्यक्ति की असावधानी या दुराचार के कारण उपगत की जाना प्रतीत हो;

(ग) कोई राशि, जो कि ली जानी थी, किन्तु किसी व्यक्ति के द्वारा लेखों में नहीं ली गयी।

18. **वार्ताकारी संघ अथवा वार्ताकारी परिषद को मान्यता देने की रीति.–**

(1) **संहिता की धारा 14 की उप–धारा (1) के अंतर्गत औद्योगिक स्थापना में नियोजित कामगारों के लिए वार्ताकारी संघ या वार्ताकारी परिषद और नियोक्ता के बीच वार्ता के मामलेः–** कामगारों से संबंधित जिन मामलों पर धारा 14 की उप–धारा (1) के अंतर्गत औद्योगिक स्थापना के नियोक्ता के साथ वार्ताकारी संघ अथवा वार्ताकारी परिषद वार्ता करेगी, उनका उल्लेख निम्नानुसार है, अर्थात् :–

(एक) कामगारों की श्रेणी और वर्गों का श्रेणीकरण,

(दो) औद्योगिक स्थापना में लागू स्थायी आदेशों के अंतर्गत नियोक्ता द्वारा पारित आदेश,

(तीन) वेतन अवधि, महंगाई भत्ता, बोनस, वेतन वृद्धि, परम्परागत छूट या विशेषाधिकार, प्रतिपूरक तथा अन्य भत्तों सहित कामगारों का वेतन,

(चार) कामगारों के कार्य के घंटे, उनके विश्राम दिवस, सप्ताह में कार्य दिवसों की संख्या, विश्राम अंतराल, पालियों की कार्यशीलता,

(पांच) वेतन सहित छुट्टी और अवकाश,

(छः) पदोन्नति एवं स्थानांतरण नीति और अनुशासनिक कार्यविधि,

(सात) कामगारों के लिए आवास आबंटन नीति,

(आठ) सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्यदशाएं संबंधी मानक,

(नौ) सेवा की शर्तों और रोजगार के निबंधन से संबंधित अन्य विषय, जो पूर्वोक्त खंडों में शामिल नहीं है; और

(दस) औद्योगिक स्थापना के नियोक्ता तथा वार्ताकारी संघ या परिषद के बीच सहमत अन्य कोई विषय।

(2) **संहिता की धारा 14 की उप–धारा (2) के अंतर्गत कामगारों की एक मात्र वार्ताकारी संघ के रूप में कामगारों की एकल पंजीकृत व्यावसायिक संघ को मान्यता देने का मापदंड.**– जहाँ पर किसी औद्योगिक स्थापना में केवल एक पंजीकृत व्यावसायिक संघ कार्य कर रहा है, जिसकी औद्योगिक स्थापना में नियोजित कुल कामगारों के कम से कम तीस प्रतिशत सदस्य हों, तब ऐसे औद्योगिक स्थापना का नियोक्ता, ऐसे व्यावसायिक संघ को कामगारों की एक मात्र वार्ताकारी संघ के रूप में मान्यता देगा।

(3) **संहिता की धारा 14 की उप–धारा (3) और (4) के अंतर्गत औद्योगिक स्थापना में व्यावसायिक संघों की सदस्यता के सत्यापन की रीति –**

(एक)(क) श्रमायुक्त, औद्योगिक स्थापना में व्यावसायिक संघों की सदस्यता के सत्यापन के उद्देश्य के लिए एक सत्यापन अधिकारी (इस नियम में इसे इसके बाद सत्यापन अधिकारी के रूप में उल्लेख किया गया है), नियुक्त करेगी, जिसका औद्योगिक स्थापना में किसी भी व्यावसायिक संघ में कोई हित नहीं होगा, जिसकी सदस्यता का सत्यापन उसके द्वारा किया जाना है :

परंतु यह कि वार्ताकारी संघ या वार्ताकारी परिषद, यथास्थिति, को मान्यता देने की प्रक्रिया संहिता के अंतर्गत नियोक्ता द्वारा मान्यता प्राप्त वार्ताकारी संघ अथवा वार्ताकारी परिषद, यथास्थिति, की मौजूदा मान्यता अवधि की समय–सीमा की समाप्ति के तीन महीने से पहले शुरू की जाएगी।

(ख) सत्यापन अधिकारी, सदस्यता सत्यापन के कार्य की मात्रा के आधार पर अपनी सहायता के लिए अतिरिक्त सत्यापन अधिकारियों की सेवाएं ले सकेगा।

(ग) सत्यापन अधिकारी, श्रमायुक्त द्वारा निर्धारित समय सीमा में औद्योगिक स्थापना में सदस्यता सत्यापन का कार्य करेगा।

(दो) औद्योगिक स्थापना का नियोक्ता, खंड (एक) के अंतर्गत व्यावसायिक संघ की सदस्यता के सत्यापन के संबंध में व्यय का वहन और व्यवस्था करेगा।

(तीन)(क) जो व्यावसायिक संघ निम्नलिखित शर्तों को पूरा करेंगे, वे पहले औद्योगिक स्थापना के नियोक्ता को कामगारों की वार्ताकार संघ

अथवा वार्ताकारी परिषद के प्रतिनिधियों यथास्थिति की, प्रास्थिति की स्वीकृति के लिए आवेदन करेंगे, अर्थात् : –

ऐसे संघ के पास व्यावसायिक संघ अधिनियम, 1926 अथवा औद्योगिक संबंध संहिता 2020 (2020 का 35) यथास्थिति, के अंतर्गत वैध पंजीकरण होना चाहिए; और

(ख) व्यावसायिक संघ में मान्यता के आवेदन के साथ पंजीकरण प्रमाण पत्र की प्रति, सदस्यों की सूची की प्रति, सदस्यता विवरण और पंजीयक, व्यावसायिक संघ के पास जमा कराई गई व्यावसायिक संघ की नवीनतम वार्षिक विवरणी की प्रति और अन्य कोई संगत प्रलेख, लगाने होंगे, जिसे व्यावसायिक संघ अपने दावे के समर्थन में प्रस्तुत करना चाहते हैं।

(चार)(क) यदि संहिता के अंतर्गत वार्ताकारी संघ अथवा वार्ताकारी परिषद यथास्थिति, गठित की गई है तो औद्योगिक स्थापना का नियोक्ता वार्ताकारी संघ अथवा वार्ताकारी परिषद यथास्थिति, के पदाधिकारी के कार्यकाल की समाप्ति से पहले पर्याप्त रूप से समय से पहले लेकिन वह अवधि तीन महीने से अधिक न हो, वार्ताकारी संघ अथवा वार्ताकारी परिषद, यथास्थिति, के पदाधिकारी के कार्यकाल की समाप्ति से पहले कार्रवाई शुरू करेगा।

(ख) व्यावसायिक संघों की सदस्यता के सत्यापन के प्रयोजनार्थ तारीख की गणना औद्योगिक स्थापना के सत्यापन अधिकारी द्वारा निर्धारित की जाएगी।

(ग) स्थापना का नियोक्ता व्यावसायिक संघों द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रलेखों और अभिलेखों को सत्यापन अधिकारी के पास भेजेगा।

(घ) प्रलेखों और अभिलेखों के प्राप्त होने पर सत्यापन अधिकारी व्यावसायिक संघ के पंजीकरण की प्रास्थिति और संबंधित मामलों को अभिनिश्चित करने के लिए व्यावसायिक संघ द्वारा प्रस्तुत किए गए अभिलेखों या प्रलेखों की जाँच करेगा।

(ङ) सत्यापन अधिकारी, औद्योगिक स्थापना के नियोक्ता और सभी प्रतिभागी संघों के प्रतिनिधियों के साथ गुप्त मतदान के माध्यम से व्यावसायिक संघों की सदस्यता के सत्यापन की प्रक्रिया के बारे में निर्णय करने के लिए बैठक आयोजित करेगा।

(च) नियोक्ता, सत्यापन अधिकारी के परामर्श से सूचना प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग, ऑनलाइन प्लेटफार्म या इसी प्रकार की प्लेटफार्म पर निर्वाचन प्रक्रिया कराने के लिए इलैक्ट्रॉनिक प्रक्रिया का उपयोग कर सकेगा।

(4). गुप्त मतदान के माध्यम से व्यावसायिक संघों की सदस्यता का सत्यापन–

(एक) सत्यापन अधिकारी वास्तविक मतदान की तारीख से कम से कम 60 दिन पहले निम्नलिखित पर निर्णय करने के लिए औद्योगिक स्थापना में

कार्यरत सभी पंजीकृत व्यावसायिक संघों के प्रतिनिधियों की एक बैठक आयोजित करेगा–

(क) मतदाता सूची का प्रकाशन;

(ख) मतदान की तारीख, समय, विधि, मतदान का स्थान;

(ग) मतगणना की तारीख, समय और गणना स्थल और;

(घ) गुप्त मत से संबंधित अन्य रीति।

(दो) सत्यापन अधिकारी बैठक के कार्यवृत को तैयार कराएगा और सभी प्रतिभागी व्यावसायिक संघों से हस्ताक्षर कराएगा। सभी प्रतिभागी व्यावसायिक संघों को इसी बैठक में निशान आबंटित किए जाएंगे। यदि तारीख, समय, मतदान की विधि, मतदान के स्थान, निशान के आबंटन, गणना की तारीख, समय और स्थान तथा इसी प्रकार के विषयों पर बैठक में कोई निर्णय नहीं लिया जाता है, तब सत्यापन अधिकारी का निर्णय और वह ऐसे गुप्त मतदान की समय सूची, कार्यक्रम कार्यविधि को प्रकाशित करेगा।

(तीन)सभी कामगार, जिनके नाम गणना की तारीख में औद्योगिक स्थापना के मस्टर रोल पर लिखे गए हैं, अपना वोट देने के लिए पात्र होंगे।

(चार)मतदाता सूची खंड (तीन) में संदर्भित मस्टर रोल पर लिखे गए कामगारों के नामों के आधार पर औद्योगिक स्थापना के नियोक्ता द्वारा तैयार की जाएगी और मतदाता सूची में कामगार का नाम, पिता का नाम, पदनाम, विशिष्ट पहचान संख्या (यूएएन) यदि कोई है, और कामगार की तैनाती का स्थान का उल्लेख होगा। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन नियोक्ता द्वारा सत्यापन अधिकारी का अनुमोदन लेने के पश्चात किया जाएगा और उसे औद्योगिक स्थापना के प्रवेश द्वार पर नोटिस बोर्ड और वेबसाइट, यदि है तो, पर प्रदर्शित किया जाएगा। इस मतदाता सूची की एक प्रति प्रतिभागी व्यावसायिक संघों को दस्ती द्वारा या पंजीकृत डाक द्वारा अथवा इलेक्ट्रॉनिक साधन के द्वारा भेजा जाएगा।

(पांच)सत्यापन अधिकारी, सूची को अंतिम रूप दिए जाने के दो दिन के अंदर प्रतिभागी व्यावसायिक संघों के नाम की सूची और उनको आबंटित निशान, औद्योगिक स्थापना के प्रवेश द्वार पर नोटिस बोर्ड और वेबसाइट, यदि है तो, पर प्रदर्शित करेगा।

(छः) मतदान और वोटों की गिनती सत्यापन अधिकारी के पर्यवेक्षण में सत्यापन अधिकारी द्वारा निर्धारित तारीख, समय और स्थान पर की जाएगी और गिनती के दौरान सभी प्रतिभागी व्यावसायिक संघों के एजेंटों की उपस्थित रहने की अनुमति होगी।

(सात)वोटों की अंतिम गिनती होने के बाद सत्यापन अधिकारी द्वारा परिणाम घोषित किया जाएगा। परिणाम शीट में निर्वाचन में सभी प्रतिभागी व्यावसायिक संघों के नाम, डाले गए वोटों की कुल संख्या और प्रत्येक व्यावसायिक संघ, जिसने निर्वाचन में भाग लिया है, के पक्ष में डाले गए वोटों की संख्या का उल्लेख होगा।

(5) **नियोक्ता को सत्यापन रिपोर्ट प्रस्तुत करना :–** सत्यापन अधिकारी, औद्योगिक स्थापना के नियोक्ता को परिणाम–शीट के साथ सत्यापन रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे जिसकी एक प्रति श्रमायुक्त को भी दी जायेगी।

(6) **वार्ताकारी संघ या वार्ताकारी परिषद के घटक के रूप में व्यावसायिक संघ को मान्यता प्रदान करना** – (एक) सत्यापन अधिकारी द्वारा प्रस्तुत की गई सत्यापन रिपोर्ट के आधार पर औद्योगिक स्थापना के नियोक्ता, व्यावसायिक संघ को संहिता की धारा 14 की उप–धारा (3), या उपधारा (4), यथास्थिति, के प्रावधानों के अनुसार वार्ताकारी संघ या वार्ताकारी परिषद के घटक के रूप में मान्यता प्रदान करेगा।

(दो) मान्यता तीन वर्षों के लिए अथवा जो वार्ताकारी संघ या वार्ताकारी परिषद के घटक के रूप में मान्यता, मान्यता या गठन की तारीख से तीन वर्षों तक वैध होगी अथवा ऐसी आगामी किसी अवधि तक, कुल पांच वर्ष से अनधिक अवधि के लिए, जैसा कि नियोक्ता और वार्ताकारी संघ या वार्ताकारी परिषद मान्यता, यथास्थिति, आपस में निर्णय करें, वैध होगी।

(7). **धारा 14 की उप–धारा (7) के अंतर्गत किसी वार्ताकारी संघ या वार्ताकारी परिषदों को औद्योगिक स्थापना द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाएँ** –किसी औद्योगिक स्थापना में, जहाँ एक वार्ताकारी संघ या वार्ताकारी परिषद है, यथास्थिति, ऐसे औद्योगिक स्थापना के नियोक्ता, वार्ताकार संघ या वार्ताकार परिषद, यथास्थिति, को निम्नलिखित सुविधाएं प्रदान करेंगे, अर्थात:–

(एक)वार्ताकारी संघ या वार्ताकारी परिषद यथास्थिति, की गतिविधियों से संबंधित सूचना प्रदर्शित करने के प्रयोजनार्थ नोटिस बोर्ड,

(दो) अनुसूची के अनुसार वार्ताकारी संघ या वार्ताकारी परिषद यथास्थिति, द्वारा चर्चा करने हेतु आयोजन स्थल और अपेक्षित सुविधाएं एवं औद्योगिक स्थापना के नियोक्ता तथा वार्ताकारी संघ या वार्ताकारी परिषद यथास्थिति, के बीच निपटान किए जाने हेतु कार्यसूची;

(तीन)वार्ताकारी संघ के सदस्यों या वार्ताकारी परिषद के घटकों, यथास्थिति, के बीच चर्चा के लिए आयोजन स्थल और आवश्यक सुविधाएं;

(चार)कामगारों की कामकाजी परिस्थितियों से संबंधित मामलों का पता लगाने के प्रयोजनार्थ औद्योगिक प्रतिष्ठान में वार्ताकारी संघ या वार्ताकारी परिषद यथास्थिति, के पदाधिकारियों के प्रवेश की सुविधा,

(पांच)औद्योगिक स्थापना का नियोक्ता कामगार की लिखित सहमति के आधार पर व्यावसायिक संघों के सदस्यों के अंशदान की कटौती करेगा;

(छः) जब वार्ताकारी संघ या वार्ताकारी परिषद यथास्थिति, के पदाधिकारी नियोक्ता और ऐसे पदाधिकारियों के बीच सहमत कार्यक्रम के अनुसार नियोक्ता के साथ बैठकें आयोजित करते हैं, तब ऐसे नियोजित पदाधिकारियों को काम पर होने के रूप में माना जाएगा; और

(सात)औद्योगिक स्थापना, जिसमें तीन सौ या उससे अधिक कामगार हैं, के नियोक्ता वार्ताकारी संघ या वार्ताकारी परिषद के यथास्थिति, को उपयुक्त कार्यालय स्थल के साथ आवश्यक सुविधाएं प्रदान करेगा।

19. **संहिता की धारा 22 की उप–धारा (1) के अंतर्गत अधिकरण के समक्ष विवाद के अधिनिर्णयन के लिए आवेदन करने की पद्धति.–** जहाँ निम्नलिखित के बीच कोई विवाद उत्पन्न होता है :–

(क) किसी एक व्यावसायिक संघ या अन्य; अथवा

(ख) किसी एक या एक से अधिक कामगार, जो व्यावसायिक संघ के सदस्य हैं और व्यावसायिक संघ के बीच पंजीकरण, प्रशासन अथवा प्रबंधन अथवा व्यावसायिक संघ के पद धारकों के निर्वाचन के संबंध में; अथवा

(ग) एक या अधिक कामगार जो व्यावसायिक संघ के सदस्य के रूप में नामांकन से वंचित है; अथवा

(घ) जहाँ विवाद, व्यावसायिक संघ के संबंध में है, जो व्यावसायिक संघों का संघ है, और व्यावसायिक संघ द्वारा इस संबंध में प्राधिकृत किसी पद धारक को प्राधिकृत किया गया हो;

तो प्रभावित व्यक्ति, विवाद उत्पन्न होने की तारीख से एक वर्ष के भीतर संबंधित न्यायाधिकरण के समक्ष इलेक्ट्रॉनिक रूप से या पंजीकृत डाक या स्पीड पोस्ट से **प्ररूप–चौदह** में आवेदन प्रस्तुत करेगा।

20. **संहिता की धारा 27 की उप–धारा (2) के अंतर्गत राज्य स्तर पर व्यावसायिक संघ की मान्यता.–** (1) राज्य सरकार, किसी व्यावसायिक संघ या व्यावसायिक संघों के महासंघ को उनकी सदस्यता का सत्यापन कर राज्य व्यावसायिक संघ के रूप में मान्यता दे सकेगी, यदि :–

(क) राज्य में उनके कम से कम तीस हजार से अधिक सदस्य हों;

(ख) राज्य में कम से कम चार प्रकार के पृथक–पृथक श्रेणी के उद्योगों में सदस्यता हो।

(2) राज्य शासन या राज्य शासन द्वारा अधिकृत अधिकारी, उन संस्थानों के नियोक्ताओं से मस्टर रोल की मांग कर सकेगा, जहाँ व्यावसायिक संघ या व्यावसायिक संघ के महासंघ द्वारा सक्रिय सदस्यता का दावा किया गया है तथा सदस्यों के नामों का आधार पहचान से क्रॉस–वेरिफाई कर सकता है। अधिकृत अधिकारी, सदस्यता के सत्यापन करने के लिए व्यावसायिक संघ या व्यावसायिक संघ के महासंघ या नियोक्ता से किसी अतिरिक्त दस्तावेज एवं विवरण की मांग कर सकेगा।

(3) व्यावसायिक संघ या व्यावसायिक संघों के महासंघ द्वारा राज्य शासन या राज्य शासन द्वारा इस संबंध में अधिकृत अधिकारी को प्ररूप–पंद्रह में आवेदन प्रस्तुत किया जाएगा।

(4) राज्य शासन या राज्य शासन द्वारा अधिकृत अधिकारी द्वारा सम्यक् जाँच, जैसा कि वे उचित समझे, करने के पश्चात् ऐसे आवेदन पर, उसकी प्राप्ति के नब्बे दिवस के भीतर निर्णय किया जाएगा और निर्णय की प्रति आवेदक को एवं एक प्रति श्रमायुक्त और पंजीयक को भेजी जाएगी।

(5) मान्यता प्राप्त व्यावसायिक संघ, राज्य शासन को कामगारों के राज्य स्तरीय हित यथा श्रमिकों की कार्यदशायें (सेवा शर्तें), औद्योगिक संबंध, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, श्रम कल्याण, सामाजिक सुरक्षा इत्यादि संबंधी परामर्श दे सकते हैं।

(6) यदि ऐसी मान्यता के संबंध में, कोई विवाद उत्पन्न होता है, तो व्यथित पक्ष द्वारा मान्यता देने की तारीख से साठ दिवस के भीतर, औद्योगिक अधिकरण को आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है। औद्योगिक अधिकरण, आवेदक को सुनवाई का अवसर प्रदान करके और प्रकरण से सुसंगत अभिलेखों को देखकर निर्णय करेगा और यह आदेश, पक्षकारों पर बाध्यकारी होगा।

अध्याय–चार

स्थायी आदेश

21. **संहिता की धारा 30 की उप–धारा (3) के तहत् प्रमाणीकरण अधिकारी को सूचना अग्रेषित करने की रीति.–** (1) यदि नियोक्ता, अपने औद्योगिक स्थापना या उपक्रम से सुसंगत विषयों के संबंध में, संहिता की धारा 29 में निर्दिष्ट सरकार के आदर्श स्थायी आदेश को अपनाता है या तत्पश्चात् वह संबंधित प्रमाणीकरण अधिकारी को इलेक्ट्रॉनिक रूप से, या व्यक्तिगत रूप से, या स्पीड पोस्ट द्वारा या पंजीकृत डाक द्वारा वह, विशिष्ट तारीख सूचित करेगा, जिससे उसके स्थापना या उपक्रम से सुसंगत आदर्श स्थायी आदेशों के उपबंधों को अपनाया गया है।

(2) उप–नियम (1) के अधीन अपनाया गया आदर्श स्थायी आदेश औद्योगिक स्थापना और राज्य में उसकी सभी इकाइयों पर लागू होगा।

(3) उप–नियम (1) के अधीन सूचना प्राप्त होने पर, प्रमाणीकरण अधिकारी, उस औद्योगिक स्थापना जिसने आदर्श स्थायी आदेश को अपनाया है, का ब्यौरा नियम–27 के अधीन रखे गये रजिस्टर में दर्ज करेगा।

(4) जहाँ प्रमाणीकरण अधिकारी यह अवलोकन करता है कि औद्योगिक स्थापना, जिसने आदर्श स्थायी आदेशों को अपनाने की सूचना दी है, उन गतिविधियों से भिन्न गतिविधियों में भी लगा हुआ है जिनके लिये आदर्श स्थायी आदेश अपनाये गये हैं, तो वह इस प्रकार अपनाये गये आदर्श स्थायी आदेशों की सूचना प्राप्त होने की तारीख से तीस दिन की अवधि के भीतर ऐसे नियोक्ता को निदेश दे सकता है कि वह अपने औद्योगिक स्थापना के लिये प्रासंगिक कतिपय प्रावधानों को शामिल करने या अपनाने तथा उन प्रासंगिक प्रावधानों को इंगित करने का निदेश दे सकता है तथा ऐसे नियोक्ता को ऐसे निदेश की प्राप्ति की तारीख से तीस दिनों की अवधि के भीतर उनका अनुपालन करने तथा केवल उन प्रावधानों के संबंध में अनुपालन रिपोर्ट भेजने का निदेश दे सकता है, जिनके लिये प्रमाणीकरण अधिकारी ने उन्हें शामिल करने के लिये ऐसा निदेश दिया है।

(5) यदि उप–नियम (1) में यथा विनिर्दिष्ट सूचना की प्राप्ति के तीस दिन की अवधि के भीतर, प्रमाणीकरण अधिकारी द्वारा कोई टिप्पणी नहीं की जाती है,

तो आदर्श स्थायी आदेश, प्रमाणीकरण अधिकारी द्वारा प्रमाणित किया समझा जायेगा।

(6) इन नियमों के प्रावधानों के अनुसार अपनाये गये स्थायी आदेशों के प्रावधान, उप नियम (1) में निर्दिष्ट तारीख से लागू रहेंगे।

(7) इस नियम के प्रावधानों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, प्रमाणीकरण अधिकारी कोई टिप्पणी नहीं करेगा, यदि वह औद्योगिक स्थापना, जिस पर स्थायी आदेश लागू होते हैं, ऐसी गतिविधियों में लगा हुआ है जो औद्योगिक स्थापना की गतिविधियों के अंतर्गत पूर्णतः आती है।

22. **जहाँ कोई व्यावसायिक संघ नहीं है, वहाँप्रमाणीकरण अधिकारी द्वारा नोटिस जारी करने के लिये औद्योगिक स्थापना या उपक्रम के कामगारों के प्रतिनिधियों का चयन करना**–(1) जहाँ संहिता की धारा 30 की उप–धारा (5) के खण्ड (एक) में निर्दिष्ट कोई व्यावसायिक संघ नहीं है, वहाँप्रमाणीकरण अधिकारी या उसकी ओर से कोई प्राधिकृत अधिकारी, तीन प्रतिनिधियों को चुनने के लिए कामगारों की बैठक बुलायेगा, जिनके चुने जाने पर वह स्थायी आदेश या संशोधन, यथास्थिति, की एक प्रति, अंग्रेजी में और साथ ही कामगारों के बहुमत द्वारा समझी जाने वाली भाषा में उसके अनुवाद के साथ नोटिस जारी करेगा, जिसमें टिप्पणियां या सुझाव, यदि कोई हों, अपेक्षित होंगे, जिन्हें कामगार स्थायी आदेश के प्रारूप पर देना चाहें, जो ऐसी सूचना प्राप्त होने की तारीख से पंद्रह दिनों के भीतर प्रस्तुत किए जाने हैं।

(2) व्यावसायिक संघ या वार्ताकारी संघ या वार्ताकारी परिषद के घटक को, यथास्थिति, अंग्रेजी में प्रारूप स्थायी आदेश या संशोधन की एक प्रति तथा साथ ही उसका अनुवाद, उस भाषा में दिया जाएगा, जिसे अधिकांश कामगार जानते हैं, ताकि इस नियम में सूचना प्राप्त होने की तारीख से पंद्रह दिन के भीतर उनसे उनकी टिप्पणियां या सुझाव, यदि कोई हों, मांगे जा सकें।

23. **प्रमाणित स्थायी आदेश का अधिप्रमाणन** – धारा 30 की उपधारा (8) के अनुसरण में प्रमाणित स्थायी आदेश या स्थायी आदेशों में किये गये संशोधनों को प्रमाणीकरण अधिकारी द्वारा अधिप्रमाणित किया जायेगा और उसे ऐसे अधिप्रमाणन की तारीख से सात दिन के भीतर सभी संबंधितों को अर्थात् नियोक्ता और सभी पंजीकृत व्यावसायिक संघों या कामगारों के चुने हुये प्रतिनिधियों को इलेक्ट्रॉनिक रूप से और उसकी हार्ड कॉपी पंजीकृत डाक या स्पीड पोस्ट द्वारा भेजी जायेगी:

परंतु, धारा 30 की उप धारा (3) के अधीन समझे गए प्रमाणन के मामलों में तथा ऐसे मामलों में जहाँ नियोक्ता ने आदर्श स्थायी आदेशों को अपनाना प्रमाणित कर दिया है, इस नियम के अधीन प्रमाणीकरण की कोई आवश्यकता नहीं होगी।

24. **संहिता की धारा 30 के उप–धारा (9) के तहत् प्रारूप स्थायी आदेशों के साथ संलग्न किया जाने वाला विवरण.**– (1) प्रारूप स्थायी आदेश के साथ संलग्न किए जाने वाले विवरण में, संबंधित औद्योगिक स्थापना या उपक्रम का नाम, पता, ई–मेल, संपर्क नंबर और उसमें नियोजित कामगारों की संख्या और ब्यौरा, जिसमें

व्यावसायिक संघ, यदि कोई हो, का विवरण शामिल होगा, जिससे ऐसे कामगार संबंधित हैं।

(2) किसी विद्यमान स्थायी आदेश में प्रारूप संशोधन के साथ संलग्न किए जाने वाले विवरण में ऐसे स्थायी आदेश का विवरण होगा, जिसे संशोधित किए जाने का प्रस्ताव है, साथ ही एक सारणीबद्ध विवरण होगा, जिसमें प्रवृत्त उस स्थायी आदेश के प्रत्येक सुसंगत प्रावधान और उसमें प्रस्तावित संशोधन तथा उसके कारणों का विवरण होगा।

(3) उप–नियम (1) और (2) में निर्दिष्ट विवरण पर औद्योगिक स्थापना या उपक्रम द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे।

(4) आदर्श स्थायी आदेश, यदि संशोधित किए जाते हैं, तो राज्य में औद्योगिक स्थापना या उपक्रम की सभी इकाइयों पर भी लागू होंगे।

25. **संहिता की धारा 30 की उप–धारा (10) के अंतर्गत समान स्थापना में प्रारूप स्थायी आदेश प्रस्तुत करने की शर्तें.**– समान औद्योगिक स्थापनाओं में लगे नियोक्ताओं के समूह के मामले में, वे संबंधित व्यावसायिक संघ के साथ परामर्श के बाद धारा 30 के अधीन और उसकी उप–धारा (1), (5), (6), (8) और उप–धारा (9) में विनिर्दिष्ट कार्यवाहियों के प्रयोजन के लिए स्थायी आदेश का एक संयुक्त प्रारूप प्रस्तुत कर सकते है:

परन्तु समान औद्योगिक स्थापनाओं में लगे नियोक्ताओं के समूह के मामले में, स्थायी आदेशों का संयुक्त प्रारूप तैयार किया जाएगा और **श्रमायुक्त अथवा श्रमायुक्त द्वारा अधिकृत प्राधिकारी** को प्रस्तुत किया जाएगा, जो संबंधित प्रमाणीकरण अधिकारियों के परामर्श से, इसके लिये कारण दर्ज करने के पश्चात ऐसे संयुक्त मसौदा स्थायी आदेशों को, प्रमाणित करेगा; या प्रमाणित करने से इंकार करेगा:

परंतु यह और कि प्रमाणीकरण अधिकारी सभी संबंधित पक्षों को नोटिस देगा तथा स्थायी आदेशों को प्रमाणित करने से पहले सुनवाई का उचित अवसर सुनिश्चित करेगा।

26. **अपीलीय प्राधिकारी द्वारा अपील का निपटान.**– (1) कोई नियोक्ता या व्यावसायिक संघ या वार्ताकारी संघ या वार्ताकारी परिषद, या जहाँ किसी औद्योगिक स्थापना या उपक्रम में कोई वार्ताकारी संघ या वार्ताकारी परिषद नहीं है, वहाँ कोई संघ या औद्योगिक स्थापना या उपक्रम के कामगारों का ऐसा प्रतिनिधि निकाय, धारा 30 की उप–धारा (5) के अधीन किए गए प्रमाणीकरण अधिकारी के आदेश के विरुद्ध ऐसे आदेश की प्राप्ति के साठ दिन के भीतर अपील कर सकता है और उस प्रयोजन के लिए सारणीबद्ध रूप में अपील का ज्ञापन तैयार करेगा जिसमें उन स्थायी आदेशों के उपबंधों का, जिन्हें परिवर्तित या संशोधित या हटाया या जोड़ा जाना अपेक्षित है, कारण सहित उल्लेख होगा और उसे अपीलीय प्राधिकारी के पास इलेक्ट्रॉनिक रूप से या व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुत कर सकता है।

(2) अपीलीय प्राधिकारी, अपील की सुनवाई के लिए तारीख नियत करेगा और उसकी सूचना देने का निदेश देगा, –

(क) जहाँ अपील नियोक्ता द्वारा दायर की जाती है, वहाँयथास्थिति, व्यावसायिक संघ या वार्ताकारी संघ या वार्ताकारी परिषद् को, या जहाँ औद्योगिक स्थापना या उपक्रम में कोई वार्ताकारी संघ या वार्ताकार परिषद् नहीं है, वहाँऔद्योगिक स्थापना या उपक्रम के कामगारों के किसी संघ या ऐसे प्रतिनिधि निकाय को;

(ख) जहाँ अपील किसी व्यावसायिक संघ या वार्ताकारी संघ या वार्ताकारी परिषद् द्वारा प्रस्तुत की जाती है, वहाँयथास्थिति, नियोक्ता और वार्ताकारी संघ या वार्ताकार परिषद या कामगारों के अन्य सभी व्यावसायिक संघों को, या जहाँ किसी औद्योगिक स्थापना या उपक्रम में कोई वार्ताकारी संघ या वार्ताकारी परिषद नहीं है, वहाँऔद्योगिक स्थापना या उपक्रम के कामगारों के किसी संघ या ऐसे प्रतिनिधि निकाय को; और

(ग) जहाँ अपील कामगारों के प्रतिनिधि निकाय द्वारा दायर की जाती है, वहाँनियोक्ता और औद्योगिक स्थापना के कामगारों के अन्य व्यावसायिक संघों को, या जहाँ किसी औद्योगिक स्थापना या उपक्रम में कामगारों का कोई व्यावसायिक संघ नहीं है, वहाँकिसी अन्य कामगार को जो अपील में पक्षकार के रूप में शामिल होता है।

(3) अपीलकर्त्ता, प्रत्येक प्रत्यर्थी को उप–नियम (1) में निर्दिष्ट, अपील ज्ञापन की एक प्रति देगा।

(4) अपीलीय प्राधिकारी कार्यवाही के किसी भी चरण में कोई साक्ष्य मंगवा सकता है, यदि वह अपील के निपटान के लिए आवश्यक समझे।

(5) अपीलीय प्राधिकारी अपील की सुनवाई के लिए उप–नियम (2) के अधीन नियत तारीख पर ऐसा साक्ष्य लेगा जिसे उसने मंगवाया हो या जिसे वह प्रस्तुत किए जाने पर सुसंगत समझे, और पक्षकारों को सुनने के पश्चात् अपील का निपटारा करेगा।

27. **आदेश भेजना और स्थायी आदेश बनाए रखना.–** (1) अपीलीय प्राधिकारी का आदेश, अपील के निपटारे के तीन दिन के भीतर इलेक्ट्रॉनिक रूप से या अन्यथा नियोक्ता या व्यावसायिक संघ या वार्ताकारी संघ या वार्ताकारी परिषद या कामगारों का कोई संघ या प्रतिनिधि निकाय, यथास्थिति, जिसके द्वारा अपील दायर की गई है, को भेजा जाएगा।

(2) इस अध्याय के अधीन अंतिम रूप से प्रमाणित या प्रमाणित माने गए या अपनाए गए आदर्श स्थायी आदेशों का पाठ नियोक्ता द्वारा हिन्दी या अंग्रेजी में तथा उस भाषा में रखा जाएगा जहाँ औद्योगिक स्थापना स्थित है और जिसे अधिकांश कर्मकार समझते हैं।

(3) प्रमाणित स्थायी आदेश नियोक्ता द्वारा सुपाठ्य स्थिति में प्रदर्शित किए जाएंगे। औद्योगिक स्थापना के प्रवेश द्वार पर या उसके निकट इस प्रयोजन के लिए लगाए जाने वाले विशेष बोर्ड पर, जहाँ से अधिकांश कामगार प्रवेश करते हैं, सूचना अंकित की जाएगी तथा इसे ऐसे औद्योगिक स्थापना के निर्दिष्ट पोर्टल/वेबसाइट, यदि कोई हो, पर भी प्रदर्शित किया जा सकता है।

28. **संहिता की धारा 34 के अंतर्गत स्थायी आदेशों की अंतिम रूप से प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करने के लिए रजिस्टर.**– (1) प्रमाणित करने वाला अधिकारी सभी संबंधित औद्योगिक स्थापनाओं के अंतिम रूप से प्रमाणित स्थायी आदेशों या प्रमाणित माने गए या अपनाए गए आदर्श स्थायी आदेशों का, इलेक्ट्रॉनिक रूप में, **प्ररूप–सोलह** में एक रजिस्टर बनाए रखेगा, जिसमें निम्नलिखित विवरण शामिल होंगे :–

(क) प्रत्येक स्थायी आदेश को प्रदत्त विशिष्ट संख्या;

(ख) औद्योगिक स्थापना का नाम;

(ग) औद्योगिक स्थापना की प्रकृति;

(घ) प्रत्येक स्थापना या उपक्रम द्वारा प्रमाणन या मानित प्रमाणन की तारीख या आदर्श स्थायी आदेशों को अपनाने की तारीख;

(ङ) औद्योगिक स्थापना के संचालन के क्षेत्र और;

(च) ऐसे अन्य विवरण, जो स्थायी आदेशों को पुनः प्राप्त करने में प्रासंगिक और सहायक हो सकते हैं और ऐसे सभी स्थायी आदेशों का एक डेटाबेस तैयार करना।

(2) प्रमाणीकरण अधिकारी उप–नियम (1) में निर्दिष्ट प्रमाणित स्थायी आदेशों या प्रमाणित स्थायी आदेशों की एक प्रति, उसके लिए आवेदन करने वाले किसी भी व्यक्ति को, प्रमाणित स्थायी आदेशों या प्रमाणित स्थायी आदेशों, यथास्थिति को प्रति पृष्ठ दो रुपए के भुगतान पर उपलब्ध कराएगा।

(3) प्रमाणित स्थायी आदेश प्राप्त करने के लिए शुल्क का भुगतान इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से भी किया जा सकता है।

29. **स्थायी आदेशों के संशोधन के लिए आवेदन.**– धारा 35 की उप–धारा (2) के अधीन किसी विद्यमान स्थायी आदेशों के संशोधन के लिए आवेदन इलेक्ट्रॉनिक रूप से या व्यक्तिगत रूप से या पंजीकृत डाक या स्पीड पोस्ट द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा और इसमें ऐसे स्थायी आदेशों के विवरण होंगे, जिन्हें संशोधित करने का प्रस्ताव है, साथ ही एक सारणीबद्ध विवरण भी होगा, जिसमें लागू स्थायी आदेश के प्रत्येक सुसंगत उपबंध का विवरण, और उनमें प्रस्तावित संशोधन और उनके कारण और उनमें कार्यरत पंजीकृत व्यावसायिक संघों के विवरण होंगे और ऐसे विवरण पर औद्योगिक स्थापना या उपक्रम या कामगारों या व्यावसायिक संघ या कामगारों के अन्य प्रतिनिधि निकाय यथास्थिति, अधिकृत व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे, जिसने संशोधन के लिए ऐसा आवेदन प्रस्तुत किया है।

अध्याय–पांच

परिवर्तन की सूचना

30. **संहिता की धारा 40 के खण्ड (झ) के अंतर्गत प्रस्तावित परिवर्तन हेतु सूचना.**–

(1) कोई भी नियोक्ता, जो इस संहिता की तीसरी अनुसूची में विनिर्दिष्ट किसी मामले के संबंध में किसी कामगार पर लागू सेवा शर्तों में कोई बदलाव करना चाहता है, तो ऐसे परिवर्तन से प्रभावित होने वाले संभावित कामगारों को

प्ररूप–सत्रह में इलेक्ट्रॉनिक रूप से या रसीद सहित पंजीकृत डाक द्वारा या व्यक्तिगत रूप से, नोटिस भेजेगा तथा औद्योगिक स्थापना के निर्दिष्ट पोर्टल, यदि कोई हो, पर भी ऐसी सूचना अपलोड करेगा।

(2) उप–नियम (1) में संदर्भित नोटिस नियोक्ता द्वारा औद्योगिक स्थापना के मुख्य प्रवेश द्वार पर नोटिस बोर्ड या इलेक्ट्रॉनिक नोटिस बोर्ड पर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया जाएगा:

परंतु जहाँ औद्योगिक स्थापना से संबंधित कोई पंजीकृत व्यावसायिक संघ या वार्ताकारी संघ या वार्ताकारी परिषद हो, तो ऐसे नोटिस की एक प्रति उप–नियम (1) में विनिर्दिष्ट तरीके से ऐसे व्यावसायिक संघ के सचिव या ऐसे व्यावसायिक संघों के प्रत्येक सचिव या वार्ताकारी संघ के सचिव या वार्ताकारी परिषद के घटक को, यथास्थिति दी जाएगी।

अध्याय–छः

विवादों को न्यायनिर्णयन हेतु स्वैच्छिक रूप से भेजना

31. **संहिता की धारा 42 की उप–धारा (3) के अंतर्गत–न्यायनिर्णयन समझौते का प्रारूप और पक्षकारों द्वारा हस्ताक्षर करने की रीति.–** (1) नियोक्ता और कामगार, दिए गए **प्ररूप–अट्ठारह** के अनुसार न्यायनिर्णयन समझौता करके किसी औद्योगिक विवाद को मध्यस्थता के लिए भेजने पर सहमत हो सकते हैं ।

(2) उप–नियम (1) में निर्दिष्ट मध्यस्थता करार पर उक्त करार के पक्षकारों द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे और इसके साथ मध्यस्थ या मध्यस्थों की लिखित या इलेक्ट्रॉनिक रूप से सहमति होगी।

(3) उप–नियम (1) में विनिर्दिष्ट न्यायनिर्णयन समझौता पर हस्ताक्षर किए जाएंगे

(एक) नियोक्ता के मामले में, स्वयं नियोक्ता द्वारा, अथवा जहाँ नियोक्ता निगमित कंपनी है अथवा अन्य निगमित निकाय है, वहाँ ऐसे प्रयोजन हेतु प्राधिकृत कारपोरेशन के एजेंट, प्रबंधक अथवा अन्य अधिकारी द्वारा;

(दो) कामगारों के मामले में, इस संबंध में प्राधिकृत पंजीकृत व्यावसायिक संघ के अधिकारी द्वारा अथवा ऐसे प्रयोजन हेतु आयोजित संबंधित कामगारों की बैठक में इस संबंध में विधिवत् प्राधिकृत कामगारों के पांच प्रतिनिधियों द्वारा; और

(तीन) किसी एक कामगार के मामले में, स्वयं ऐसे कामगार द्वारा अथवा पंजीकृत व्यावसायिक संघ के अधिकारी द्वारा, जिसका वह सदस्य है, या उसी प्रतिष्ठान में उसके द्वारा इस प्रयोजन हेतु विधिवत् प्राधिकृत किसी अन्य कामगार द्वारा।

स्पष्टीकरण –– इस नियम में "अधिकारी" शब्द के अभिप्राय –

(क) नियोक्ताओं के किसी संघ के मामले में, इसका तात्पर्य ऐसे प्रयोजन के लिए प्राधिकृत नियोक्ताओं के ऐसे संघ के किसी अधिकारी से है; और

(ख) पंजीकृत व्यावसायिक संघ के मामले में, इसका तात्पर्य ऐसे उद्देश्य के लिए प्राधिकृत ऐसे व्यावसायिक संघ के निम्नलिखित अधिकारियों में से किसी अधिकारी से है, अर्थात्:–

(एक) अध्यक्ष; या

(दो) उपाध्यक्ष; या

(तीन) सचिव (महासचिव सहित); या

(चार) संयुक्त सचिव; या

(पांच) ऐसे व्यावसायिक संघ का कोई अन्य अधिकारी, जो ऐसे व्यावसायिक संघ के अध्यक्ष और सचिव द्वारा इस प्रयोजन हेतु प्राधिकृत किया गया हो।

32. **संहिता की धारा 42 की उप–धारा (5) के अंतर्गत अधिसूचना जारी करना.–** जहाँ कोई औद्योगिक विवाद न्यायनिर्णयन के लिए संदर्भित किया गया है तथा राज्य शासन इस बात से संतुष्ट है कि मामले को भेजने वाले व्यक्ति प्रत्येक पक्ष के बहुमत का प्रतिनिधित्व करते हैं, तो वह इस संबंध में आधिकारिक राजपत्र में एक अधिसूचना प्रकाशित करेगी और इसे श्रम विभाग के विभागीय पोर्टल पर उन नियोक्ताओं और कामगारों की जानकारी के लिए अपलोड करेगी जो न्यायनिर्णयन के लिए समझौते के पक्षकार नहीं हैं, लेकिन विवाद से संबंधित हैं, ताकि वे इस तरह के उद्देश्य के लिए प्राधिकृत मध्यस्थ या मध्यस्थों के समक्ष अपना मामला प्रस्तुत कर सकें।

33. **जहाँ कोई व्यावसायिक संघ नहीं है, वहाँकामगारों के प्रतिनिधियों को चुनने की रीति.–** जहाँ कोई व्यावसायिक संघ नहीं है, वहाँसंहिता की धारा 42 की उप–धारा (5) के परन्तुक के खण्ड (ग) के अनुसरण में मध्यस्थ या मध्यस्थों के समक्ष अपना मामला प्रस्तुत करने के लिए कामगारों के प्रतिनिधि का चयन, संबंधित कामगारों के बहुमत द्वारा **प्ररूप–उन्नीस** में पारित प्रस्ताव द्वारा किया जाएगा, जिसमें उन्हें मामले के प्रतिनिधित्व के लिए प्राधिकृत किया जाएगा। ऐसे कामगार, प्रतिनिधियों के क्रियाकलापों द्वारा बाध्य होंगे, जिन्हें मध्यस्थ अथवा मध्यस्थों, यथास्थिति, के समक्ष प्रतिनिधित्व करने के लिए प्राधिकृत किया गया है।

अध्याय–सात

औद्योगिक विवादों के समाधान हेतु व्यवस्था

34क. **संहिता की धारा 44 की उप–धारा (9) के अंतर्गत रिक्ति को भरने की रीति तथा संहिता की धारा 44 की उप–धारा (5) एवं (6) के अंतर्गत राज्य के औद्योगिक न्यायाधिकरण (जो इसमें इसके पश्चात् इस नियमों में औद्योगिक अधिकरण के रूप में निर्दिष्ट है) के न्यायिक सदस्य की अर्हता, चयन की प्रक्रिया, वेतन एवं भत्ते तथा अन्य निबंधन और शर्तें.–** (1) कोई भी व्यक्ति औद्योगिक अधिकरण के न्यायिक सदस्य के रूप में नियुक्त किये जाने के लिये तब तक अर्हित नहीं होगा, जब तक कि :–

(क) वह किसी उच्च न्यायालय का न्यायाधीश न हो या न रहा हो; या

(ख) वह उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किये जाने के लिये पात्र न हो; या

(ग) वह उच्चतर न्यायिक सेवा में जिला एवं सत्र न्यायाधीश न हो या न रहा हो।

(2) न्यायिक सदस्य की नियुक्ति, उप–नियम (3) में विनिर्दिष्ट खोज–सह–चयन समिति (एससीएससी) द्वारा अनुशंसा किये जाने पर राज्य सरकार द्वारा की जाएगी।

(3) खोज–सह–चयन समिति में निम्नलिखित सदस्य शामिल होंगे, अर्थात् :–

(एक) छत्तीसगढ़ के मुख्य न्यायाधीश अथवा उनके द्वारा नामित उच्च न्यायालय का न्यायाधीश– अध्यक्ष;

(दो) मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन अथवा उनके द्वारा नामित सचिव – सदस्य;

(तीन) प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, विधि और विधायी कार्य विभाग– सदस्य;

(चार) सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, श्रम विभाग– सदस्य।

(4) खोज–सह–चयन समिति (एससीएससी), अपनी अनुशंसा देने हेतु प्रक्रिया का निर्धारण करेगी और औद्योगिक अधिकरण की अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए अर्हता, उपयुक्तता, विगत कार्य प्रदर्शन अभिलेख, सत्यनिष्ठा के साथ–साथ न्यायनिर्णयन अनुभव पर विचार करने के बाद, उक्त पद पर नियुक्ति हेतु दो अथवा तीन व्यक्तियों, जैसा कि वह उचित समझे, के एक पैनल की अनुशंसा करेगी।

(5) किसी न्यायिक सदस्य की नियुक्ति को, खोज–सह–चयन समिति में केवल रिक्ति अथवा किसी सदस्य की अनुपस्थिति के कारण मात्र से, अविधिमान्य घोषित नहीं किया जाएगा।

(6) न्यायिक सदस्य, अपने पद पर कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से चार वर्ष की अवधि अथवा पैंसठ वर्ष की आयु पूर्ण करने, जो भी पहले हो, तक पद पर बना रहेगा।

(7) न्यायिक सदस्य के पद पर आकस्मिक रिक्ति होने के मामले में, राज्य सरकार किसी अन्य औद्योगिक अधिकरण के न्यायिक सदस्य को, न्यायिक सदस्य के रूप में कार्य करने के लिए नियुक्त करेगी।

(8) (क) न्यायिक सदस्य को प्रतिमाह 2,25,000/– रुपये अथवा राज्य शासन द्वारा समय–समय पर यथा निर्धारित वेतन का भुगतान किया जाएगा तथा वे ऐसे भत्ते आहरित करने के लिए पात्र होंगे, जैसा कि राज्य सरकार के समूह 'क' पद पर समान वेतन वाले किसी अधिकारी को अनुज्ञेय है।

(ख) सेवानिवृत्त न्यायिक सदस्य की नियुक्ति के मामले में, उसके वेतन में से, उसके द्वारा प्राप्त की जा रही पेंशन की सकल राशि घटा कर, दी जाएगी।

(9) (क) सेवारत न्यायाधीशों के मामले में, औद्योगिक अधिकरण में की गई सेवा की गणना, सेवा, जिससे वे संबंधित है, के विद्यमान नियमों के अनुसार आहरित की जाने वाली पेंशन के लिए की जाएगी तथा वे उन पर लागू सामान्य भविष्य निधि नियम के उपबंधों एवं पेंशन के नियमों द्वारा शासित होंगे।

(ख) सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के मामले में, वे उनके पुनर्नियोजन की अवधि के दौरान नियमों के अनुसार अंशदायी भविष्य निधि योजना में शामिल होने के पात्र होंगे तथा औद्योगिक अधिकरण में दी गई सेवा के लिए अतिरिक्त उपादान का भुगतान नहीं किया जाएगा।

(10) न्यायिक सदस्य, ऐसे दर पर मकान किराए भत्ते प्राप्त करने के लिए पात्र होंगे, जैसा कि राज्य सरकार कें समूह 'क' के पद पर समान वेतन वाले किसी अधिकारी को अनुज्ञेय है अथवा उनको उपयुक्त शासकीय आवास आबंटित किया जा सकेगा।

(11) (क) सेवारत न्यायाधीशों के मामले में, ऐसा अवकाश अनुज्ञेय होगा, जैसा कि उच्च न्यायालय के सेवारत न्यायाधीशों को अनुज्ञेय है।

(ख) सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के मामले में, ऐसा अवकाश अनुज्ञेय होगा, जैसा कि राज्य सरकार के समूह 'क' के पद पर समान वेतन वाले किसी अधिकारी को अनुज्ञेय है।

(12) (क) राज्य सरकार, न्यायिक सदस्य के लिए अवकाश स्वीकृतिकर्ता प्राधिकारी होगी।

(ख) राज्य सरकार, न्यायिक सदस्य के विदेशी दौरे के लिए स्वीकृतिकर्ता प्राधिकारी होगी।

(13) राज्य सरकार की ऐसी स्वास्थ्य योजना सुविधाएं अनुज्ञेय होगी, जैसा कि राज्य सरकार के समूह 'क' के पद पर समान वेतन वाले किसी अधिकारी को अनुज्ञेय है।

(14) (क) न्यायिक सदस्य को यात्रा भत्ता, राज्य सरकार में समूह 'क' के पद पर समान वेतन वाले किसी अधिकारी की पात्रता के अनुसार अनुज्ञेय होगी।

(ख) सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के मामले में, औद्योगिक अधिकरण में कार्यभार ग्रहण करने के लिए अपने गृह नगर से मुख्यालय तथा कार्य की समाप्ति पर मुख्यालय से गृह नगर के लिए स्थानांतरण यात्रा भत्ता भी, राज्य सरकार के समूह 'क' के पद पर समान वेतन वाले किसी अधिकारी की पात्रता के अनुसार अनुज्ञेय होगी।

(15) न्यायिक सदस्य, ऐसे अवकाश यात्रा रियायत के लिए पात्र होंगे, जैसा कि राज्य सरकार के समूह 'क' के पद पर समान वेतन वाले किसी अधिकारी को अनुज्ञेय है।

(16) न्यायिक सदस्य, ऐसे परिवहन भत्ते के लिए पात्र होंगे, जैसा कि राज्य सरकार में समूह 'क' के पद पर समान वेतन वाले किसी अधिकारी को अनुज्ञेय है।

(17) किसी भी व्यक्ति को न्यायिक सदस्य के रूप में तब तक नियुक्त नहीं किया जाएगा, जब तक कि उसे इस निमित्त राज्य सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट किसी प्राधिकारी द्वारा चिकित्सकीय रूप से स्वस्थ घोषित न कर दिया जाए।

(18) (क) यदि राज्य सरकार द्वारा लिखित और सत्यापन योग्य कोई शिकायत प्राप्त की जाती है, जिसमें कथित तौर पर कदाचार या न्यायिक सदस्य के रूप में कार्य–निष्पादन करने की अक्षमता का कोई निश्चित आरोप लगाया गया हो, तो वह इस शिकायत की प्राथमिक संवीक्षा करेगी।

(ख) यदि प्राथमिक संवीक्षा करने पर, राज्य सरकार की राय है कि किसी न्यायिक सदस्य के कदाचार अथवा अक्षमता की सत्यता की जाँच करने के लिए यथोचित आधार हैं, तो ऐसी जाँच करने के लिए

मामले को खोज–सह–चयन समिति को संदर्भित करेगी।

(ग) खोज–सह–चयन समिति, इस जाँच को छः माह के समय में अथवा राज्य सरकार द्वारा यथा विनिर्दिष्ट अतिरिक्त समय में पूरा करेगी।

(घ) जाँच की समाप्ति के पश्चात, खोज–सह–चयन समति अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को प्रस्तुत करेगी जिसमें उसके निष्कर्ष एवं प्रत्येक आरोपों पर अलग–अलग कारण बताते हुए, पूरे मामले पर, ऐसी टिप्पणियों जैसा कि वह उचित समझे, के साथ उल्लेख करेगी।

(ड.) खोज–सह–चयन समिति, सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 (1908 का सं. 5) द्वारा निर्धारित प्रक्रिया से बाध्य नहीं होगी, किन्तु प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों से निर्देशित होगी तथा अपनी जाँच की तारीख, स्थान तथा समय निर्धारित करने सहित अपनी स्वयं की प्रक्रिया को विनियमित करने की शक्ति होगी।

(19) न्यायिक सदस्य, किसी भी समय, राज्य सरकार को संबोधित, इस आशय का अपना हस्तलिखित सूचना देकर, अपने पद से त्यागपत्र दे सकता है :

परन्तु न्यायिक सदस्य, जब तक कि उसे राज्य सरकार द्वारा उसे अपना पद शीघ्रतम (पहले) त्यागने की अनुमति न हो, ऐसी सूचना की प्राप्ति की तारीख से तीन माह की समाप्ति तक अथवा उस पद पर उसके उत्तराधिकारी के रूप में विधिवत नियुक्त व्यक्ति के कार्यभार ग्रहण करने अथवा उसके कार्यकाल की समाप्ति तक, जो भी पहले हो, अपने पद पर बना रहेगा।

(20) राज्य सरकार, खोज–सह–चयन समिति की अनुशंसा पर, किसी न्यायिक सदस्य को उसके पद से हटा देगी, –

(क) जिसे दिवालिया घोषित किया गया हो ; अथवा

(ख) जिसे किसी ऐसे अपराध का दोषसिद्ध ठहराया गया हो, जिसमें नैतिक अधमता अंतर्वलित हो; अथवा

(ग) जो न्यायिक सदस्य के रूप में कार्य करने के लिए शारीरिक अथवा मानसिक रूप से अक्षम हो गया हो; अथवा

(घ) जिसने ऐसा वित्तीय एवं अन्य लाभ प्राप्त किया हो, जिससे उसके न्यायिक सदस्य के रूप में, उसके कार्य, प्रतिकूलता से प्रभावित होने की संभावना हो; अथवा

(ड.) जिसने अपने पद का इस प्रकार से दुरूपयोग किया हो कि उसका उस पद पर बना रहना लोकहित के प्रतिकूल हो:

परन्तु, जहाँ किसी न्यायिक सदस्य को खंड (ख) से (ड.) में विनिर्दिष्ट किसी आधार पर उसके पद से हटाया जाना प्रस्तावित हो, तो उसे उसके विरूद्ध लगाए गए आरोपों की सूचना दी जायेगी तथा उन आरोपों के संबंध में उसे सुनवाई का अवसर दिया जाएगा।

(21) न्यायिक सदस्य के रूप में नियुक्त प्रत्येक व्यक्ति, अपना पदभार ग्रहण करने से पहले, इन नियमों से संलग्न **प्ररूप–बीस** में पद और गोपनीयता की शपथ लेगा और हस्ताक्षर करेगा।

(22) न्यायिक सदस्य की सेवाओं की निबंधन और शर्तों से संबंधित मामला, जिसके संबंध में इन नियमों में कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं किए गए हैं, औद्योगिक अधिकरण द्वारा राज्य सरकार को इसके निर्णय हेतु निर्दिष्ट किया जायेगा तथा इस पर राज्य सरकार का निर्णय बाध्यकारी होगा।

(23) कारणों को लेखबद्ध करते हुए, किसी श्रेणी या वर्ग के व्यक्तियों के संबंध में, इन नियमों के किसी प्रावधान को शिथिल करने की शक्ति, राज्य सरकार को होगी।

34ख. **संहिता की धारा 44 की उप–धारा (9) के अंतर्गत रिक्ति भरने की रीति और संहिता की धारा 44 की उप–धारा (5) एवं (6) के अंतर्गत औद्योगिक अधिकरण के प्रशासनिक सदस्य की अर्हता, चयन की प्रकिया, वेतन और भत्ते तथा अन्य निबंधन और शर्तें.–** (1) कोई भी व्यक्ति औद्योगिक अधिकरण के प्रशासनिक सदस्य के रूप में नियुक्त किये जाने के लिये तब तक अर्हित नहीं होगा, जब तक कि –

(क) वह छत्तीसगढ़ राज्य में भारतीय प्रशासनिक सेवा के सचिव स्तर का अधिकारी न हो या न रहा हो; या

(ख) वह छत्तीसगढ़ श्रम विभाग में श्रमायुक्त के रूप में एक वर्ष कार्य न कर चुका हो; या

(ग) वह छत्तीसगढ़ श्रम विभाग में अपर श्रमायुक्त के रूप में दो वर्ष कार्य न कर चुका हो; या

(घ) वह छत्तीसगढ़ श्रम विभाग में उप श्रमायुक्त के रूप में कम से कम सात वर्ष की कालावधि तक कार्य न कर चुका हो।

(2) प्रशासनिक सदस्य की नियुक्ति, इस नियम के उप–नियम (3) में विनिर्दिष्ट खोज–सह–चयन समिति की अनुशंसा पर, राज्य सरकार द्वारा की जाएगी।

(3) खोज–सह–चयन समिति में निम्नलिखित सदस्य शामिल होंगे, अर्थात्:–

(एक) छत्तीसगढ़ के मुख्य न्यायाधीश अथवा उनके द्वारा नामित उच्च न्यायालय का न्यायाधीश– अध्यक्ष;

(दो) मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन अथवा उनके द्वारा नामित सचिव – सदस्य;

(तीन) प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, विधि और विधायी कार्य विभाग– सदस्य;

(चार) सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, श्रम विभाग– सदस्य।

(4) खोज–सह–चयन समिति (एससीएससी) अपनी अनुशंसा देने हेतु कार्य प्रक्रिया का निर्धारण करेगी, और औद्योगिक अधिकरण की अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए अर्हता, उपयुक्तता, विगत कार्य–प्रदर्शन के अभिलेख, सत्यनिष्ठा के साथ–साथ अनुभव पर भी विचार करने के बाद, उक्त पद पर नियुक्ति हेतु दो या तीन व्यक्तियों, जैसा कि वह उचित समझे, के पैनल की अनुशंसा करेगी।

(5) प्रशासनिक सदस्य की नियुक्ति को खोज–सह–चयन समिति में केवल रिक्ति या किसी सदस्य की अनुपस्थिति के कारण मात्र से, अविधिमान्य घोषित नहीं किया जाएगा।

(6) प्रशासनिक सदस्य, चार वर्ष की अवधि या पैंसठ वर्ष की आयु पूर्ण करने, जो भी पहले हो, तक अपने पद पर बना रहेगा।

(7) प्रशासनिक सदस्य के पद पर आकस्मिक रिक्ति के मामले में, राज्य सरकार, अन्य औद्योगिक अधिकरण के प्रशासनिक सदस्य को प्रशासनिक सदस्य के रूप में कर्तव्य पूरा करने के लिए नियुक्त करेगी।

(8) (क) एक प्रशासनिक सदस्य को प्रतिमाह 2,25,000/– रुपये अथवा राज्य शासन द्वारा समय–समय पर यथा निर्धारित वेतन का भुगतान किया जाएगा तथा वे ऐसे भत्ते आहरित करने के लिए पात्र होंगे, जैसा कि राज्य सरकार में समूह 'क' पद पर समान वेतन वाले किसी अधिकारी को अनुज्ञेय है।

(ख) सेवानिवृत्त सरकारी अधिकारी की नियुक्ति के मामले में, उसके वेतन में से, उसके द्वारा प्राप्त की जा रही पेंशन की सकल राशि घटा कर दी जाएगी।

(9) (क) सेवारत सरकारी अधिकारी के मामले में, औद्योगिक अधिकरण में की गई सेवा की गणना, सेवा, जिससे वे संबंधित है, उनके विद्यमान नियमों के अनुसार आहरित की जाने वाली पेंशन के लिए की जाएगी तथा वे उन पर लागू सामान्य भविष्य निधि नियम के उपबंधों एवं पेंशन के नियमों द्वारा शासित होंगे।

(ख) सेवानिवृत्त सरकारी अधिकारियों के मामले में, वे अपने पुनर्नियोजन की अवधि के दौरान विद्यमान नियमों के अनुसार अंशदायी भविष्य निधि योजना में शामिल होने हेतु पात्र होंगे। औद्योगिक अधिकरणों में प्रशासनिक सदस्य द्वारा की गई सेवा के लिए अतिरिक्त उपादान अनुज्ञेय नहीं होगा।

(10) प्रशासनिक सदस्य, ऐसे दर पर मकान किराए भत्ते प्राप्त करने के लिए पात्र होंगे, जैसा कि राज्य सरकार के समूह 'क' के पद पर समान वेतन वाले किसी अधिकारी को अनुज्ञेय है अथवा उनको उपयुक्त शासकीय आवास आबंटित किया जाएगा।

(11) (क) सेवारत सरकारी अधिकारी के मामले में, सेवा, जिससे वह संबंधित है, के विद्यमान नियमों के अनुसार अवकाश अनुज्ञेय होगी।

(ख) सेवानिवृत्त सरकारी अधिकारियों के मामले में, ऐसे अवकाश अनुज्ञेय होगी, जैसा कि राज्य सरकार के समूह 'क' पद के समान वेतन पाने वाले के किसी अधिकारी को अनुज्ञेय है।

(12) (क) राज्य सरकार, सदस्य के लिए अवकाश स्वीकृतिकर्ता प्राधिकारी होगी।

(ख) राज्य सरकार, प्रशासनिक सदस्य की विदेश यात्रा के लिए स्वीकृतिकर्ता प्राधिकारी होगी।

(13) राज्य सरकार की ऐसी स्वास्थ्य योजना सुविधाएं अनुज्ञेय होंगी, जैसा कि राज्य सरकार के समूह 'क' पद के समान वेतन पाने वाले किसी अधिकारी को अनुज्ञेय हैं।

(14) (क) प्रशासनिक सदस्य को यात्रा भत्ता, राज्य सरकार के समूह 'क' पद के समान वेतन पाने वाले किसी अधिकारी की पात्रता के अनुसार अनुज्ञेय होगी।

(ख) सेवानिवृत्त सरकारी अधिकारी के मामले में, औद्योगिक अधिकरण में कार्यभार ग्रहण करने के लिए अपने गृह नगर से मुख्यालय और कार्य की समाप्ति पर मुख्यालय से गृह नगर के लिए स्थानांतरण यात्रा भत्ता भी, राज्य सरकार के समूह 'क' पद के समान वेतन पाने वाले किसी अधिकारी की पात्रता के अनुसार अनुज्ञेय होगी।

(15) कोई प्रशासनिक सदस्य, ऐसे अवकाश यात्रा रियायत के लिये पात्र होंगे, जैसा कि राज्य सरकार के समूह 'क' पद के समान वेतन पाने किसी अधिकारी को अनुज्ञेय है।

(16) कोई प्रशासनिक सदस्य, ऐसे परिवहन भत्ते के लिये पात्र होंगे, जैसा कि राज्य सरकार के समूह 'क' पद के समान वेतन पाने किसी अधिकारी को अनुज्ञेय है।

(17) किसी भी व्यक्ति को प्रशासनिक सदस्य के रूप में तब तक नियुक्त नहीं किया जाएगा, जब तक कि उसे इस निमित्त राज्य सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट किसी प्राधिकारी द्वारा चिकित्सकीय रूप से स्वस्थ घोषित न कर दिया जाए।

(18) (क) यदि राज्य सरकार द्वारा लिखित और सत्यापन योग्य कोई शिकायत प्राप्त की जाती है, जिसमें कथित तौर पर कदाचार या प्रशासनिक सदस्य के रूप में कार्य–निष्पादन करने की अक्षमता का कोई निश्चित आरोप लगाया गया हो, तो वह इस शिकायत की प्रारंभिक संवीक्षा करेगी।

(ख) यदि प्रारंभिक संवीक्षा पर, राज्य सरकार की यह राय हो कि किसी प्रशासनिक सदस्य के किसी कदाचार या अक्षमता की सच्चाई की जाँच करने के यथोचित आधार हैं, तो यह जाँच कराने के लिए खोज–सह–चयन समिति को संदर्भित करेगी।

(ग) खोज–सह–चयन समिति, इस जाँच को, छः माह के समय में अथवा राज्य सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट अतिरिक्त समय में पूरी करेगी।

(घ) जाँच की समाप्ति के पश्चात्, खोज–सह–चयन समिति अपनी रिपोर्ट, राज्य सरकार को प्रस्तुत करेगी, जिसमें उसके निष्कर्ष एवं प्रत्येक आरोपों पर अलग–अलग कारण बताते हुये, पूरे मामले पर ऐसी टिप्पणियों, जैसा कि वह उचित समझे, के साथ उल्लेख करेगी।

(ङ) खोज–सह–चयन समिति, सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 (1908 का सं. 5) द्वारा निर्धारित कार्य प्रक्रिया द्वारा बाध्य नहीं होगी, किन्तु प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों द्वारा निर्देशित होगी तथा अपनी जाँच की तारीख, स्थान और समय निर्धारित करने सहित अपनी स्वयं की प्रक्रिया विनियमित करने की शक्ति होगी।

(19) कोई प्रशासनिक सदस्य, राज्य सरकार को संबोधित इस आशय का अपना हस्तलिखित सूचना देकर, किसी भी समय, अपने पद से त्याग–पत्र दे सकेगा:

परन्तु, प्रशासनिक सदस्य, जब तक कि राज्य सरकार द्वारा उसे अपना पद शीघ्रतर (पहले) त्यागने की अनुमति न हो, ऐसी सूचना की प्राप्ति की तारीख से तीन माह की समाप्ति तक या उसके पद पर उत्तराधिकारी के रूप में विधिवत नियुक्त व्यक्ति के कार्यभार ग्रहण करने अथवा उसके कार्यकाल समाप्ति तक, जो भी पहले हो, अपने पद पर बना रहेगा।

(20) राज्य सरकार, खोज–सह–चयन समिति की अनुशंसा पर, किसी भी प्रशासनिक सदस्य को पद से हटा सकेगी, –

(क) जिसे दिवालिया घोषित कर दिया गया हो; या

(ख) जिसे किसी ऐसे अपराध का दोषसिद्ध ठहराया गया हो, जिसमें नैतिक अधमता अंतर्वलित हो; या

(ग) जो ऐसे सदस्य के रूप में कार्य करने हेतु शारीरिक या मानसिक रूप से अक्षम हो गया हो; या

(घ) जिसने ऐसा कोई वित्तीय या अन्य हित प्राप्त किया हो, जिससे प्रशासनिक सदस्य के रूप में उसके कार्य, प्रतिकूल रूप से प्रभावित होने की संभावना हो; या

(ङ) जिसने अपने पद का इस प्रकार दुरूपयोग किया हो कि उसका उस पद पर बना रहना लोकहित के प्रतिकूल हो:

परन्तु जहाँ किसी प्रशासनिक सदस्य को खण्ड (ख) से (ङ) में विनिर्दिष्ट किसी आधार पर हटाया जाना प्रस्तावित हो, तो उसे उसके

विरुद्ध लगाये गये आरोपों की सूचना दी जाएगी तथा उन आरोपों के संबंध में उसे सुनवाई का अवसर दिया जाएगा।

(21) प्रशासनिक सदस्य के रूप में नियुक्त प्रत्येक व्यक्ति, अपना पदभार ग्रहण करने से पहले, इन नियमों सें संलग्न **प्ररूप–बीस** में पद और गोपनीयता की शपथ लेगा और हस्ताक्षर करेगा।

(22) प्रशासनिक सदस्य की सेवाओं के निबंधन और शर्तों से संबंधित मामले, जिसके संबंध में इन नियमों में कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं किये गए हैं, औद्योगिक अधिकरण द्वारा राज्य सरकार को इसके निर्णय हेतु निर्दिष्ट किया जाएगा तथा इस पर राज्य सरकार का निर्णय बाध्यकारी होगा।

(23) कारणों को लेखबद्ध करते हुए, किसी भी श्रेणी या वर्ग के व्यक्तियों के संबंध में, इन नियमों के किसी प्रावधान को शिथिल करने की शक्ति, राज्य सरकार को होगी।

35. **संहिता की धारा 44 की उप–धारा (10) के अंतर्गत औद्योगिक अधिकरण के अन्य अधिकारियों एवं अधीनस्थ कर्मचारियों की नियुक्ति.–** (1) राज्य शासन, औद्योगिक अधिकरण के न्यायिक सदस्य के परामर्श से, ऐसे अधिकारियों एवं अन्य अधीनस्थ कर्मचारियों को नियुक्त कर सकेगा, जो कि संहिता द्वारा या इस नियम के अधीन औद्योगिक अधिकरण को प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग और अधिरोपित कर्तव्यों के निष्पादन के लिये आवश्यक हों।

(2) औद्योगिक अधिकरण के अधिकारी एवं अन्य अधीनस्थ कर्मचारी ऐसी शक्तियों का प्रयोग करेंगे तथा ऐसे कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे, जैसा कि औद्योगिक अधिकरण के न्यायिक सदस्य, राज्य शासन के किसी आदेश के अधीन रहते हुये, समय–समय पर निर्देशित करें।

(3) औद्योगिक अधिकरण के अधिकारी एवं अन्य अधीनस्थ कर्मचारी, सेवा की ऐसी शर्तों के अध्यधीन होंगे और ऐसे वेतन तथा अन्य परिलब्धियाँ आहरित करने तथा लाभ प्राप्त करने हेतु पात्र होंगे, जैसा कि राज्य शासन द्वारा निर्धारित किया जाये।

36. **सुलह अधिकारी और औद्योगिक अधिकरण को धारा 49 की उप–धारा (3) के खंड (घ) के अधीन सिविल न्यायालय की शक्तियां.–** सुलह अधिकारी और औद्योगिक अधिकरण को सिविल न्यायालय की शक्तियां प्राप्त होंगी, जो सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 (1908 का 5) के अधीन सिविल न्यायालय में निहित हैं, जब वे निम्नलिखित मामलों के संबंध में किसी मुकदमे की सुनवाई कर रहे हों, अर्थात्:–

(क) प्रतिष्ठान के परिसर और दस्तावेजों का निरीक्षण;

(ख) शपथ पत्र पर साक्ष्य लेना;

(ग) दस्तावेजों की खोज;

(घ) जाँच और पूछताछ;

(ङ) कोई अन्य मामले, जो राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर अधिसूचना द्वारा निर्धारित की जाए।

37. सुलह कार्यवाही का आयोजन, पूरी रिपोर्ट, और आवेदन तथा ऐसे आवेदन पर निर्णय करने की रीति.– (1) जहाँ सुलह अधिकारी को कोई –

(क) हड़ताल या लॉकआउट का नोटिस प्राप्त होता है जो नियम 39 या नियम 40 के तहत् दिया गया हो; या

(ख) किसी मौजूदा औद्योगिक विवाद के संबंध में आवेदन प्राप्त होता है; या

(ग) अनुमानित औद्योगिक विवाद के संबंध में कोई सूचना प्राप्त होती है, तो वह–

(एक) खंड (क) के मामले में, निर्दिष्ट पोर्टल पर विवरण दर्ज करेगा और सुलह कार्यवाही आयोजित करेगा तथा संबंधित पक्षों को ऐसी कार्यवाही की बैठक की तारीख की सूचना देगा;

(दो) खंड (ख) के मामले में, निर्दिष्ट पोर्टल पर विवरण दर्ज करेगा और आवेदन की जाँच करेगा और यदि वह पाता है कि ऐसा विवाद केन्द्र सरकार के अधिकार क्षेत्र में आता है, तो आवेदन को संबंधित प्राधिकारी को हस्तांतरित करेगा अन्यथा आवेदन के साथ आगे बढ़कर इसके संबंध में समझौता करेगा; और

(तीन) खंड (ग) के मामले में, निर्दिष्ट पोर्टल पर विवरण दर्ज करेगा और संबंधित पक्षों को ताजा नोटिस जारी करेगा जिसमें वह यह घोषणा करेगा कि वह सुलह कार्यवाही शुरू करने का इरादा रखते हैं।

(2) नियोक्ता के प्रतिनिधि और कामगार के प्रतिनिधि, उप–नियम (1) में उल्लिखित नोटिस प्राप्त होने पर, सुलह प्रक्रियाओं की पहली बैठक में उक्त विवाद के सम्बन्ध में अपने–अपने बयान प्रस्तुत करेंगे।

(3) सुलह अधिकारी बिना किसी विलम्ब के विवाद से संबंधित तथ्यों और परिस्थितियों का पता लगाएगा तथा उसके गुण–दोष और उचित समाधान को प्रभावित करने वाले सभी मामलों की जाँच करेगा और विवाद के पक्षकारों के बीच सुलह की कार्यवाही करेगा तथा वह विवाद के उचित और सौहार्दपूर्ण समाधान के लिए पक्षकारों को प्रेरित करने के प्रयोजनार्थ वह सभी कार्य कर सकता है जो वह उचित समझे।

(4) यदि उप–नियम (3) में उल्लिखित सुलह कार्यवाही में कोई समझौता नहीं होता है, तो सुलह अधिकारी, सुलह कार्यवाही पूरी होने की तारीख से सात दिनों के भीतर श्रम विभाग के विभागीय पोर्टल पर एक रिपोर्ट अपलोड करेगा और उसकी एक प्रति इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से, पंजीकृत डाक या स्पीड पोस्ट के माध्यम से, या व्यक्तिगत रूप से विवाद के पक्षकारों, राज्य शासन और श्रमायुक्त को अग्रेषित करेगा। उक्त रिपोर्ट को संबंधित पक्षकारों के लिए श्रम विभाग द्वारा विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध कराया जाएगा।

(5) यदि सुलह प्रक्रिया के दौरान विवाद या विवाद के किसी भी मामले का निपटान हो जाता है, तो सुलह अधिकारी, श्रमायुक्त या उसके द्वारा इस

संबंध में अधिकृत अधिकारी को विवाद के पक्षकारों द्वारा हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन के साथ एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के अतिरिक्त, उस रिपोर्ट और समझौते के ज्ञापन को श्रम विभाग द्वारा विभागीय पोर्टल पर भी अपलोड करेगा।

(6) उप–नियम (4) में निर्दिष्ट रिपोर्ट में, अन्य बातों के साथ–साथ, विवाद में शामिल नियोक्ता, कामगार या व्यावसायिक संघ, यथास्थिति, के प्रस्तुतिकरण शामिल होंगे और इसमें सुलह अधिकारी द्वारा पक्षों को सौहार्दपूर्ण समाधान पर लाने के लिए किए गए प्रयास, विवाद को हल करने के लिए पक्षों द्वारा इंकार करने के कारण और सुलह अधिकारी द्वारा निकाले गए निष्कर्ष भी शामिल होंगे।

(7) सुलह अधिकारी के समक्ष दस्तावेजी साक्ष्य को छोड़कर सभी साक्ष्य शपथ पत्र के रूप में प्रस्तुत किए जाएंगे और विवाद के पक्षकार भी आवेदन या, यथास्थिति, उसका उत्तर या प्रत्युत्तर शपथ पत्र में प्रस्तुत करेंगे।

38. **देयताओं की वसूली के लिए आवेदन.**– (1) जहाँ कोई धनराशि नियोक्ता से किसी कर्मचारी या कर्मचारियों के समूह को किसी समझौते या पंचाट के अंतर्गत या संहिता के अध्याय–नौ या अध्याय–दस के उपबंधों के अंतर्गत देय है, तो कर्मचारी या कर्मचारियों का समूह, यथास्थिति, ऐसे देय धन की वसूली के लिए **प्ररूप–इक्कीस** में आवेदन कर सकेगा:

परंतु कामगार द्वारा लिखित रूप से अधिकृत व्यक्ति के मामले में, या कामगार की मृत्यु के मामले में, मृतक कामगार का उत्तराधिकारी या उत्तराधिकारी **प्ररूप–बाईस** में आवेदन करेगा।

(2) जहाँ कोई कामगार या कामगारों का समूह नियोक्ता से कोई धनराशि या कोई लाभ पाने का हकदार है, जिसकी धनराशि के तौर पर गणना की जा सकती है, तो कामगार या कामगारों का समूह, जैसा भी हो, अधिकार क्षेत्र वाले ट्रिब्यूनल में **प्ररूप–तेईस** में, देय राशि या, जैसा भी हो, वह राशि तय करने के लिए आवेदन कर सकता है, जिस पर ऐसे लाभ की गणना की जानी चाहिए, और ऐसा अधिकरण आवेदन करने की तारीख से तीन महीने से अनधिक समय के अंदर आवेदन पर निर्णय करेगा :

परंतु, इस उप–नियम में निर्दिष्ट किसी कर्मचारी की मृत्यु की स्थिति में, आवेदन मृतक कर्मचारी के समनुदेशिती या उत्तराधिकारी द्वारा **प्ररूप–चौबीस** में किया जाएगा।

अध्याय–आठ

हड़ताल और तालाबंदियां

39. **हड़ताल का नोटिस देने वाले व्यक्तियों की संख्या, वह व्यक्ति या वे व्यक्ति जिन्हें ऐसा नोटिस दिया जाएगा और ऐसा नोटिस देने की रीति.**– (1) धारा 62 की उप–धारा (1) में निर्दिष्ट हड़ताल की नोटिस किसी औद्योगिक स्थापना के नियोक्ता

को **प्ररूप–पच्चीस** में दिया जाएगा, जिस पर संबंधित पंजीकृत व्यावसायिक संघ के सचिव या जहाँ कोई पंजीकृत व्यावसायिक संघ नहीं है, वहाँसंबंधित औद्योगिक स्थापना से संबंधित नोटिस देने वाले कामगारों के पांच निर्वाचित प्रतिनिधियों द्वारा विधिवत हस्ताक्षर किए जाएंगे तथा उसकी प्रतिलिपि संबंधित सुलह अधिकारी, श्रमायुक्त एवं सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, श्रम विभाग को इलेक्ट्रॉनिक रूप से या पंजीकृत डाक या स्पीड पोस्ट द्वारा भेजी जाएगी।

(2) उप–धारा (1) में निर्दिष्ट नोटिस की प्राप्ति की तारीख नियम 37 के उप–नियम (1) के खंड (क) के प्रयोजनों के लिए नोटिस प्राप्त करने की तारीख होगी।

(3) यदि किसी औद्योगिक स्थापना के नियोक्ता को उसके द्वारा नियोजित किसी व्यक्ति से धारा 62 की उप–धारा (1) में निर्दिष्ट हड़ताल का कोई नोटिस प्राप्त होता है, तो वह ऐसा नोटिस प्राप्त होने की तारीख से पांच दिन के भीतर संबंधित सुलह अधिकारी और श्रमायुक्त को इलेक्ट्रॉनिक रूप से इसकी सूचना देगा।

40. **तालाबंदी का नोटिस और प्राधिकार.**– (1) धारा 62 की उप–धारा (2) में निर्दिष्ट तालाबंदी का नोटिस औद्योगिक स्थापना के नियोक्ता द्वारा **प्ररूप–छब्बीस** में ऐसे औद्योगिक स्थापना से संबंधित प्रत्येक पंजीकृत व्यावसायिक संघ के सचिव को पंजीकृत डाक या स्पीड पोस्ट या इलेक्ट्रॉनिक रूप से दिया जाएगा, तथा उसकी एक प्रति सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, श्रम विभाग, श्रमायुक्त एवं संबंधित सुलह अधिकारी को इलेक्ट्रॉनिक रूप से भेजी जाएगी।

(2) उप–नियम (1) में निर्दिष्ट नोटिस नियोक्ता द्वारा औद्योगिक स्थापना के मुख्य प्रवेश द्वार पर नोटिस बोर्ड या इलेक्ट्रॉनिक बोर्ड पर सुस्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया जाएगा और उक्त नोटिस की एक प्रति ऐसे औद्योगिक स्थापना के निर्दिष्ट पोर्टल, यदि कोई हो, पर भी पोस्ट की जा सकेगी और सुलह अधिकारी द्वारा ऐसे नोटिस की प्राप्ति की तारीख नियम 37 के उप–नियम (1) के खंड (क) के प्रयोजनों के लिए नोटिस प्राप्त करने की तारीख होगी ।

(3) यदि नियोक्ता अपने द्वारा नियोजित किसी व्यक्ति को तालाबंदी का नोटिस देता है, तो वह ऐसे नोटिस की तारीख से पांच दिन के भीतर संबंधित सुलह अधिकारी और श्रमायुक्त को इलेक्ट्रॉनिक रूप से इसकी सूचना देगा।

अध्याय–नौ

कामबंदी, छंटनी और बंदी

41. **कामगार की छंटनी से पूर्व नोटिस देना.**– यदि कोई नियोक्ता अपने औद्योगिक स्थापना में नियोजित किसी ऐसे कामगार की छंटनी करना चाहता है, जो उसके अधीन कम से कम एक वर्ष तक लगातार सेवा में रहा हो, तो ऐसा नियोक्ता ऐसी छंटनी की पूर्व सूचना **प्ररूप–सत्ताईस** में राज्य शासन, श्रमायुक्त एवं संबंधित सुलह

अधिकारी को ई–मेल के माध्यम से या पंजीकृत या स्पीड पोस्ट द्वारा निम्नलिखित रीति से देगा, अर्थात–

(क) जहाँ किसी कर्मचारी को नोटिस दिया जाता है, वहाँछंटनी का नोटिस कर्मचारी को नोटिस दिए जाने की तारीख से तीन दिन के भीतर भेजी जाएगी;

(ख) जहाँ कर्मचारी को कोई नोटिस नहीं दिया जाता है और उसे इसके बदले में एक महीने का वेतन दिया जाता है, वहाँछंटनी का नोटिस ऐसे वेतन के भुगतान की तारीख से तीन दिन के भीतर भेजी जाएगी; और

(ग) जहाँ छंटनी किसी ऐसे समझौते के तहत् की जाती है, जिसमें सेवा समाप्ति की तारीख निर्दिष्ट होती है, वहाँछंटनी का नोटिस इस प्रकार भेजा जाएगा कि वह राज्य शासन तक पहुंच जाए और उसकी एक प्रति श्रमायुक्त एवं संबंधित सुलह अधिकारी को ऐसी तारीख से कम से कम एक महीने पहले भेजा जाएगाः

परंतु यदि सेवा समाप्ति की सहमत तारीख समझौते के तीस दिन के भीतर है, तो छंटनी की सूचना समझौते के तीन दिन के भीतर राज्य शासन को भेजते हुये उसकी एक प्रति श्रमायुक्त एवं संबंधित सुलह अधिकारी को भेजी जाएगी।

42. छंटनी किए गए कामगारों को पुनः नियोजन का अवसर देने की रीति.–

(1) नियोक्ता उस विशेष श्रेणी के सभी कामगारों की सूची तैयार करेगा, जिसमें से छंटनी अपेक्षित है, तथा उन्हें उस श्रेणी में उनकी सेवा की वरिष्ठता के अनुसार व्यवस्थित करेगा और उसकी एक प्रति छंटनी की वास्तविक तारीख से कम से कम सात दिन पूर्व औद्योगिक स्थापना के परिसर में किसी प्रमुख स्थान पर सूचना पटल पर चिपकाएगा।

(2) जब किसी औद्योगिक स्थापना में कोई रिक्ति होती है और ऐसी रिक्तियों को भरने के प्रस्ताव से एक वर्ष पूर्व ऐसे औद्योगिक स्थापना के कर्मचारियों की छंटनी की गई हो, तो ऐसे औद्योगिक स्थापना का नियोक्ता, यदि ऐसे कर्मचारी भारत के नागरिक हैं और उन्होंने नियोजन के लिए अपनी इच्छा व्यक्त की है, तो उनकी सेवा वरिष्ठता के आधार पर उन्हें अन्य पर वरीयता देगा।

(3) नियोक्ता, औद्योगिक स्थापना के परिसर में किसी सुस्पष्ट स्थान पर सूचना पट्ट पर रिक्तियों का ब्यौरा, रिक्तियों को भरे जाने की तारीख से कम से कम पंद्रह दिन पूर्व प्रदर्शित करने की व्यवस्था करेगा तथा उन रिक्तियों की सूचना पंजीकृत डाक या स्पीड पोस्ट या ई–मेल के माध्यम से उन सभी छंटनीकृत कर्मचारियों को देगा, जो उसके लिए विचार किए जाने के पात्र हैं, तथा छंटनी के समय या उसके बाद किसी भी समय उनमें से प्रत्येक द्वारा दिए गए अंतिम पते या ई–मेल पर देगाः

परन्तु जब ऐसी रिक्तियों की संख्या छंटनी किए गए कर्मचारियों की संख्या से कम हो, तो यह पर्याप्त होगा कि नियोक्ता द्वारा उप–नियम (1) में निर्दिष्ट सूची में सबसे वरिष्ठ छंटनी किए गए कर्मचारियों को व्यक्तिगत रूप

से सूचना दी जाए और ऐसे वरिष्ठतम कर्मचारियों की संख्या ऐसी रिक्तियों की संख्या से दोगुनी हो।

परंतु यह और कि जहाँ रिक्ति एक महीने से कम अवधि की हो, वहाँ नियोक्ता पर ऐसी रिक्ति की सूचना व्यक्तिगत रूप से छंटनी किए गए कर्मचारियों को भेजने का कोई दायित्व नहीं होगा :

परंतु यह भी कि यदि कोई छंटनी किया गया कर्मचारी, नियोक्ता को लिखित रूप में पर्याप्त कारण बताए बिना, इस उप–नियम तहत् नियोक्ता द्वारा उसे भेजी गई सूचना में निर्दिष्ट तारीख या तारीखयों पर पुनर्नियोजन के लिए स्वयं को प्रस्तुत नहीं करता है, तो नियोक्ता उसे किसी भी बाद के अवसर पर भरी जा सकने वाली रिक्तियों की सूचना नहीं दे सकता है।

(4) उप–नियम (3) के प्रावधानों का अनुपालन करने के तुरंत बाद, नियोक्ता, औद्योगिक स्थापना से संबद्ध वार्ताकारी संघ या वार्ताकारी परिषद के घटक या व्यावसायिक संघों को, भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या और उन छंटनीग्रस्त कर्मचारियों के नामों की भी सूचना देगा, जिन्हें उस उप–नियम के अंतर्गत सूचना भेजी गई है :

परंतु नियोक्ता द्वारा इस उप–नियम के प्रावधानों का अनुपालन किसी भी स्थिति में आवश्यक नहीं है, जहाँ उप–नियम (1) के अंतर्गत तैयार की गई सूची में उल्लिखित प्रत्येक कर्मचारियों को सूचना भेजी जाती है।

43. **अभिप्रेत समापन के लिए नियोक्ता द्वारा सूचना देना.–** (1) यदि कोई नियोक्ता किसी औद्योगिक स्थापना को बंद करने का इरादा रखता है, तो वह धारा 74 की उप–धारा (1) में निर्दिष्ट समय के भीतर **प्ररूप–सत्ताईस** में राज्य शासन को ऐसे समापन का सूचना देगा और उसकी एक प्रति श्रमायुक्त एवं संबंधित सुलह अधिकारी को ई–मेल या पंजीकृत डाक या स्पीड पोस्ट द्वारा भेजेगा।

(2) उप–नियम (1) में निर्दिष्ट सूचना की एक प्रति औद्योगिक स्थापनाओं में कार्यरत पंजीकृत व्यावसायिक संघों या कामगारों के अधिकृत प्रतिनिधियों यथास्थिति, को भी भेजी जाएगी।

अध्याय–दस

कतिपय स्थापनाओं में कामबंदी, छंटनी और बंदी से संबंधित विशेष प्रावधान

44. **नियोक्ता द्वारा अपेक्षित कामबंदी के लिए राज्य सरकार को आवेदन करने और ऐसे आवेदन की प्रति कामगारों को देने की रीति.–** (1) धारा 78 की उप–धारा (1) के अधीन अनुमति के लिए आवेदन नियोक्ता द्वारा **प्ररूप–अट्ठाईस** में किया जाएगा, जिसमें अपेक्षित कामबंदी के कारणों का स्पष्ट रूप से उल्लेख होगा और ऐसे आवेदन की एक प्रति संबंधित कामगारों को इलेक्ट्रॉनिक रूप से या व्यक्तिगत रूप से, या पंजीकृत डाक या स्पीड पोस्ट द्वारा उसी समय भेजी जाएगी।

(2) उप–नियम (1) में निर्दिष्ट आवेदन को नियोक्ता द्वारा औद्योगिक स्थापना के मुख्य प्रवेश द्वार पर सूचना पटल या इलेक्ट्रॉनिक बोर्ड पर भी सुस्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया जाएगा।

45. **संहिता की धारा 78 की उप–धारा (7) के अंतर्गत समीक्षा की समय–सीमा.–**

(1) राज्य शासन या उसके द्वारा प्राधिकृत अधिकारी, स्वप्रेरणा से या नियोक्ता या किसी कामगार द्वारा किए गए आवेदन पर धारा 78 की उप–धारा (4) के अधीन अनुमति प्रदान करने या देने से इंकार करने वाले अपने आदेश की समीक्षा कर सकती है।

(2) नियोक्ता या संबंधित कोई कामगार, उप–नियम (1) में निर्दिष्ट आदेश के साथ, आदेश जारी होने की तारीख से तीस दिन के भीतर, आदेश की समीक्षा के लिए राज्य शासन को आवेदन कर सकता है और वह शासन, आवेदन जारी होने की तारीख से दो महीने के भीतर, संबंधित पक्षों को सुनवाई का अवसर प्रदान करने के पश्चात, उसका निपटारा करेगी।

(3) जहाँ राज्य शासन स्वप्रेरणा से उप–धारा (1) में निर्दिष्ट आदेश की समीक्षा करने का निर्णय लेती है, वहाँ वह आदेश जारी होने की तारीख से एक महीने के भीतर आवश्यक कदम उठा सकेगी और संबंधित पक्षों को सुनवाई का अवसर प्रदान करने के पश्चात, ऐसा निर्णय लिए जाने की तारीख से दो महीने की अवधि के भीतर ऐसी समीक्षा का निपटारा कर सकेगी।

46. **नियोक्ता द्वारा अभिप्रेत छंटनी के लिए राज्य शासन को आवेदन करने और ऐसे आवेदन की प्रति कामगारों को देने की रीति.–** (1) धारा 79 की उप–धारा (1) के खंड (ख) में निर्दिष्ट पूर्व अनुमति के लिए आवेदन नियोक्ता द्वारा **प्ररूप–अट्ठाईस** में इलेक्ट्रॉनिक रूप में किया जाएगा, जिसमें अभिप्रेत छंटनी के कारणों का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाएगा और ऐसे आवेदन की एक प्रति संबंधित कामगारों को इलेक्ट्रॉनिक रूप से या व्यक्तिगत रूप से या पंजीकृत डाक या स्पीड पोस्ट द्वारा भेजी जाएगी।

(2) उप–धारा (1) में निर्दिष्ट आवेदन को नियोक्ता द्वारा औद्योगिक स्थापना के मुख्य प्रवेश द्वार पर सूचना पट्ट या इलेक्ट्रॉनिक बोर्ड पर भी सुस्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया जाएगा।

47. **समीक्षा की समय–सीमा.–** (1) राज्य शासन, स्वप्रेरणा से या नियोक्ता या किसी कामगार द्वारा किए गए आवेदन पर धारा 79 की उप–धारा (3) के अधीन अनुमति प्रदान करने या देने से इंकार करने वाले अपने आदेश की समीक्षा कर सकती है।

(2) नियोक्ता या संबंधित कोई कामगार, उप–नियम (1) में निर्दिष्ट आदेश के साथ, ऐसे आदेश के जारी होने की तारीख से तीस दिन के भीतर, उस आदेश की समीक्षा के लिए राज्य शासन को आवेदन कर सकता है और वह शासन ऐसे आवेदन की तारीख से दो महीने की अवधि के भीतर,

संबंधित पक्षों को सुनवाई का अवसर प्रदान करने के पश्चात, आवेदन का निपटारा करेगी।

(3) जहाँ राज्य शासन, स्वप्रेरणा से, उप–धारा (1) में निर्दिष्ट आदेश की समीक्षा करने का निर्णय लेती है, वहाँवह ऐसे आदेश के जारी होने की तारीख से एक महीने के भीतर आवश्यक कदम उठा सकता है और संबंधित पक्षों को सुनवाई का अवसर प्रदान करने के पश्चात, ऐसा निर्णय लिए जाने की तारीख से दो महीने की अवधि के भीतर ऐसी समीक्षा का निपटारा कर सकता है।

48. **संहिता की धारा 80 की उप–धारा (1) के तहत् किसी औद्योगिक स्थापना को बंद करने के लिए नियोक्ता द्वारा राज्य शासन को आवेदन करने और ऐसे आवेदन की प्रति कामगारों के प्रतिनिधियों को भेजने की रीति.–** कोई नियोक्ता जो किसी औद्योगिक स्थापना को बंद करने का आशय रखता है, जिस पर संहिता के अध्याय–दस के प्रावधान लागू होते हैं, वह **प्ररूप–अट्ठाईस** में पूर्व अनुमति के लिए राज्य शासन को, इच्छित बंद होने की तारीख से कम से कम नब्बे दिन पहले आवेदन करेगा, जिसमें औद्योगिक स्थापना के ऐसे बंद होने के कारणों का स्पष्ट रूप से उल्लेख होगा और साथ ही ऐसे आवेदन की एक प्रति कामगारों के प्रतिनिधियों, श्रमायुक्त एवं सुलह अधिकारी को भी इलेक्ट्रॉनिक रूप से और व्यक्तिगत रूप से या पंजीकृत डाक या स्पीड पोस्ट द्वारा भेजी जाएगी।

49. **संहिता की धारा 80 की उप–धारा (5) के अंतर्गत समीक्षा के लिए समय–सीमा.–**

(1) राज्य शासन, स्वप्रेरणा से या नियोक्ता या किसी कामगार द्वारा किए गए आवेदन पर, धारा 80 की उप–धारा (2) के अधीन अनुमति प्रदान करने या देने से इंकार करने वाले अपने आदेश की समीक्षा कर सकेगी।

(2) नियोक्ता या संबंधित कोई कामगार उप–नियम (1) में निर्दिष्ट आदेश के साथ, ऐसा आदेश दिए जाने की तारीख से तीस दिन के भीतर, उस आदेश की समीक्षा के लिए राज्य शासन को आवेदन कर सकता है और वह शासन, ऐसा आवेदन किए जाने की तारीख से दो महीने के भीतर, संबंधित पक्षों को सुनवाई का अवसर प्रदान करने के पश्चात् उस आवेदन का निपटारा करेगी।

(3) जहाँ राज्य शासन स्वप्रेरणा से उप–धारा (1) में निर्दिष्ट आदेश की समीक्षा करने का निर्णय लेती है, वहाँवह आदेश दिए जाने की तारीख से एक महीने के भीतर आवश्यक कदम उठा सकेगी और संबंधित पक्षों को सुनवाई का अवसर प्रदान करने के पश्चात, ऐसा निर्णय लिए जाने की तारीख से दो महीने की अवधि के भीतर ऐसी समीक्षा का निपटारा कर सकेगी।

अध्याय–ग्यारह

कामगार पुनर्कौशल निधि

50. **कामगार पुनर्कौशल निधि में अन्य स्रोतों से अंशदान.**– धारा 83 की उप–धारा (2) के खंड (क) के अधीन नियोक्ता के अंशदान के अतिरिक्त, निधि में निम्नलिखित शामिल होंगे,–

(क) केंद्रीय सरकार या केंद्रीय सरकार के किसी निकाय या प्राधिकरण से अंशदान;

(ख) राज्य सरकार या राज्य सरकार के किसी निकाय या प्राधिकरण से अंशदान; और

(ग) ऐसे अन्य स्रोतों से अंशदान, जैसा राज्य सरकार द्वारा सामान्य या विशेष आदेश द्वारा निर्दिष्ट किया गया हो।

51. **संहिता की धारा 83 की उप–धारा (3) के अंतर्गत निधि के उपयोग की विधि.**–

(1) प्रत्येक नियोक्ता जिसने संहिता के तहत् अपने औद्योगिक प्रतिष्ठान में किसी कामगार या कामगारों की छंटनी की है, ऐसी छंटनी की तारीख से दस दिनों के भीतर, ऐसे छंटनी किए गए कामगार या कामगारों के अंतिम आहरित वेतन के पंद्रह दिनों के वेतन के बराबर राशि को इलेक्ट्रॉनिक रूप से श्रमायुक्त द्वारा अनुरक्षित किए जाने वाले खाते में हस्तांतरित करेगा। खाते का नाम एवं संख्या, श्रम विभाग, छत्तीसगढ़ शासन की वेबसाईट पर प्रदर्शित किया जायेगा।

(2) उप–नियम (1) के अंतर्गत प्राप्त निधि को श्रमायुक्त कार्यालय द्वारा छंटनी के पैंतालीस दिनों के भीतर प्रत्येक छंटनीकृत कामगार के खाते या छंटनीकृत कामगारों के खातों में, यथास्थिति, इलेक्ट्रॉनिक रूप से हस्तांतरित कर दिया जाएगा ताकि वह उस राशि का उपयोग अपने पुनः कौशलीकरण के लिए कर सके।

(3) नियोक्ता प्रत्येक छंटनीकृत कामगार के नाम, ऐसे छंटनीकृत कामगार द्वारा अंतिम बार प्राप्त पंद्रह दिनों के वेतन के बराबर राशि और उसके बैंक खाते के विवरण सहित सूची, श्रमायुक्त कार्यालय को प्रस्तुत करेगा।

अध्याय–बारह

अपराध और शास्ति

52. **संहिता की धारा 89 की उप–धारा (1) के अंतर्गत राजपत्रित अधिकारी द्वारा अपराध के प्रशमन और धारा 89 की उप–धारा (4) के अंतर्गत किसी अपराध के प्रशमन हेतु आवेदन करने की रीति.**– (1) धारा 89 की उपधारा (1) के अधीन अपराधों के प्रशमन के प्रयोजनों के लिए राज्य शासन द्वारा अधिसूचित अधिकारी (जिसे इसके पश्चात प्रशमन अधिकारी कहा जाएगा।) यदि उसकी यह राय है कि संहिता के अधीन कोई अपराध, जिसके लिए उक्त धारा के अधीन प्रशमन अनुज्ञेय है और जिसके संबंध में अभियोजन संस्थित नहीं है, श्रम विभाग के विभागीय पोर्टल के माध्यम से तीन भागों वाले **प्ररूप–उनतीस** में अभियुक्त को नोटिस भेजेगा।

(2) **प्ररूप–उनतीस** के भाग–एक में, प्रशमन अधिकारी, अन्य बातों के साथ–साथ निम्नलिखित निर्दिष्ट करेगा :–

(क) अपराधी का नाम और उसके अन्य विवरण;

(ख) अपराध का विवरण और वह धारा जिसके अंतर्गत अपराध किया गया है; और

(ग) ऐसे अपराध के प्रशमन के लिए भुगतान की जाने वाली प्रशमन राशि।

(3) **प्ररूप–उनतीस** के भाग–दो में, प्रशमन अधिकारी अपराध का प्रशमन न किए जाने पर उसके परिणामों को निर्दिष्ट करेगा और उक्त प्ररूप के भाग–तीन में अभियुक्त द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला आवेदन होगा, यदि वह अपराध का प्रशमन करना चाहता है।

(4) उप–नियम (1) में निर्दिष्ट प्रत्येक नोटिस में एक सतत विशिष्ट संख्या होगी जिसमें अक्षर या अंक होने और अन्य विवरण जैसे–संबंधित प्रशमन अधिकारी, औद्योगिक स्थापना, वर्ष, स्थान और निरीक्षण का प्रकार, आसानी से पहचान के उद्देश्य से अंकित होगा।

(5) वह अभियुक्त जिसे उप–नियम (1) में विनिर्दिष्ट नोटिस दिया गया है नोटिस के भाग–तीन में विधिवत भरा हुआ आवेदन, **प्ररूप–उनतीस** में प्रशमन अधिकारी द्वारा नोटिस में निर्दिष्ट खाते में इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रशमन अधिकारी को भेज सकता है और प्रशमन राशि, इलेक्ट्रॉनिक रूप से या नकद या डिमांड ड्राफ्ट द्वारा यथास्थिति, प्राप्ति के पंद्रह दिनों के भीतर जमा कर सकता है।

(6) जहाँ अभियुक्त के विरुद्ध, सक्षम अधिकारिता वाले न्यायालय में अभियोजन पहले ही संस्थित किया जा चुका है, अभियुक्त ऐसे न्यायालय में अपने विरुद्ध अपराध के प्रशमन की अनुमति देने के लिए आवेदन कर सकता है और वह न्यायालय, आवेदन पर विचार करने के पश्चात धारा 89 के प्रावधानों और इस नियम में निर्दिष्ट प्रक्रिया के अनुसार प्रशमन अधिकारी द्वारा अपराध के प्रशमन की अनुमति दे सकता है।

(7) यदि अभियुक्त उप–नियम (5) की अपेक्षा का अनुपालन करता है, तो प्रशमन अधिकारी अधियुक्त द्वारा जमा की गई धनराशि के लिए अपराध का प्रशमन करेगा और –

(क) यदि अभियोजन संस्थित होने से पहले अपराध का प्रशमन कर दिया जाता है, तो अभियुक्त के विरुद्ध अभियोजन के लिए कोई शिकायत संस्थित नहीं की जाएगी;

(ख) यदि धारा 85 के अधीन कार्यवाही लंबित रहने तक अपराध का प्रशमन किया जाता है, तो प्रशमन अधिकारी उस धारा में निर्दिष्ट अधिकारी को प्रशमन की सूचना देगा, जो सूचना प्राप्त होने के पश्चात ऐसे अपराध के अभियुक्त के संबंध में कार्यवाही बंद कर देगा; और

(ग) यदि न्यायालय की अनुमति से उप–नियम (6) के अधीन अभियोजन संस्थित करने के पश्चात अपराध का प्रशमन किया जाता है तो प्रशमन अधिकारी मामले को बंद मानेगा और अपराध के प्रशमन की सूचना

उस सक्षम न्यायालय को देगा, जिसके द्वारा ऐसा प्रशमन अनुमत किया गया था और ऐसी सूचना प्राप्त होने के पश्चात न्यायालय अभियुक्त व्यक्ति को दोषमुक्त कर देगा और अभियोजन को बंद कर देगा।

(8) प्रशमन अधिकारी, राज्य शासन के निर्देश, नियंत्रण और पर्यवेक्षण के अधीन रहते हुए, इस नियम के अधीन अपराध के प्रशमन की शक्तियों का प्रयोग करेगा।

अध्याय–तेरह

प्रकीर्ण

53. संहिता की धारा 90 की उप–धारा (3) तथा (4) के अंतर्गत संरक्षित कामगार.–

(1) किसी औद्योगिक स्थापना से संबद्ध प्रत्येक पंजीकृत व्यावसायिक संघ, जिस पर संहिता के प्रावधान लागू होते हैं, प्रत्येक वर्ष 30 अप्रैल से पूर्व नियोक्ता को उस व्यावसायिक संघ के ऐसे अधिकारियों के नाम और पते सूचित करेगा जो उस स्थापना में नियोजित हैं और जिन्हें उस व्यावसायिक संघ की राय में संरक्षित कामगार के रूप में मान्यता दी जानी चाहिए।

(2) उप–नियम (1) में निर्दिष्ट व्यावसायिक संघ के किसी भी अधिकारी के पद में किसी भी परिवर्तन की सूचना ऐसे व्यावसायिक संघ द्वारा ऐसे परिवर्तन के पंद्रह दिनों के भीतर नियोक्ता को दी जाएगी।

(3) उप–नियम (1) के अंतर्गत व्यावसायिक संघ से नाम और पते प्राप्त होने के पंद्रह दिनों के भीतर और धारा 90 की उप–धारा (3) और उप–धारा (4) के प्रावधानों के अधीन ऐसे कामगारों को उक्त धारा के प्रयोजनों के लिए संरक्षित कामगार के रूप में मान्यता देगा और ऐसी व्यावसायिक संघ को पत्र–व्यवहार की तारीख से बारह महीने की अवधि के लिए संरक्षित कामगारों के रूप में मान्यता प्राप्त कामगारों की सूची लिखित रूप में संसूचित करेगा।

(4) जहाँ उप–नियम (1) के तहत् नियोक्ता द्वारा प्राप्त नामों की कुल संख्या धारा 90 की उप–धारा (4) के तहत् औद्योगिक स्थापना के लिए स्वीकार्य संरक्षित कामगारों की अधिकतम संख्या से अधिक है, नियोक्ता केवल ऐसी अधिकतम संख्या में कामगारों को संरक्षित कामगारों के रूप में मान्यता देगा:

परंतु, जहाँ औद्योगिक स्थापना में एक से अधिक पंजीकृत व्यावसायिक संघ है, नियोक्ता द्वारा व्यावसायिक संघों के बीच अधिकतम संख्या इस प्रकार वितरित की जाएगी कि व्यक्तिगत व्यावसायिक संघों में मान्यता प्राप्त संरक्षित कामगारों की संख्या व्यावहारिक रूप से व्यावसायिक संघों की सदस्यता के आकड़ों के समान अनुपात में हो और नियोक्ता मामले में प्रत्येक संबंधित व्यावसायिक संघ के अध्यक्ष या सचिव को लिखित रूप में उसे आबंटित संरक्षित कामगारों की संख्या की सूचना देगा:

परंतु यह और कि जहाँ इस उप–नियम के तहत् ऐसे व्यावसायिक संघ को आबंटित संरक्षित कामगारों की संख्या संरक्षण चाहने वाली ऐसी

व्यावसायिक संघ के अधिकारियों की संख्या से कम है, तो वह व्यावसायिक संघ संरक्षित कामगारों के रूप में मान्यता प्राप्त करने के लिए अधिकारियों का चयन करने का हकदार होगा और ऐसा चयन उस व्यावसायिक संघ द्वारा किया जाएगा तथा इस संबंध में नियोक्ता की लिखित सूचना प्राप्त होने के पांच दिनों के भीतर नियोक्ता को सूचित किया जाएगा।

(5) जहाँ इस नियम के तहत् संरक्षित कामगारों की मान्यता से संबंधित किसी भी मामले में नियोक्ता और किसी भी पंजीकृत व्यावसायिक संघ के बीच कोई विवाद उत्पन होता है, तब ऐसे विवाद को संबंधित जिले के सहायक श्रमायुक्त/श्रम पदाधिकारी को भेजा जायेगा, जिसका निर्णय अंतिम होगा।

54. **संहिता की धारा 91 के अंतर्गत पीड़ित कर्मचारी द्वारा शिकायत.**– (1) धारा 91 के अधीन पीडित कर्मचारी की प्रत्येक शिकायत इलेक्ट्रॉनिक रूप से या पंजीकृत डाक या स्पीड पोस्ट द्वारा **प्रपत्र–तीस** में की जाएगी और उसके साथ ऐसी शिकायत में उल्लिखित प्रत्येक विपक्षी पक्ष के लिए उसकी उतनी ही प्रतियां संलग्न होगी।

(2) उप–नियम (1) के अधीन प्रत्येक शिकायत का सत्यापन शिकायत करने वाले पीडित कर्मचारी द्वारा या ऐसे कर्मचारी के प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा किया जाएगा, जो सुलह अधिकारी, मध्यस्थ या अधिकरण, यथास्थिति, के समाधानप्रद रूप में यह सिद्ध कर दे कि वह मामले के तथ्यों से परिचित है।

55. **संहिता की धारा 94 की उप–धारा (1) के अंतर्गत किसी कार्यवाही में प्रतिनिधित्व करने के लिए कामगार को अधिकृत करना.**– जहाँ कामगार किसी व्यावसायिक संघ का सदस्य नहीं है, वहाँ, किसी व्यावसायिक संघ की कार्यकारिणी के किसी सदस्य वा अन्य पदाधिकारी को, जो उस उद्योग में, जिसमें वह कामगार नियोजित है, किसी अन्य कामगार से संबंधित है या उसके द्वारा संबद्ध है, ऐसे कामगार द्वारा **प्ररूप–उन्नीस** में संहिता के तहत् किसी विवाद से संबंधित किसी कार्यवाही में उसका प्रतिनिधित्व करने के लिए अधिकृत किया जा सकता है, जिसमें वह कामगार एक पक्ष है।

56. **संहिता की धारा 94 की उप–धारा (2) के अंतर्गत किसी कार्यवाही में प्रतिनिधित्व करने के लिए नियोक्ता को अधिकृत करना.**– जहाँ कोई नियोक्ता, नियोक्ताओं के किसी संघ का सदस्य नहीं है, वहां, ऐसा नियोक्ता **प्ररूप–उन्नीस** में नियोक्ताओं के किसी संघ के किसी अधिकारी को, जो उस उद्योग से संबंधित है या उसके द्वारा संबद्ध है, जिसमें नियोक्ता लगा हुआ है, संहिता के तहत् किसी विवाद से संबंधित किसी कार्यवाही में उसका प्रतिनिधित्व करने के लिए अधिकृत कर सकता है, जिसमें वह नियोक्ता एक पक्ष है।

57. **संहिता की धारा 85 की उप–धारा (1) के अंतर्गत जाँच.**– (1) धारा 86 की उप–धारा (3), (5), (7), (8), (9), (10), (11) और (20) तथा धारा 89 की उप–धारा (7) के अधीन किए गए अपराध की शिकायत प्राप्त होने पर, उसकी जाँच उप

श्रमायुक्त से अनिम्न श्रेणी के अधिकारी द्वारा की जाएगी, जिसे धारा 85 की उप–धारा (1) के अधीन ऐसे प्रयोजन के लिए राज्य शासन द्वारा नियुक्त किया जाएगा, जिसे इसके पश्चात जाँच अधिकारी कहा जाएगा।

(2) शिकायत प्राप्त होने पर जाँच अधिकारी, व्यक्ति या व्यक्तियों को इलेक्ट्रॉनिक रूप से या पंजीकृत डाक वा स्पीड पोस्ट द्वारा भेजे जाने वाले नोटिस के माध्यम से बुलाएगा और उसकी एक प्रति श्रम विभाग के विभागीय पोर्टल पर अपलोड करेगा, ताकि वे निर्दिष्ट तारीख को सभी प्रासंगिक दस्तावेजों और गवाहों, यदि कोई हो, के साथ उसके समक्ष उपस्थित हों और शिकायतकर्ता को निर्दिष्ट तारीख की सूचना देगा। जहाँ कोई पक्षकार ऐसा चाहे, तो वह जाँच अधिकारी से लिखित रूप में अनुरोध कर सकता है कि जाँच में केवल डाक द्वारा ही नोटिस जारी किया जाए और ऐसे मामलों में भी जहाँ जाँच अधिकारी को लगता है कि संबंधित पक्षों के पास संचार का कोई इलेक्ट्रॉनिक साधन उपलब्ध नहीं है, वह ऐसा नोटिस पंजीकृत डाक या स्पीड पोस्ट द्वारा भेज सकता है।

(3) यदि वह व्यक्ति, जिसे उप–नियम (2) के अधीन नोटिस जारी किया गया है, या उसका प्रतिनिधि निर्दिष्ट तारीख पर उपस्थित नहीं होता है, तो जाँच अधिकारी शिकायत की एकपक्षीय सुनवाई और निर्धारण कर सकता है।

(4) यदि शिकायतकर्ता, जाँच अधिकारी को कोई सूचना दिए बिना, लगातार दो तारीखयों पर निर्दिष्ट तारीख पर उपस्थित नहीं होता है, तो जाँच अधिकारी शिकायत को खारिज कर सकता है:

परंतु शिकायतकर्ता और विपक्षी पक्ष द्वारा दिए गए संयुक्त आवेदन पर तीन से अधिक स्थगन नहीं दिए जा सकते :

परंतु यह और कि जाँच अधिकारी अपने विवेकानुसार, पक्षकारों या किसी भी पक्षकार को, यथास्थिति, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुनवाई की अनुमति दे सकता है।

(5) धारा 85 की उप–धारा (2) के अधीन किसी व्यक्ति की ओर से उपस्थित होने का प्राधिकार, यथास्थिति, प्रमाण पत्र या इलेक्ट्रॉनिक प्रमाण पत्र द्वारा दिया जाएगा, जिसे शिकायत की सुनवाई के दौरान जाँच अधिकारी को प्रस्तुत किया जाएगा और वह अभिलेख का भाग होगा।

(6) कोई भी व्यक्ति, जो शिकायतकर्ता की ओर से कार्यवाही में उपस्थित होने का आशय रखता है, उसे जाँच अधिकारी के समक्ष उपस्थित होना होगा और अपनी उपस्थिति का कारण बताते हुए एक संक्षिप्त लिखित विवरण प्रस्तुत करना होगा।

(7) जाँच अधिकारी, उप–नियम (6) में निर्दिष्ट विवरण पर एक आदेश दर्ज करेगा, जिसमें उस उप–नियम में निर्दिष्ट व्यक्ति को शिकायतकर्ता की ओर से कार्यवाही में उपस्थित होने की अनुमति दी जाएगी, और ऐसी अनुमति देने से इंकार करने की स्थिति में, जाँच अधिकारी इसके कारणों को शामिल करेगा और उसे अभिलेख में शानिल करेगा।

(8) शिकायत या शिकायत से संबंधित अन्य दस्तावेज, जाँच अधिकारी द्वारा निर्धारित समय के दौरान किसी भी समय, व्यक्तिगत रूप से जाँच अधिकारी

के समक्ष प्रस्तुत किए जा सकते हैं, या उन्हें इलेक्ट्रॉनिक रूप से, या पंजीकृत डाक या स्पीड पोस्ट द्वारा भेजे जा सकते हैं और विरोधी पक्ष को शिकायत और ऐसे अन्य दस्तावेजों का उत्तर देने का अधिकार होगा।

(9) जाँच अधिकारी प्रत्येक दस्तावेज पर, यथास्थिति, उनकी प्रस्तुति या प्राप्ति की तारीख अंकित करेगा या अंकित करवाएगा और यदि दस्तावेज इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रस्तुत किए जाते हैं, तो ऐसा कोई भी पृष्ठांकन आवश्यक नहीं होगा।

(10) यदि जाँच अधिकारी को लगता है कि शिकायत अधूरी है तो वह शिकायत पर विचार करने से इंकार कर सकता है और शिकायतकर्ता से उसके द्वारा निर्दिष्ट समय के भीतर त्रुटियों को दूर करने के लिए कह सकता है:

परंतु, यदि जाँच अधिकारी पाता है कि शिकायत में त्रुटियों को दूर करना संभव नहीं है, तो वह त्रुटियों का उल्लेख करते हुए ऐसी शिकायत को तुरंत वापस कर सकता है।

(11) जहाँ त्रुटियों के सुधार के पश्चात् शिकायत पुनः प्रस्तुत की जाती है, वहाँ धारा 85 की उप–धारा (1) के प्रयोजन के लिए ऐसे पुनः प्रस्तुतिकरण की तारीख ही प्रस्तुति की तारीख मानी जाएगी।

(12) जाँच अधिकारी, शिकायतकर्ता को सुनवाई का अवसर देने के पश्चात् धारा 85 की उप–धारा (1) के अधीन प्रस्तुत शिकायत पर विचार करने से इंकार कर सकता है, यदि वह लिखित में अभिलिखित किए जाने वाले कारणों से संतुष्ट हो जाता है कि –

(क) शिकायतकर्ता शिकायत प्रस्तुत करने का हकदार नहीं है; या

(ख) शिकायतकर्ता ने, शिकायत किए गए अपराध के किए जाने की तारीख से छह महीने के बाद शिकायत दर्ज की है;

(ग) शिकायतकर्ता धारा 85 की उप–धारा (2) के अधीन जाँच अधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करने में विफल रहता है।

(13) जाँच अधिकारी, सभी मामलों में, आदेश पारित करते समय, शिकायत की तारीख, शिकायतकर्ता का नाम और पता, विपक्षी या विपक्षी पक्षों का नाम और पता, किए गए अपराध का धारावार विवरण, विरोधी पक्ष की दलील, निष्कर्ष और लिए गए साक्ष्य का संक्षिप्त विवरण, जिसमें प्रतिपरीक्षण, कारण और अधिरोपित दंड शामिल है, अपने हस्ताक्षर, तारीख और स्थान के साथ उल्लेखित करेगा।

(14) जाँच अधिकारी, प्रक्रिया के संबंध में, सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 (1908 का 5) की प्रथम अनुसूची के प्रासंगिक आदेशों के उपबंधों द्वारा निर्देशित होगा, जिसमें ऐसे परिवर्तन किए जाएँगे, जिन्हें जाँच अधिकारी उचित समझे, उनके सार को प्रभावित किए बिना, उन्हें अपने समक्ष प्रस्तुत मामले के अनुसार अनुकूलित किया जा सकेगा, सिवाय इसके कि जहाँ वे संहिता या इन नियमों के अभिव्यक्त उपबंधों के साथ विरोधाभासी हों।

(15) जाँच अधिकारी, मामले की सुनवाई के पश्चात उसी दिन या इस प्रयोजन के लिए नियत की जाने वाली किसी भावी तारीख पर आदेश पारित करेगा या निर्देश देगा।

(16) कोई भी व्यक्ति, जो या तो शिकायतकर्ता है या विरोधी पक्षकार है या उसका प्रतिनिधि है, या उप–नियम (7) के अधीन अनुमति प्राप्त कोई भी व्यक्ति, किसी मामले में, जिसमें वह पक्षकार है या किसी पक्षकार का प्रतिनिधित्व कर रहा है, जाँच अधिकारी के समक्ष दायर किसी भी शिकायत या किसी अन्य दस्तावेज का निरीक्षण करने का हकदार होगा।

58. **गवाह का व्यय.**– प्रत्येक व्यक्ति, जो किसी अधिकरण के समक्ष गवाह के रूप में, समन प्राप्त होने पर उपस्थित होता है या अन्यथा उपस्थित होता है, वह उसी दर पर व्यय भत्ते का हकदार होगा जो उस राज्य के सिविल न्यायालय में गवाहों पर लागू होता है जहाँ ऐसी जाँच, न्यायनिर्णयन या मध्यस्थता, यथास्थिति, की जा रही है।

59. **संहिता की धारा 99 की उप–धारा (2) के खंड (ययच) के अंतर्गत महानिदेशक, श्रम ब्यूरो के कार्यालय में कुछ प्रपत्रों की एक प्रति प्रस्तुत करना.**– प्ररूप–पच्चीस (हड़ताल की सूचना), प्ररूप–छब्बीस (तालाबंदी की सूचना), प्ररूप–सत्ताईस (राज्य शासन को छंटनी या बंद करने की सूचना के लिए सूचना), प्ररूप–अट्ठाईस (कामबंदी छंटनी या तालाबंदी की अनुमति के लिए आवेदन) और प्ररूप–उन्तीस (अपराधों का प्रशमन) की एक–एक प्रति, महानिदेशक, श्रम ब्यूरो के साथ इलेक्ट्रॉनिक रूप से साझा की जाएगी।

60. **संचार के लिए प्रकाशन.**– इन नियमों के अंतर्गत संदेशों और दस्तावेजों की तामील के लिए संचार के प्रयोजनों हेतु, राज्य शासन, न्यायाधिकरण, प्रत्येक नियोक्ता जिसके लिए राज्य शासन, समुचित सरकार है, प्रत्येक व्यावसायिक संघ, वार्ताकारी संघ या वार्ताकारी परिषद के घटक और इन नियमों में निर्दिष्ट प्रत्येक प्राधिकरण, अपने–अपने लेटरहेड में, यथास्थिति, अपना ई–मेल आईडी या वेबसाइट या पोर्टल या उनमें से कोई एक या सभी, निर्दिष्ट करेंगे।

61. **अभिलेखों, रजिस्टरों, प्ररूपों, नोटिस और डिस्प्ले बोर्ड का रखरखाव.**– (1) सभी अभिलेख, रजिस्टर, प्ररूप, नोटिस, डिस्प्ले बोर्ड और अन्य दस्तावेज, जिन्हें संहिता और इन नियमों के अंतर्गत बनाए रखा जाना अपेक्षित है, अपेक्षित प्रारूप में या आवश्यकतानुसार जानकारी सहित इलेक्ट्रॉनिक तरीके से भी बनाए रखे जाएंगे।

(2) उप–नियम (1) में निर्दिष्ट अभिलेख, रजिस्टर, प्ररूप, नोटिस, डिस्प्ले बोर्ड और अन्य दस्तावेज अभिलेखों के प्रतिधारण की अपेक्षा का अनुपालन करेंगे और जब भी निरीक्षक सह सुविधाप्रदाता या संहिता या इन नियमों के तहत् इस संबंध में निर्दिष्ट संबंधित प्राधिकारी द्वारा अपेक्षित हो, प्रस्तुत या दिखाए जाएंगे।

62. **आयुक्त की नियुक्ति.**– जहाँ धारा 59 की उप–धारा (2) में निर्दिष्ट लाभ के धन मूल्य की गणना के प्रयोजनों के लिए धारा 59 की उप–धारा (3) के तहत् एक आयुक्त नियुक्त करना आवश्यक है, अधिकरण नियुक्त कर सकता है :–

(क) उक्त धारा की उप–धारा (2) में निर्दिष्ट प्रश्न से संबंधित विशेष उद्योग, व्यापार, व्यवसाय या क्षेत्र में अनुभव रखने वाला व्यक्ति; या

(ख) वह व्यक्ति जो सिविल न्यायालय का न्यायाधीश रहा हो; या

(ग) वजीफा मजिस्ट्रेट; या

(घ) किसी राज्य अधिनियम के तहत् गठित अधिकरण या संहिता के तहत् गठित अधिकरण के रजिस्ट्रार या सचिव।

63. **आयुक्त के लिए शुल्क आदि.**– (1) न्यायाधिकरण, पक्षकारों से परामर्श के पश्चात नियम 62 में निर्दिष्ट आयुक्त द्वारा की जाने वाली जाँच की संभावित अवधि का अनुमान लगाएगा और उसके द्वारा वहन की जाने वाली फीस और अन्य आनुषंगिक व्ययों की राशि निर्धारित करेगा।

(2) न्यायाधिकरण, आयुक्त को फीस और अन्य आनुषंगिक व्ययों का भुगतान निर्दिष्ट समय के भीतर, ऐसे पक्ष या पक्षों द्वारा और ऐसे अनुपात में, जैसा वह उचित समझे, निकटतम कोषागार में करने का निर्देश देगा।

(3) आयुक्त तब तक अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं करेगा जब तक कि उप–नियम (2) में निर्दिष्ट राशि के कोषागार में जमा की रसीद न्यायाधिकरण के समक्ष प्रस्तुत नहीं कर दी जाती:

परंतु न्यायाधिकरण, लिखित रूप में दर्ज किए जाने वाले कारणों से, निर्देश दे सकता है कि कोई भी अतिरिक्त राशि या राशियाँ ऐसे समय के भीतर और ऐसे पक्षों द्वारा कोषागार में जमा की जाएँ, जैसा कि वह उचित समझे;

परंतु यह और कि न्यायाधिकरण अपने विवेकानुसार, ऐसी राशि को कोषागार में जमा करने के लिए समय बढ़ा सकता है।

(4) न्यायाधिकरण किसी भी समय लिखित रूप में अभिलिखित किए जाने वाले कारणों से, पक्षकारों के परामर्श से आयुक्त की फीस की राशि में परिवर्तन कर सकता है।

(5) न्यायाधिकरण यह निर्देश दे सकता है कि फीस आयुक्त को ऐसी किश्तों में और ऐसी तारीख को संवितरित की जाएगी, जैसा कि वह उचित समझे।

(6) इस नियम के अंतर्गत जमा की गई राशि का अवितरित शेष, यदि कोई हो, उस संबंधित पक्ष या पक्षों को, जिन्होंने राशि जमा की थी, उसी अनुपात में वापस कर दिया जाएगा, जिस अनुपात में वह जमा की गई थी।

64. **रिपोर्ट प्रस्तुत करने का समय.**– (1) धारा 59 की उप–धारा (3) के अधीन आयुक्त की नियुक्ति के लिए प्रत्येक आदेश में आयुक्त को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए पर्याप्त समय देते हुए एक तारीख उपदर्शित की जाएगी।

(2) यदि किसी कारण से आयुक्त को यह अनुमान हो कि उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए नियत तारीख पार हो जाने की संभावना है, तो वह उक्त तारीख की समाप्ति से पूर्व, समय विस्तार के लिए आवेदन करेगा, जिसमें उसके आधार बताए जाएंगे और न्यायाधिकरण, विचार करने के पश्चात ऐसे आवेदन पर उपयुक्त आदेश पारित करेगा:

परंतु न्यायाधिकरण, यदि वह पर्याप्त कारण से उचित समझे, समय विस्तार प्रदान कर सकता है, भले ही उप–नियम (1) के अधीन अनुज्ञात समय–सीमा के भीतर आयुक्त से ऐसे विस्तार के लिए कोई आवेदन प्राप्त न हुआ हो।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
विपुल कुमार गुप्ता, उप–सचिव

प्ररूप–एक

(नियम 3 देखिये)

सुलह के दौरान नियोक्ता और उनके कामगारों के मध्य हुए समझौता या सुलह प्रक्रिया के अतिरिक्त किसी अन्य तरीके से हुए समझौते का ज्ञापन

पक्षकारों के नाम :

.....- नियोक्ता का प्रतिनिधि;

.....- कामगार का प्रतिनिधि;

मामले का संक्षिप्त विवरण

.....-

समझौते की शर्तें

.....-

पक्षों के हस्ताक्षर

साक्षी :

(1) .....

(2) .....

*सुलहकर्ता अधिकारी के हस्ताक्षर

यदि नियोक्ता एवं उसके कामगारों के बीच समझौता, सुलह कार्यवाही के अलावा किसी अन्य तरीके से होता है, तो ज्ञापन की एक प्रति श्रमायुक्त को भेजी जाएगी।

प्ररूप–दो

(नियम 8 के उप–नियम (1) देखिये)

व्यवसाय संघ के पंजीयन हेतु आवेदन

प्रति,

पंजीयक, व्यावसायिक संघ
छत्तीसगढ़,
संचालनालय, इन्द्रावती भवन
नवा रायपुर अटल नगर,
जिला–रायपुर, छत्तीसगढ़

व्यावसायिक संघ का नाम– .....

पता– .....

दिनांक– ...../...../20.....

1. यह आवेदन ऐसे व्यक्तियों द्वारा प्रस्तुत किया जा रहा है जिनके नाम नीचे दिये गये हैं।

2. वह नाम, जिसके अधीन यह प्रस्तावित है कि व्यावसायिक संघ, जिसकी ओर से यह आवेदन प्रस्तुत किया गया है, पंजीकृत किया जाना है, नियम क्र. ..... में वर्णित है। दिनांक...../...../20..... की बैठक में संघ के नाम के प्रस्ताव के अनुमोदन की एक प्रति संलग्न है।

3. संघ के मुख्यालय का पता ..... है, जिस पर सभी संदेश एवं सूचना भेजे जायेंगे।

4. ..... संघ, दिनांक ...../...../20..... से अस्तित्व में आया।

5. यह संघ, नियोक्ताओं/कर्मचारियों का संघ है जो .....उद्योग में और/या..... .....व्यवसाय और/या ..... स्थापना में कार्यरत हैं और जिसमें .....सदस्य हैं।

6. औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 की धारा 8 के अंतर्गत आवश्यक जानकारियाँ अनुसूची–एक में दी गई हैं। संघ के पदाधिकारियों की नियुक्ति/चयन संबंधी रीति एवं कार्यवाही की प्रति संलग्न है।

7. अनुसूची–दो में दिए विवरण यह दर्शित करते हैं कि औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 की धारा 7 में दी गई विषय–वस्तु का विवरण, नियमों के प्रावधानुसार है। दिनांक ...../...../20..... की बैठक में पारित प्रस्ताव की एक प्रति, जिसमें नियमों को अनुमोदित किया गया, संलग्न है।

(ऐसे संघों, जिन्होंने अपना कार्यकाल आवेदन के दिनांक से एक वर्ष पूर्व पूर्ण नहीं कर लिया है, के मामले में यह पद काट दिया जाए)

औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 की धारा 8 के अंतर्गत आवश्यक विवरण अनुसूची–तीन में दिया गया है।

8. संघ के नियमों की दो प्रतियां इस आवेदन के साथ औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 की धारा 6 के अधीन यथा अपेक्षित सात या सात से अधिक सदस्यों के नाम के साथ दिए जा रहे हैं।

9. पंजीयन के दिन को व्यावसायिक संघ के सामान्य निधि लेखा में बचत राशि ..... रू. .....पै. है।

10. हम, व्यावसायिक संघ की ओर से आवेदन प्रस्तुत करने हेतु सम्यक् रूप से प्राधिकृत हैं, ऐसा प्राधिकार, जो सुसंगत है।*

नाम	पिता / पति का नाम	आयु / लिंग	व्यवसाय	स्थापना में धारित पद (यदि कोई हो)	स्थापना का नाम, जहाँ नियोजित हैं	पता	मोबाईल नंबर	ई–मेल (यदि कोई हो)	हस्ताक्षर
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)

* यहां पर यह उल्लिखित किया जाए कि क्या इस आवेदन को प्रस्तुत करने का अधिकार व्यावसायिक संघ की सामान्य सभा में पारित प्रस्ताव द्वारा दिया गया था; यदि नहीं तो किस अन्य तरीके से दिया गया था। आवेदक को अधिकृत करने के संबंध में पारित प्रस्ताव की प्रमाणित प्रति संलग्न है।

11. प्रत्येक सदस्य व्यावसायिक संघ के सदस्यों द्वारा अंगीकृत प्रस्ताव की प्रति, अलग से बैठक, व्यावसायिक संघों के फेडरेशन या एक केंद्रीय संगठन का गठन करने पर सहमति, प्रस्ताव (संकल्प) की प्रमाणित प्रति संलग्न है।

(व्यावसायिक संघ के फेडरेशन होने या व्यावसायिक संघों का एक केंद्रीय संगठन होने के मामले में)

अनुसूची–एक
पदाधिकारियों की सूची

व्यावसायिक संघ का नाम .....

सरल क्र.	संघ में धारित पद	नाम	पिता / पति का नाम	आयु / लिंग	व्यवसाय	स्थापना में धारित पद (यदि कोई हो)	स्थापना का नाम जहाँ नियोजित हैं	पता	मोबाईल नंबर	ई–मेल (यदि कोई हो)	हस्ताक्षर
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)	(11)	(12)
1											
2											
3											
इत्यादि											

(आवेदकों एवं पदाधिकारियों के प्राधिकार के बारे में पारित प्रस्ताव (संकल्प) की प्रमाणित प्रति संलग्न है।)

अनुसूची–दो
नियमों के संदर्भ

विभिन्न विषयों का विवरण, जो कॉलम (2) में दिये गए हैं, के लिए प्रावधान करने हेतु नियमों की संख्या, कॉलम (3) में दी गयी है –

स.क (1).	विषय (2)	नियमों की संख्या (3)
1.	व्यावसायिक संघ का नाम	.....
2.	संघ का सम्पूर्ण उद्देश्य, जिसके लिए संघ की स्थापना की गई है।	.....
3.	वे सम्पूर्ण प्रयोजन, जिनके लिए संघ की सामान्य निधि लागू होगी	.....
4.	सदस्यों की सूची का संधारण।	.....
5.	पदाधिकारियों और सदस्यों द्वारा सदस्यों की सूची के निरीक्षण की सुविधाएँ उपलब्ध करना।	.....
6.	सामान्य सदस्यों का प्रवेश।	.....
7.	सम्मानित या अस्थायी सदस्यों का प्रवेश।	.....
8.	शर्तें, जिनके अधीन सदस्य, नियमों द्वारा सुनिश्चित लाभ के हकदार हैं।	.....
9.	शर्तें, जिसके अधीन जुर्माना या राजसात का अधिरोपण या फेरफार किया जा सकता है।	.....
10.	रीति, जिसके द्वारा नियमों में संशोधन, फेरफार या विखंडन किया जायेगा।	.....
11.	रीति, जिसके द्वारा कार्यकारिणी के सदस्य तथा संघ के अन्य पदाधिकारियों की नियुक्ति एवं निष्कासन किया जायेगा।	.....
12.	निधियों का सुरक्षित अभिरक्षण।	.....
13.	लेखाओं का वार्षिक अंकेक्षण।	.....
14.	पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा लेखाओं के निरीक्षण की सुविधाएँ।	.....
15.	रीति, जिसके द्वारा संघ का विघटन किया जा सकेगा।	.....

अनुसूची–तीन

(यदि संघ का गठन पंजीकरण आवेदन की तारीख से 01 वर्ष से कम समय पूर्व हुआ हो तो इसे भरने की आवश्यकता नहीं है।)

दिनांक ...../...../20..... की स्थिति में देनदारियों एवं संपत्तियों का विवरण

देनदारी	रूपये	संपत्ति	रूपये
(1)	(2)	(3)	(4)
सामान्य निधि की राशि ...		नकद रू–	
राजनीतिक निधि की राशि ...		खजान्ची के हाथों में	
..... से उधार		सचिव के हाथों में ...	
कर्ज, जो ..... को देय हो		..... के हाथों में	
अन्य दायित्व (स्पष्ट किया जाए)		बैंक में	
		बैंक में	
		निम्न सूची अनुसार प्रतिभूतियां :–	
		अदेय चंदा, जो उधारी में देय	
		अचल संपत्ति	
		सामान और फर्नीचर	
		अन्य सम्पत्तियां (स्पष्ट किया जाए)	
		.....	.....
कुल देनदारियां	.....	कुल संपत्तियां	.....

प्रतिभूतियों की सूची

विवरण	अंकित मूल्य	लागत मूल्य	बाजार मूल्य	कहां जमा
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)

हस्ताक्षर –

(सचिव / अध्यक्ष)

प्ररूप–तीन

(नियम 8 के उप–नियम (2) देखिये)

मैं..... आत्मज श्री.....पता..... ..... व्यवसाय .....आयु .....वर्ष एतद्द्वारा शपथ पर कथन करता हूँ कि दिनांक ..... को क्षेत्र के..... व्यवसाय/उद्योग के सेवायुक्तों की श्री ..... के सभापतित्व में एक आमसभा हुई थी जिसमें ....(संघ का नाम) गठन किया गया और उसे औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 के अन्तर्गत पंजीयन कराने का विनिश्चय किया गया है। संघ के पंजीयन कराने हेतु निम्नलिखित व्यक्तियों को अधिकृत किया गया है :–

स. क्र.	नाम	पिता/पति का नाम	आयु/लिंग	व्यवसाय	स्थापना में धारित पद का नाम (यदि हो तो)	स्थापना का नाम, जहाँ नियोजित है	पता	मोबाईल नंबर	ई–मेल (यदि हो तो)	हस्ताक्षर
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)	(11)
1										
2										
3										
4										
5										
6										
7										

यह कि उपरोक्त व्यक्ति इस संघ के सदस्य हैं। उनके नाम के सामने यथा वर्णित व्यवसाय/उद्योग में बैठक के दिनांक को नियोजित थे, वे आज भी कार्यरत हैं।

यह कि दिनांक ..... की आम सभा में संघ की उपविधि विधान स्वीकृत की गई तथा दिनांक.....को कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का निर्वाचन किया गया।

यह कि व्यावसायिक संघ के पंजीयन हेतु आवेदन पर मेरी उपस्थिति में उपरोक्त उल्लिखित व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षर किया गया।

यह कि व्यावसायिक संघ के पंजीयन हेतु आवेदन में दी गई सभी सूचनाएं मेरी सर्वोत्तम जानकारी में तथा आवेदन के साथ संलग्न दस्तावेज के अनुसार सत्य है।

मेरा यह भी कथन है कि व्यावसायिक संघ के पंजीयन हेतु आवेदन के साथ प्रस्तुत सदस्यता सूची सत्य एवं सही है।

आवेदक

सत्यापन

मैं, ... शपथपूर्वक घोषित एवं सत्यापित करता हूँ कि उपरोक्त शपथ पत्र में किये गये कथन मेरी सर्वोत्तम जानकारी तथा कार्यालयीन अभिलेख में सत्य है। अतः मैं इस पर आज दिनांक ...../...../20..... को स्थान ..... में सत्यापित एवं हस्ताक्षर किया।

आवेदक

प्ररूप–चार

(नियम 8 के उप–नियम (5) देखिये)

व्यावसायिक संघ की पंजी

अनुसूची–एक

पंजीयन हेतु आवेदन दिनांक	पंजीयन दिनांक	संघ का पंजीयन क्रमांक	संघ का नाम	संघ कार्यालय का पता	सदस्यों की संख्या	वर्तमान पदाधिकारियों के नाम	निरस्तीकरण का दिनांक	विघटन का दिनांक	समामेलन का दिनांक	व्यावसायिक संघ का नाम, जिसमें समामेलन हुआ	पदाधिकारियों में परिवर्तन का दिनांक	नियमों में परिवर्तन का दिनांक	अन्य कोई जानकारी	टिप्पणियां
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)	(11)	(12)	(13)	(14)	(15)

पंजीयक के हस्ताक्षर

अनुसूची–दो

वर्तमान पदाधिकारियों का विवरण							पदाधिकारियों में आगामी परिवर्तन का विवरण								
धारित पद	नाम	आयु	पता	मोबाईल नं. / ई–मेल	व्यवसाय	पद त्यागने का वर्ष	धारित पद	नाम	आयु	पता	मोबाईल नं./ ई–मेल	व्यवसाय	निर्वाचन का दिनांक	पंजीयक द्वारा फार्म–ई की स्वीकृति	संघ के निर्वाचन का कार्यकाल (वार्षिक / द्विवार्षिक / त्रैवार्षिक)
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)	(11)	(12)	(13)	(14)	(15)	(16)
अध्यक्ष															
उपाध्यक्ष															
महासचिव															
सचिव															
कोषाध्यक्ष															
अन्य पद															

प्ररूप–पांच

(नियम 8 के उप–नियम (6) देखिये)

व्यावसायिक संघ के पंजीयन का प्रमाण पत्र

कार्यालय पंजीयक, व्यावसायिक संघ
छत्तीसगढ़ शासन

1. पंजीयन क्रमांक .....
2. व्यावसायिक संघ का नाम .....

एतद्द्वारा यह प्रमाणित किया जाता है कि ..... का पंजीयन औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 के अधीन आज दिनांक ...../...../20..... को किया गया।

हस्ताक्षर

..... (सील)

पंजीयक

व्यावसायिक संघ

प्ररूप–छः

(नियम 8 के उप–नियम (7) देखिये)

पंजीयन प्रमाणपत्र के निकासी और निरस्तीकरण हेतु आवेदन

व्यावसायिक संघ का नाम .....

पंजीयन क्रमांक .....

पता .....

दिनांक ...../ ...../ 20.....

प्रति,

पंजीयक, व्यावसायिक संघ

छत्तीसगढ़ शासन,

उपरोक्त उल्लिखित व्यावसायिक संघ इच्छा करता है कि औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 के अधीन उसका पंजीयन प्रमाण–पत्र, प्रत्याहरित (या निरस्त) किया जाए, जैसे कि वह साधारण सभा* में दिनांक ...../ ...../ 20..... में नियमानुसार पारित किया गया था। (पारित प्रस्ताव (संकल्प) की प्रमाणित प्रति संलग्न की जाए)

(हस्ताक्षर)

*यदि सामान्य सभा में नहीं, तो यह कथन उल्लिखित किया जाए कि निवेदन किस रीति से अवधारित किया गया है।

प्ररूप–सात

(नियम 11 के उप–नियम (2) देखिये)

पंजीकृत व्यावसायिक संघ के पदाधिकारियों में परिवर्तन

प्रति,

पंजीयक, व्यावसायिक संघ

छत्तीसगढ़ शासन,

महोदय,

यह सूचित किया जाता है कि संघ के कार्यकारिणी/साधारण सभा की बैठक में पारित प्रस्ताव (संकल्प) कमांक.....(प्रमाणित प्रतिलिपि संलग्न) द्वारा पदाधिकारियों में निम्नलिखित परिवर्तन किया गया है :–

स. क्र.	पद/ कार्यालय का नाम	प्रस्ताव पारित होने की तारीख तक पद धारित करने वाले व्यक्ति का नाम	पदाधिकारी के रूप में नवीन निर्वाचित व्यक्ति का नाम	पिता /पति का नाम	आयु	मोबाईल नंबर /ई–मेल	व्यवसाय	निर्वाचन / प्रस्ताव की तारीख	टिप्पणियां
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)
1									
2									
3									
4									
5									

निर्वाचन/नामांकन, संघ के विधान के नियम ..... के अंतर्गत सम्पन्न किया गया है।

तारीख .....

स्थान .....

सचिव/महासचिव

(संघ का नाम एवं पंजीयन कमांक)

प्ररूप–आठ

(नियम 11 के उप–नियम (2) देखिये)

व्यावसायिक संघ के प्रधान कार्यालय के पते में परिवर्तन

व्यावसायिक संघ का नाम .....

पंजीयन क्रमांक .....

पता .....

दिनांक ...../...../20.....

प्रति,

पंजीयक, व्यावसायिक संघ

छत्तीसगढ़ शासन,

महोदय,

एतदद्वारा यह सूचना दी जाती है कि व्यावसायिक संघ का प्रधान कार्यालय का पता.....से परिवर्तित होकर..... और अब शहर (या नगर) जिला ..... में हो गया है।

सचिव / महासचिव

प्ररूप–नौ

(नियम 12 का उप–नियम (1) देखिये)

व्यावसायिक संघो के समामेलन संबंधी सूचना

अ. पंजीकृत व्यावसायिक संघ का नाम .....

ब. पंजीयन क्रमांक .....

स.क्र	व्यावसायिक संघ का नाम	पंजीयन क्रमांक	पता
(1)	(2)	(3)	(4)
1.			
2.			
3.			

स. दिनांक ...../...../20.....

प्रति,

पंजीयक, व्यावसायिक संघ

छत्तीसगढ़ शासन,

महोदय,

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 की धारा 24 में दिये गये प्रावधान के अनुसार, उपरोक्त उल्लिखित प्रत्येक व्यावसायिक संघो के सदस्यों के द्वारा यह प्रस्ताव (संकल्प) पारित किये हैं कि वे मिलकर एक व्यावसायिक संघ में समामेलित होंगे। समामेलन अनुमोदन संबंधी पारित प्रस्ताव (संकल्प) की एक प्रति संलग्न है।

और यह कि निम्नलिखित, उक्त समामेलन की शर्तें है :–

(यहां शर्तें उल्लिखित करें)

1. .....
2. .....
3. .....
4. .....

और कि यह आशयित है कि व्यावसायिक संघ आगे ..... कहलायेगा।

इस सूचना के साथ, समामेलित व्यावसायिक संघ, जिन नियमों को ग्रहण करने का इच्छुक हैं, की प्रति संलग्न है।

(प्रत्येक व्यावसायिक संघ के महासचिव और सात सदस्यों द्वारा हस्ताक्षरित किया जायेगा)

(हस्ताक्षर)

1. ..... महासचिव
2. .....
3. .....
4. .....
5. ..... सदस्यगण
6. .....
7. .....
8. .....

प्ररूप–दस

(नियम 12 का उप–नियम (3) देखिये)

नाम में परिवर्तन की सूचना

पूर्व से पंजीकृत व्यावसायिक संघ का नाम .....

पंजीयन क्रमांक .....

पता .....

दिनांक ...../...../20.....

प्रति,

पंजीयक, व्यावसायिक संघ

छत्तीसगढ़ शासन,

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है, कि औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 की धारा 24 के प्रावधान का अनुपालन करते हुए उपरोक्त उल्लिखित व्यावसायिक संघ का नाम ..... के रूप में परिवर्तित किया गया।

सामान्य सभा के जनमत, प्रस्ताव के द्वारा सदस्यों की सहमति प्राप्त की गई है, इत्यादि। यदि नियमों के अनुसार प्रक्रिया का पालन किया गया है तो नियम उल्लिखित करें। (प्रतिलिपि संलग्न)

(हस्ताक्षर)

1 ..... महासचिव

2 .....

3 .....

4 .....

5 ..... सदस्यगण

6 .....

7 .....

8 .....

प्ररूप–ग्यारह

(नियम 13 के उप–नियम (1) देखिये)

व्यावसायिक संघ के विघटन या नियमों में संशोधन की सूचना

व्यावसायिक संघ का नाम .....

पंजीयन क्रमांक .....

दिनांक ..... माह ..... वर्ष 20.....

प्रति,

पंजीयक, व्यावसायिक संघ

छत्तीसगढ़,

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उपरोक्त उल्लिखित व्यावसायिक संघ इसके नियमों के अनुसरण में दिनांक ...../...../20..... को विघटित हुआ था।

या

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि अनुसूची–एक के अधीन दिए गए व्यावसायिक संघ के निम्नलिखित नियमों को, इसके नियमों के अनुसरण में दिनांक ...../...../20..... को संशोधित करने का प्रस्ताव है।

हम सम्यक् रूप से संघ के द्वारा प्राधिकृत किए गए हैं कि इस सूचना को उनकी ओर से अग्रेषित करें, ऐसा प्राधिकार सामान्य सभा में प्रस्ताव पारित कर, दिनांक ...../...../20..... * को दिया गया, जिसकी प्रति संलग्न है।

(हस्ताक्षर)

1.....

2.....

3.....

4.....

5.....

6.....

7.....

8.....

*यहां दिनांक लिखी जाए, या यदि कोई प्रस्ताव पारित ना हो तो, ऐसी स्थिति में किसी अन्य रीति से यह प्राधिकार दिया जाए।

अनुसूची–एक

नियमों में संशोधन

कॉलम (1) और (2) में विस्तृत मामलों के लिए नियमों में संशोधन कॉलम (3) में निम्नानुसार दिए गए हैं :–

स. क्र.	मामला (1)	मूल नियम (2)	संशोधन प्रस्तावित (3)
1.	संघ का नाम	.....	
2.	सम्पूर्ण उद्देश्य, जिसके लिए संघ की स्थापना की गई है।	.....	
3.	सम्पूर्ण प्रयोजन, जिसके लिए संघ की सामान्य निधि लागू होगी।	.....	
4.	सदस्यों की सूची का अनुरक्षण करना।	.....	
5.	सदस्यों की सूची, पदाधिकारियों और सदस्यों द्वारा निरीक्षण हेतु सुविधा उपलब्ध करना।	.....	
6.	सामान्य सदस्यों का प्रवेश।	.....	
7.	अवैतनिक या अस्थायी सदस्यों का प्रवेश।	.....	
8.	नियमों के द्वारा सदस्यों के सुनिश्चित लाभों के हक संबंधी शर्तें।	.....	
9.	शर्तें, जिसके अधीन जुर्माना या राजसात का अधिरोपण या फेरफार किया जा सकता है।	.....	
10.	रीति, जिसके द्वारा नियमों में संशोधन, परिवर्तन या विखण्डन किया जायेगा ।	.....	
11.	रीति, जिसके द्वारा कार्यकारिणी के सदस्य तथा संघ के अन्य पदाधिकारियों की नियुक्ति एवं निष्कासन होगा।	.....	
12.	निधि की सुरक्षा अभिरक्षण।	.....	

आवेदकों के हस्ताक्षर

प्ररूप–बारह

(नियम 16 का उप नियम (1) देखिये)

भाग–अ

औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 की धारा 26 के अधीन निर्धारित वार्षिक विवरणी (सामान्य विवरण)

1 जनवरी 20..... से 31 दिसम्बर 20..... तक

1. व्यावसायिक संघ का नाम .....
2. पता .....
3. पंजीकृत मुख्यालय .....
4. पंजीयन प्रमाणपत्र का क्रमांक ..... दिनांक .....
5. व्यावसायिक संघ, किस प्रवर्ग के उद्योग से संबंधित है? जैसे सार्वजनिक या निजी क्षेत्र .....
6. उपरोक्त उल्लिखित उद्योग, किसके प्रधिकार में आता है? जैसे कि केन्द्रीय शासन अथवा राज्य शासन .....
7. क्या संघ किसी अखिल भारतीय संस्था से संबद्ध है? यदि ऐसा है, तो नाम एवं संबद्धता क्रमांक बतायें .....
8. संबद्धता की फीस रूपये.....
9. अखिल भारतीय निकाय में संबद्धता की फीस के भुगतान की रसीद क्रमांक..... एवं दिनांक.....
10. कार्यकारी समिति के सदस्यों की संख्या .....
11. यदि कार्यकारी समिति में बाहरी सदस्य, यदि कोई हो, तो उसकी संख्या. .....
12. उद्योग/औद्योगिक स्थापनाओं का नाम, जिससे संघ संबंधित है .....
13. संघ के कार्यक्षेत्र का विवरण .....
14. सदस्यों के लिए मासिक चंदे की राशि .....
15. (व्यावसायिक संघो के परिसंघ द्वारा यह जानकारी देने की आवश्यकता नही है):–

    (पाँच) वर्ष के प्रारंभ में पंजी में दर्ज सदस्यों की संख्या. .....

    (ब) वर्ष के दौरान बने सदस्यों की संख्या .....

    कुल संख्या (पाँच) एवं (ब) .....

    (स) वर्ष .....में संघ की सदस्यता छोड़ने वाले सदस्यों की संख्या. .....

    (पाँच) एवं (ब) के जोड़ से घटाने पर अतिशेष .....

(द) वर्ष के अंत मे पंजी में कुल सदस्यों की संख्या (अर्थात् 31 दिसम्बर को)

पुरूष .....

महिला .....

कुल .....

(ई) राजनैतिक निधि राशि में योगदान करने वाले सदस्यों की संख्या. .....

(फ) वर्ष पर्यन्त हेतु अंशदान करने वाले सदस्यों की संख्या. .....

16. व्यावसायिक संघो के परिसंघ के द्वारा विवरणी प्रस्तुत करना –

(क) वर्ष के प्रारंभ में संबद्ध संघो की संख्या .....

(ख) चालू वर्ष के दौरान सम्मिलित होने वाले संघो की संख्याा .....

(ग) चालू वर्ष में असंबद्ध होने वाले संघो की संख्या. .....

(घ) वर्ष के अंत में संबद्ध होने वाले संघो की संख्या .....

(ङ) संबद्ध संघों से प्राप्त सदस्यता शुल्क की राशि .....रू.

(च) संबद्ध संघों की संख्या, जिनसे वर्ष के दौरान सदस्यता शुल्क की राशि प्राप्त की गई .....

(छ) संबद्ध संघो की संख्या, जिन्होंने राजनैतिक निधि को अंशदान दिया.....

(ज) संबद्ध संघों के सदस्यता की संख्या

पुरूष .....

महिला .....

कुल .....

टीपः–

1. (पाँच) इस प्ररूप के भाग अ के कॉलम 1 से 13 तक का विवरण दोनों श्रेणियों द्वारा भरा जाएगा अर्थात् संघ एवं फेडरेशन।

(ब) इस प्ररूप के भाग अ के कॉलम 14 और 15 केवल व्यावसायिक संघों के द्वारा भरा जाना है, ना कि फेडरेशन द्वारा।

(स) इस प्ररूप के भाग अ के कॉलम 16 केवल फेडरेशन द्वारा भरा जाना है।

2. व्यावसायिक संघ के नियमों की एक प्रति, जो कि वार्षिक विवरणी प्रेषण की तारीख तक सही है, वार्षिक विवरणी के साथ संलग्न की जानी चाहिए।

भाग–ब

सामान्य निधि लेखा

आय			व्यय		
स.क्र.	विवरण	रूपये	स.क्र.	विवरण	रूपये
1	वर्ष के प्रारंभ में बचत		1	वेतन, भत्ता एवं कार्यालयों का खर्च	
2	सदस्यों से प्राप्त अंशदान का विवरण निम्नानुसार है :–		2	वेतन, भत्ता और स्थापना से अन्य खर्च	
	(क) चालू वर्ष में प्राप्त अंशदान		3	अंकेक्षक फीस.....	
	(ख) चालू वर्ष के लिए अंशदान का बकाया –		4	विधिक खर्च	
	(1) तीन माह या कम का अंशदान बकाया		5	व्यावसायिक विवादों के संचालन में खर्च	
	(2) 6 माह या 6 माह से अधिक का बकाया अंशदान		6	व्यावसायिक विवादों में सदस्यों को होने वाले नुकसान हेतु क्षतिपूर्ति खर्च	
	(ग) एक वर्ष से अधिक बकाया अंशदान –		7	दाह संस्कार, बुढ़ापा, बीमारी, बेकारी भत्ता आदि।	
	कुल		8	शैक्षणिक, सामाजिक एवं धार्मिक सुविधायें।	
3	दान		9	सामयिक पत्रिकाओं के प्रकाशन की लागत।	
4	निवेशों पर ब्याज		10	किराया, दर एवं कर	
5	सामयिक पत्रिकाओं, पुस्तकों एवं नियमावली आदि का विकय		11	स्टेशनरी, प्रिंटिंग एवं पोस्टेज	
6	विभिन्न स्त्रोतों से प्राप्त आय (स्पष्ट किया जाए)		12	औद्योगिक संबंध (छत्तीसगढ़) नियम, 2026 के नियम 15 के उप–नियम 1(ञ) के अधीन व्यय	
	(1).....		13	अन्य व्यय (स्पष्ट किया जावे)	
	(2).....			(1).....	
	(3).....			(2).....	
	(4).....			(3).....	
	(5).....			(4).....	
	(6).....			कुल व्यय	
				वर्ष के अंत में शेष	
	योग.....			योग.....	

कोषाध्यक्ष

भाग–स

व्यावसायिक संघ की देनदारियां एवं संपत्ति का विवरण

दिनांक ...../...../20.....

देनदारियां			संपत्तियां		
स.क्र.	विवरण	रूपये	स.क्र.	विवरण	रूपये
1.	सामान्य निधि की राशि		1.	नगद	
2.	राजनैतिक निधि की राशि			(क) कोषाध्यक्ष को हस्तगत	
3.	कर्ज से			(ख) सचिव या अन्य नामित व्यक्ति को हस्तगत	
4.	बकाया, जो भुगतान किया जाना है		2.	बैंक में	
5.	अन्य देनदारियां (स्पष्ट की जाए)		3.	प्रतिभूतियां (भाग–द की सूची अनुसार)	
	(1).....		4.	बकाया देय अंशदान (भाग–ब के कॉलम (ब) एवं (स) में दर्शाए अनुसार)	
	(2).....			(क) चालू वर्ष के अंशदान की राशि	
	(3).....			(ख) पूर्व वर्ष के अंशदान की राशि	
	(4).....		5.	लोन	
				(क) पदाधिकारी	
				(ख) सदस्य	
				(ग) अन्य	
			6.	अचल सम्पत्ति	
			7.	सामान एवं फर्नीचर –	
				(क) चालू वर्ष में	
				(ख) पूर्व वर्ष में	
			8.	अन्य संपत्तियां	
	योग.....			योग.....	

भाग–द

प्रतिभूतियों की सूची

विवरण	अंकित मूल्य	लागत मूल्य	बाजार मूल्य, जिस दिन लेखा सम्पन्न किया गया	कहाँ जमा
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)

भाग–इ

राजनैतिक निधि लेखा

आय			व्यय		
विवरण		रूपये	विवरण		रूपये
1.	वर्ष के प्रारंभ में बचत		1.	औद्योगिक संबंध (छत्तीसगढ़) नियम, 2026 की नियम 15 के उप–नियम 2(दो) में विर्निदिष्ट उद्देश्यों पर भुगतान	
2.	सदस्यों से प्राप्त राशि		2.	व्यवस्था आदि पर व्यय (पूर्ण विवरण दें)	
				कुल	
				वर्ष के अंत में शेष	
	योग.....			योग.....	

भाग–फ

अंकेक्षक का घोषणा पत्र

निम्न् हस्ताक्षरकर्ता ने ..... के पुस्तकों एवं लेखाओं को देखने एवं पूर्वगामी विवरणों के परीक्षण करने और उपलब्ध वाउचरों के आधार पर जाँच करने पर, उचित वाउचरों के आधार पर सही पाने से उस पर हस्ताक्षर किये और विधि के अनुरूप दिए गए टिप्पणी के अध्यधीन रहते हुये, यदि कोई, जो इसमें संलग्न है, तथा यह भी प्रमाणित करता है कि ..... ने सदस्यता पंजी और लेखा पुस्तकों को समुचित रूप से रखा है एवं सदस्यों ने अपना अंशदान, जो रू ..... का भुगतान ..... को दिया है, जो कि व्यावसायिक संघ की सामान्य निधि की लेखा में पूर्वगामी विवरणी में दर्शाया गया है, दिये गये टिप्पणी के अध्यधीन रहते हुए, यदि कोई हो, जो इसमें संलग्न है।

हस्ताक्षर – (1) अंकेक्षक–.....

(2) अंकेक्षक–.....

टिप्पणी :– प्रत्येक अंकेक्षक अपने हस्ताक्षर के नीचे यह स्पष्ट रूप से अंकित करेगा कि वह किस प्रास्थिति से, नियम 9 में संदर्भानुसार व्यावसायिक संघ के लेखों के ऑडिट करने हेतु अर्हित है।

भाग–ज

निर्वाचन या नामांकन द्वारा पदाधिकारियों की नियुक्ति

नाम	जन्म तारीख	निवास का पता	व्यवसाय	संघ में धारित पद	पद धारण की प्रकिया या तो निर्वाचन द्वारा या नामांकन द्वारा	नियुक्ति की तारीख
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)

भाग–ह

पद त्याग करने वाले पदाधिकारी

क्र.	नाम	पद	पदत्याग का दिनांक
(1)	(2)	(3)	(4)

प्ररूप–तेरह

(नियम 17 के उप–नियम (3) देखिये)

अंकेक्षक का घोषणा पत्र

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने ..... के पुस्तकों एवं लेखाओं को देखने एवं पूर्वगामी विवरणों के परीक्षण करने और उससे संबंधित वाउचरों के आधार पर जाँच करने पर, विधिवत वाउचरों के आधार पर सही पाने से उस पर हस्ताक्षर किये और विधि के अनुरूप दी गई टिप्पणी, यदि कोई हो, के अध्यधीन, जो संलग्न है और यह भी प्रमाणित करता है कि ..... ने सदस्यता पंजी और उनकी लेखा पुस्तकों को समुचित रूप से अनुरक्षित रखा है एवं सदस्यों ने अपना अंशदान जो रू..... का भुगतान ..... को दिया है, जो कि व्यावसायिक संघ की सामान्य निधि लेखा के पूर्वगामी विवरणी में दर्शाया गया है, दी गई टिप्पणी, यदि कोई हो, के अध्यधीन, जो संलग्न है।

हस्ताक्षर – (1) अंकेक्षक

(2) अंकेक्षक

टिप्पणी :– प्रत्येक अंकेक्षक, अपने हस्ताक्षर के नीचे यह अंकित करेगा कि वह किस प्रास्थिति से, नियम 9 में संदर्भानुसार व्यावसायिक संघ के लेखों के अंकेक्षण करने हेतु अर्हित है।

प्ररूप–चौदह

(नियम 19 का उप नियम (घ) देखिये)

(अधिकरण के समक्ष विवाद के अधिनिर्णयन के लिए आवेदन)

औद्योगिक अधिकरण ..... के समक्ष (नाम और स्थान)

जहाँ विवाद उत्पन्न हुआ है –

..... आवेदक (कों) का नाम और पता

बनाम

..... विपक्षी पक्ष (क्षों) का नाम और पता

के बीच, उक्त विषय (विवाद के विशिष्ट मामले के संबंध में विवरण उल्लिखित किया जा सकता है) पर विवाद उत्पन्न होता है जो औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 की धारा 22 की उप–धारा (1) के अधीन विवाद से संबंधित है।

आवेदक(गण) प्रार्थना करता/करते हैं कि अधिनिर्णयन के लिए, आवेदन को तत्काल स्वीकार करें और मामले में समुचित अधिनिर्णय पारित करें।

विवाद उठाने वाले कामगार (रों) या व्यावसायिक संघ
के अधिकारी का नाम एवं हस्ताक्षर

स्थान : .....

तारीख : .....

प्ररूप–पंद्रह

(नियम 20 का उप–नियम (3) देखिये)

राज्य व्यावसायिक संघ के रूप में मान्यता के लिए आवेदन

व्यावसायिक संघ/व्यावसायिक संघों के परिसंघ का नाम – .....

पता – .....

दिनांक – ...../...../20.....

प्रति,

सचिव या प्राधिकृत अधिकारी (पदनाम),

छत्तीसगढ़ शासन, श्रम विभाग,

महोदय,

मैं यह कथन करता हूँ कि उपर्युक्त व्यावसायिक संघ/व्यावसायिक संघों के परिसंघ के सदस्यों की आम सभा/कार्यकारिणी की सभा जो दिनांक ..../..../20..... को ..... पर आयोजित की गयी थी, में यह प्रस्ताव पारित किया गया है कि संघ द्वारा आपके समक्ष इसे औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 की धारा 27 की उप–धारा (2) के अन्तर्गत राज्य स्तरीय व्यवासायिक के संघ के रूप में मान्यता दिये जाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया जाए। इस संबंध में पारित प्रस्ताव की, अध्यक्ष/महासचिव द्वारा हस्ताक्षरित, प्रति संलग्न है।

2. यह व्यावसायिक संघ/व्यावसायिक संघों का परिसंघ, पंजीयक, व्यावसायिक संघ, छत्तीसगढ़ द्वारा जारी प्रमाणपत्र क्र. .....के अन्तर्गत दिनांक ...../..../20.... को पंजीकृत है तथा पंजीयन क्रमांक ..... है।

3. व्यावसायिक संघ/व्यावसायिक संघों के परिसंघ के नियमों की प्रति संलग्न है।

4. व्यावसायिक संघ/व्यावसायिक संघों के परिसंघ के मुख्यालय का पता, जिस पर पत्राचार किया जायेगा, ... है।

5. व्यावसायिक संघ/व्यावसायिक संघों के परिसंघ के साथ राज्य में, जो अन्य व्यावसायिक संघ से संबद्ध है, ऐसे व्यावसायिक संघों की सूची, उनका पता, पंजीयन संबंधी विवरण तथा सदस्यता इत्यादि की जानकारी संलग्न है।

6. यह व्यावसायिक संघ/व्यावसायिक संघों के परिसंघ औद्योगिक स्थापना/उद्योग/व्यवसाय (पूर्ण विवरण दें) में ..... वर्षों से ..... जिलों/छत्तीसगढ़ राज्य में कार्य कर रही है।

7. व्यावसायिक संघ/व्यावसायिक संघों के परिसंघ की राज्य में कुल सदस्य संख्या –..... है। (जिला वार, व्यावसायिक संघवार सदस्यता की जानकारी संलग्न की जाए)

टीप :–

1. व्यावसायिक संघ/व्यावसायिक संघों के परिसंघों द्वारा इसकी पंजीयन के समय से किये गये गतिविधियां एवं कार्यों से संबंधित संक्षिप्त प्रतिवेदन एवं अभिलेख संलग्न की जाए।

2. प्राधिकारी द्वारा मांगे जाने पर संघ के सदस्यों की सूची उनके आधार नंबर सहित प्रस्तुत की जाए।

नाम एवं हस्ताक्षर

अध्यक्ष/महासचिव

प्ररूप–सोलह

(नियम 28 का उप–नियम (1)देखें)

(प्रमाणित स्थायी आदेशों के लिए रजिस्टर)

भाग–I

औद्योगिक स्थापना

अनन्य और निरंतर संख्या	औद्योगिक स्थापना का नाम	औद्योगिक स्थापना की प्रकृति	क्या स्थायी आदेश (क) आदर्श स्थायी आदेश है. या (ख) माना गया स्थायी आदेश है. या (ग) प्रमाणित स्थायी आदेश है।	स्वीकृति की तारीख या मान्य प्रमाणीकरण की तारीख या स्थायी आदेश के प्रमाणन / प्रमाणीकरण की तारीख
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)

अपील दायर करने की तारीख	निर्णय की तारीख और प्रकृति	अपील पर संशोधन किया गया, यदि कोई	अपील पर निपटाए गए स्थायी आदेशों की प्रति भेजने की तारीख	कोई अन्य प्रासंगिक विवरण
(6)	(7)	(8)	(9)	(10)

भाग–II

इसमें स्थायी आदेश की प्रमाणित प्रतिलिपि इलेक्ट्रॉनिक रूप से होनी चाहिए।

प्ररूप–सत्रह

(नियम 30 का उप–नियम (1) देखिये)

(नियोक्ता द्वारा कामगारों की सेवा शर्तों में परिवर्तन के संबंध में सूचना का प्रस्ताव)

नियोक्ता का नाम – .....

पता – .....

दिनांक – .....

औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 की धारा 40(1) के अनुसार, मैं/हम सभी संबंधितों को एतदद्वारा सूचित करता हूँ/करते हैं कि इस संहिता की तीसरी अनुसूची में निर्दिष्ट किए गए मामले के संबंध में कामगारों पर सेवा शर्तों में दिनांक ...../...../20..... से परिशिष्ट में विनिर्दिष्ट परिवर्तन/परिवर्तनों को लागू करना चाहता हूँ/चाहते हैं।

हस्ताक्षर .....

पदनाम .....

परिशिष्ट

(यहाँ प्रस्तावित परिवर्तन/परिवर्तनों का विवरण दें)

1 .....

2 .....

प्रतिलिपि अग्रेषितः–

(1) सचिव, पंजीकृत व्यावसायिक संघ, यदि कोई हो

(2) श्रमायुक्त, छत्तीसगढ़

(3) संबंधित सुलह अधिकारी

प्ररूप–अट्ठारह

(स्वैच्छिक मध्यस्थता के लिए समझौता)

(नियम 31 का उप–नियम (1) देखिये)

मध्य

..... नियोक्ता का प्रतिनिधित्व करने वाले पक्षकारों के नाम

और

.....कामगार का प्रतिनिधित्व करने वाले पक्षकारों के नाम

निम्नलिखित विवाद को, मध्यस्थता के लिए ..... (यहाँ मध्यस्थ के नाम और पते का उल्लेख करें) को भेजने पर सहमति हुई है।

(एक) विवाद के विनिर्दिष्ट मामले.

(दो) शामिल स्थापना या उपक्रम का नाम और पता सहित विवाद के पक्षों का विवरण.

(तीन) कामगार का नाम, यदि वह स्वयं विवाद में शामिल हो या यूनियन, यदि कोई हो, जो प्रश्नगत कामगार या कामगारों का प्रतिनिधित्व करता हो, का नाम.

(चार) प्रभावित उपक्रम में नियोजित कामगारों की कुल संख्या.

(पांच) विवाद से प्रभावित कामगार या सम्भवतः प्रभावित होने वाले की अनुमानित संख्या.

*हम अग्रतर रूप से सहमत हैं कि मध्यस्थों के अधिकांश निर्णय हम पर बाध्यकर हैं यदि मध्यस्थ अपने विवाचन में बराबर विभाजित होते हैं तो वह मध्यस्थ के रूप में एक अन्य व्यक्ति नियुक्त करेंगे, जिसके निर्णय हम पर बाध्यकर होंगे.

राज्य सरकार द्वारा अधिकारिक राजपत्र में इस समझौते के प्रकाशन के दिनांक से (पक्षों द्वारा समझौते की अवधि उल्लिखित करें) ..... की अवधि के भीतर या लिखित रूप में हमारे मध्य आपसी समझौते द्वारा आगे बढ़ाए गए समय के भीतर मध्यस्थ को अपना निर्णय लेना होगा, यदि उपर्युक्त उल्लिखित अवधि के भीतर भी निर्णय नहीं किया गया तो मध्यस्थ का संदर्भ स्वतः खारिज हो जाएगा और हम नए मध्यस्थ से निपटान के लिए मुक्त हो जाएंगे।

नियोक्ता का प्रतिनिधित्व/व्यावसायिक संघ के किसी अधिकारी/कामगार/कामगारों का प्रतिनिधित्व करने वाले पक्षों के हस्ताक्षर.

साक्षी :–

1. .....

2. .....

प्रतिलिपि :–

(1) सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, श्रम विभाग.

(2) श्रमायुक्त, छत्तीसगढ़ .

(3) सुलह अधिकारी (संबंधित क्षेत्र के लिए सुलह अधिकारी का कार्यालय पता लिखें).

प्ररूप–उन्नीस

(नियम 33, 55 एवं 56 देखिये)

(इस संहिता के अंतर्गत प्राधिकारी के समक्ष कार्यवाही में प्रतिनिधित्व करने वाले कामगार, कामगार के समूह, नियोक्ता, नियोक्ता के समूह के द्वारा प्राधिकार प्रदान करना)

प्राधिकारी के समक्ष

(यहां संबंधित प्राधिकारी का उल्लेख करें)।

इस संबंध में :..... (कार्यवाही का नाम उल्लिखित करें)

..... कामगार

बनाम

.....नियोक्ता

मैं/हम, एतदद्वारा, श्री/श्रीमती 1. ..... 2. ..... 3. .....
(यदि एक से अधिक प्रतिनिधि हैं) को उपर्युक्त मामले में प्रतिनिधित्व करने के लिए अधिकृत करता हूँ/करते हैं।

दिनांक .....

प्रतिनिधि(यों) मनोनीत करने वाले
व्यक्ति(यों) के हस्ताक्षर

मान्य पता .....

प्ररूप–बीस

(नियम 34 (क) का उप–नियम (21) एवं 34 (ख) का उप–नियम (21) देखिये)

राज्य औद्योगिक अधिकरण के न्यायिक/प्रशासनिक सदस्य के पद के लिये शपथ का प्ररूप

मैं, ... औद्योगिक अधिकरण ..... के न्यायिक/प्रशासनिक सदस्य के रूप में नियुक्त किए जाने पर सत्यनिष्ठा से प्रतिज्ञान करता हूँ/ईश्वर की शपथ लेता हूँ कि मैं अपनी अधिकतम क्षमता, ज्ञान और विवेक से, किसी भय या पक्षपात, राग या द्वेष के बिना न्यायिक/प्रशासनिक सदस्य, औद्योगिक अधिकरण के रूप में अपने कर्तव्यों का ईमानदारी एवं शुद्ध अंतः करण से निर्वहन करूंगा और संविधान और विधि के अनुसार कार्य करूंगा।

(हस्ताक्षर)

स्थान –

दिनांक –

प्ररूप–इक्कीस

(नियम 38 का उप नियम (1) देखें)

(औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 की धारा 59 की उप–धारा (1) के अंतर्गत आवेदन)

सेवा में,

(1) सचिव, छ.ग. शासन, श्रम विभाग, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर

(2) श्रमायुक्त, छत्तीसगढ़, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर

महोदय,

मुझे/हमें यह बताना है कि मुझे/हमें मेसर्स ..... से ..... रुपए (शब्दों में) प्राप्त करने का अधिकार है, जो कि ..... के संदर्भ में है, औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 (2020 के 35) के अध्याय IX और X उपबंधों के तहत/..... .....द्वारा दिए गए पंचाट दिनांक ..... के अनुसार/उक्त मेसर्स ..... और उनके कामगारों के बीच ..... के माध्यम से दिनांक ..... को पहुंचे समझौते के अनुसार, जो कि विधिवत रूप से निर्वाचित प्रतिनिधियों द्वारा किया गया है।

मैं/हम आगे यह भी कहते हैं कि मैंने हमने प्रबंधन को उक्त राशि के लिए दिनांक .....को पंजीकृत डाक द्वारा मांग–पत्र भेजा था, जिसका प्रबंधन ने न तो भुगतान किया है और न ही मुझे/हमें भुगतान करने का प्रस्ताव दिया है, जबकि एक पखवाड़ा बीत चुका है। राशि का ब्यौरा संलग्न विवरण में उल्लिखित है।

मैं/हम अनुरोध करता/करती हूँ/करते हैं कि उक्त राशि औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 (2020 का 35) की धारा 59 की उप– धारा (1) के अंतर्गत प्रबंधन से वसूल की जाए तथा मुझे/हमें यथाशीघ्र भुगतान किया जाए।

आवेदक (आवेदकों) के हस्ताक्षर

पता (पते)

स्थानः

दिनांक..

अनुबंध

(यहां दावा की गई राशि का ब्यौरा दर्शाएं।)

प्ररूप–बाईस

(नियम 38 का उप नियम (1) देखें)

(औद्योगिक संबंध संहिता की धारा 59 की उप–धारा (1) के तहत् किसी कामगार द्वारा या मृत कामगार के समनुदेशिती या उत्तराधिकारी द्वारा अधिकृत व्यक्ति द्वारा आवेदन)

सेवा में,

(1) सचिव, छ.ग. शासन, श्रम विभाग, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर

(2) श्रमायुक्त, छत्तीसगढ़, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर

सेवा में,

मैं श्री/श्रीमती/कुमारी ..... यह बताना चाहता/चाहती हूं कि श्री/श्रीमती/कुमारी ..... औद्योगिक संबंध की संहिता 2020 (2020 का 35) के अध्याय IX और X के उपबंधों के तहत् ..... के द्वारा दिए गए दिनांक .... के पंचाट के अनुसार मैसर्स ..... से ..... (शब्दों में) रूपए की राशि प्राप्त करने का हकदार हूं/थी/हैं जो उक्त मैसर्स ..... और उनके कामगारों के बीच विधिवत निर्वाचित प्रतिनिधियों के माध्यम से हुए दिनांक ....के समझौते के अनुसार निर्धारित है।

मैं आगे यह भी बताता/बताती हूं कि मैंने प्रबंधन को उक्त राशि के लिए पंजीकृत डाक द्वारा दिनांक ..... को एक मांग–पत्र भेजा था, जिसका प्रबंधन ने न तो भुगतान किया है और न ही मुझे भुगतान करने का प्रस्ताव दिया है, जबकि एक पखवाड़ा बीत चुका है। राशि का ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

मैं अनुरोध करता हूँ कि उक्त राशि औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 (2020 का 35) की धारा 59 की उप– धारा (1) के अंतर्गत प्रबंधन से वसूल की जाए तथा मुझे/हमें यथाशीघ्र भुगतान किया जाए।

मुझे यह आवेदन करने तथा उसे देय उपरोक्त राशि का भुगतान करने के लिए ..... (यहां कार्यकर्ता का नाम लिखें) द्वारा विधिवत लिखित रूप में प्राधिकृत किया गया है।

मैं मृत कामगार का समनुदेशिती/उत्तराधिकारी हूं और उसे देय उपरोक्त राशि का भुगतान प्राप्त करने का हकदार हूं।

अधिकृत व्यक्ति/समनुदेशिती/उत्तराधिकारियों के हस्ताक्षर

पता .....

स्थानः .....

दिनांक.....

अनुबंध

(यहां दावा की गई राशि का ब्यौरा दर्शाएं।)

प्ररूप–तेईस

(नियम 38 का उप नियम (2) देखें)

(औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 की धारा 59 की उप–धारा (2) के तहत् आवेदन)

..... पर राज्य सरकार औद्योगिक न्यायाधिकरण के समक्ष

..... और

..... के बीच

(1) आवेदक(कों) के नाम .....

(2) नियोजक का नाम .....

आवेदक(कों) .....मेसर्स .....के ..... के एक कामगार हैं। आवेदक(कों) के कामगार उक्त मेसर्स ..... से संलग्न विवरण में उल्लिखित धनराशि/लाभ प्राप्त करने के हकदार हैं।

यह प्रार्थना की जाती है कि न्यायाधिकरण आवेदक(आवेदकों) को देय राशि/राशियों का निर्धारण करने की कृपा करें।

आवेदक(कों) के हस्ताक्षर या अंगूठे का निशान

पता (पते) .....

स्थानः .....

दिनांक.....

अनुबंध

(यहां देय धनराशि या अर्जित लाभों का ब्यौरा तथा उनकी स्वीकार्यता का मामला बताएं)

प्ररूप–चौबीस

(नियम 38 का उप नियम (2) देखें)

(औद्योगिक संबंध, 2020 संहिता की धारा 59 की उप–धारा (2) के तहत् किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा आवेदन जो मृत कर्मचारी का समनुदेशिती या उत्तराधिकारी है)

..... पर राज्य सरकार औद्योगिक न्यायाधिकरण के समक्ष

..... और

..... के बीच

(1) आवेदक(कों) के नाम .....

(2) नियोजक का नाम .....

मैं/हम मृत कामगार के समनुदेशितीहैं और उसकी ओर से आवेदन करने के हकदार हूं/हैं।

श्री/श्रीमती .....मेसर्स .....के पूर्व कर्मचारी, उक्त मेसर्स ..... से संलग्न विवरण में उल्लिखित धनराशि/लाभ प्राप्त करने के हकदार हैं।

यह प्रार्थना की जाती है कि न्यायाधिकरण मृत कामगार को देय राशि/राशियों का निर्धारण करने की कृपा करें।

कामगार का नाम और पता .....

समनुदेशिती/उत्तराधिकारियों के हस्ताक्षर

पता (पते) .....

स्थानः .....

दिनांक.....

अनुबंध

(इसमें देय धनराशि या उपार्जित लाभों का ब्यौरा तथा उनकी स्वीकार्यत का मामला दिया गया है।)

प्ररूप–पच्चीस

(नियम 39 का उप नियम (1) व नियम 59 देखिये)

(संघ (संघ का नाम)/कामगारों के समूह द्वारा की जाने वाली हड़ताल की सूचना)

कामगारों के पांच निर्वाचित प्रतिनिधियों के नाम .....

दिनांक ...../...../20.....

प्रति,

(नियोक्ता का नाम)

महोदय/महोदया,

औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 की धारा 62 की उप–धारा (1) में निहित प्रावधानों के अनुसार परिशिष्ट (संलग्नक) में बताए गए कारणों के लिए, मैं/हम आपको सूचना देते हैं कि हम दिनांक...../...../20..... को हड़ताल का आह्वान करते हैं।

भवदीय

संघ का सचिव अथवा कामगारों के पांच
निर्वाचित प्रतिनिधियों का नाम व हस्ताक्षर

(संलग्न प्रस्ताव(संकल्प) के अधीन दिनांक...../...../20.....को आयोजित बैठक में निर्वाचित कामगारों के पांच प्रतिनिधि)

परिशिष्ट

कारणों का विवरण

1	

प्रतिलिपि,

(1) सचिव, छ0ग0 शासन, श्रम विभाग.

(2) श्रमायुक्त, छत्तीसगढ़ .

(3) संबंधित क्षेत्र के सुलह अधिकारी.

(4) महानिदेशक, श्रम ब्यूरो, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय (केवल सांख्यिकी प्रयोजन के लिये।)

प्ररूप–छब्बीस

(नियम 40 के उप–नियम (1) व नियम 59 देखिये)

(औद्योगिक स्थापनाओं के नियोक्ता द्वारा की जाने वाली तालाबंदी की सूचना)

नियोक्ता का नाम .....

पता.....

दिनांक ...../...../20.....

औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 की धारा 62(6) के प्रावधानों के अनुसरण में, मैं/हम सभी संबंधित को एतदद्वारा सूचना देते हैं कि परिशिष्ट में बताए गए कारणों के लिए दिनांक ...../...../20..... से मेरे/हमारे द्वारा प्रतिष्ठानों के विभागों, शाखाओं.....में तालाबंदी करने का विचार है।

हस्ताक्षर .....

पदनाम .....

परिशिष्ट

कारणों का कथन

1.	

प्रतिलिपि :

(1) सचिव, व्यावसायिक संघ, यदि कोई हो.

(2) सचिव, छ0ग0 शासन, श्रम विभाग.

(3) श्रमायुक्त, छत्तीसगढ़.

(4) संबंधित क्षेत्र के सुलह अधिकारी.

(5) महानिदेशक, श्रम ब्यूरो, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय का कार्यालय (केवल सांख्यिकी प्रयोजन के लिये।)

प्ररूप–सत्ताईस

(नियम 41, 43 व 59 देखें)

(औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 के अध्याय–नौ और इसके तहत् बनाए गए नियमों के उपबंधों के तहत् राज्य सरकार को एक नियोक्ता द्वारा छंटनी/बंदी की जाने वाली सूचना का नोटिस)

(ऑनलाइन जमा किया जाना है। अनिवार्यता की स्थिति में निम्न निर्धारित प्रारूप में लिखित में)

औद्योगिक प्रतिष्ठान/उपक्रम नियोक्ता का नाम...

कामगार पहचान संख्या————

तारीख–

(नोट: समुचित सरकार को बंदी/छंटनी के लिए सूचना क्रमशः साठ दिन और बंदी/छंटनी के आरंभ होने से तीस दिन पहले दी जानी चाहिए)

सेवा में,

सचिव, छ.ग. शासन, श्रम विभाग

मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर

1. *(छंटनी) (क) औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 (2020 का 35) की धारा 70 (ग) के तहत् *मैं/हम* आपको सूचित करते हैं कि *मैंने/हमने* कुल..... कर्मचारियों** में से ....कर्मचारियों** की छंटनी करने का निर्णय लिया है जो कि ..... (दिन/माह/वर्ष) से प्रभावी होगी।

या

*(बंदी) (ख) औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 (2020 का 35) की धारा 74(1) के अंतर्गत *मैं/हम* आपको सूचित करते हैं कि *मैंने/हमने* यह निर्णय लिया है कि *मैंने/हमने* .....(औद्योगिक स्थापना या उद्यम का नाम) को .... (दिन/माह/वर्ष) से बंद करने का निर्णय लिया है। उन कामगारों की संख्या, जिनकी सेवाएं औद्योगिक स्थापना या उपक्रम के बंद होने के कारण समाप्त हो जाएगी .....(कामगारों की संख्या) है।

2. छंटनी/बंदी का कारण है .....
.....

3. औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 (2020 का 35) की धारा 70(क)*/धारा 75 (1)* के तहत् संबंधित कामगारों को .....(दिन/माह/वर्ष) से एक महीने का आवश्यक नोटिस लिखित में दिया गया है।

या

संबंधित कामगारों को औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 (2020 का 35) की धारा 70 (क) /धारा 75 (1)* के तहत् आवश्यक नोटिस के एवज में .....(दिन/माह/वर्ष) को एक माह का वेतन दिया गया।

4. *मैं/हम* इस बात की घोषणा करते हैं कि संबंधित कामगारों को नोटिस अवधि समाप्ति पर या पहले औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 (2020 का 35) की धारा 75*/धारा 70* के तहत् उनको दिए जाने वाले बकाया प्रतिकर सहित उनके सभी देय का भुगतान कर दिया गया है*/करेंगे*।

या

मैं/हम यहां उल्लेख करते हैं कि वर्तमान में उक्त औद्योगिक स्थापना/उपक्रम/नियोक्ता के संबंध में दिवालियापन की कार्यवाही जारी है, तथा यह कि *मैं/हम* संबंधित कानूनों के तहत् प्रतिकर के साथ सभी बकाया राशि का भुगतान करेंगे।

5. (छंटनी) *मैं/हम* इस बात की घोषणा करते है कि औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 (2020 का 35) की धारा 71 और धारा 72 के अनुपालन में संबंधित कामगारों की छंटनी की गई है*/ की जाएगी*।

6. *मैं/हम* इस बात की घोषणा करते है कि इस विषय से संबंधित कोई मामला किसी न्यायालय में लंबित नहीं है, और यदि है, तो उसका ब्यौरा संलग्न है।

